

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 292 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 31 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## करोड़ों कारोबारियों को राहत, फिलहाल नहीं लागू होगा नया ई-वे बिल नियम

समाज जागरण

नई दिल्ली, 30 जुलाई। देश के करोड़ों कारोबारियों को बड़ी राहत देते हुए वस्तु एवं सेवा कर




नेटवर्क (जीएसटीएन) ने स्पष्ट किया है कि 1 अगस्त 2026 से प्रस्तावित ई-वे बिल प्रणाली का नया नियम फिलहाल लागू नहीं किया जाएगा। जीएसटीएन ने बताया कि नए प्रावधान के क्रियान्वयन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

कारोबारी संगठनों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने नए नियम को लागू करने से पहले अतिरिक्त समय देने की मांग की थी। उनका कहना था कि नई व्यवस्था के अनुरूप सॉफ्टवेयर अपडेट करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए और समय आवश्यक है।


शेष समाचार पृष्ठ-3 पर


# गाजीपुर को 692 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी

**268 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास • माफिया पर जीरो टॉलरेंस दोहराया •विकास, कानून-व्यवस्था और रोजगार को बताया सरकार की प्राथमिकता**

समाज जागरण

गाजीपुर, 30 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं, कानून-व्यवस्था और रोजगार सृजन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला।

### माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब अपराध और माफिया के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाकर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की है और कानून का राज स्थापित किया है। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में किसी को भी असलहा लहरा कर माहौल बिगाड़ने का साहस नहीं होता।

### जनप्रतिनिधियों के चयन में सतर्क रहने की अपील

योगी आदित्यनाथ ने जनता से ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुनने की अपील की जो क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य समाज सेवा और विकास होना चाहिए, न कि अपराधियों को संरक्षण देना।

### गाजीपुर की विरासत का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री ने गाजीपुर की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का उल्लेख करते हुए पौहारी बाबा, भगवान परशुराम और महर्षि जमदग्नि का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक भूमि पर माफिया संस्कृति का कोई स्थान नहीं हो सकता।

### कृष्णानंद राय हत्याकांड का जिक्र

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था, जबकि वर्तमान सरकार अपराधियों के विरुद्ध बिना भेदभाव कार्रवाई कर रही है।

### कनेक्टिविटी और विकास परियोजनाओं पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क और आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर-वाराणसी हाईवे तथा अन्य परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार पूर्वांचल



एक्सप्रेसवे को चंदौली, वाराणसी और शक्तिनगर तक जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है।

### राष्ट्रनायकों के सम्मान का मुद्दा उठाया

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर राष्ट्रनायकों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार ने महाराजा सुहेलदेव के सम्मान में बहराइच में स्मारक, प्रतिमा और मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई है तथा उनके नाम पर कई योजनाएं संचालित की हैं।

### रोजगार और किसानों के लिए योजनाओं का उल्लेख

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 9 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ओडीओपी, पीएम विश्वकर्मा योजना, मिशन रोजगार तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे किसानों, युवाओं और उद्यमियों को व्यापक लाभ मिल रहा है।

**मुख्य बिंदु**

- ✓ गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- ✓ मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था और माफिया पर जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई।
- ✓ विपक्ष पर राष्ट्रनायकों की उपेक्षा और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप।
- ✓ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सहित कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर जोर।
- ✓ युवाओं, किसानों और उद्यमियों के लिए सरकारी योजनाओं का उल्लेख।
- ✓ विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण का आह्वान।

### विकसित उत्तर प्रदेश का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने गाजीपुर की जनता से विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गाजीपुर के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की।

(इनपुटः आईएएनएस)

# ई20 पेट्रोल पूरी तरह सुरक्षित, वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद ही लागू किया गया : सरकार

**संसद में केंद्र का दावा—पुराने और नए दोनों वाहनों के लिए सुरक्षित • करोड़ों वाहनों के अनुभव में इंजन खराब होने का कोई सत्यापित मामला नहीं**

समाज जागरण

नई दिल्ली, 30 जुलाई। केंद्र सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) को देशभर में लागू करने से पहले व्यापक वैज्ञानिक परीक्षण, फील्ड ट्रायल और सभी संबंधित पक्षों से विस्तृत परामर्श किया गया। सरकार का कहना है कि निर्धारित मानकों के अनुसार ई20 पेट्रोल पुराने और नए दोनों प्रकार के वाहनों के लिए सुरक्षित है तथा इसके उपयोग से इंजन या वाहन के प्रदर्शन पर कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव सामने नहीं आया है।




### वैज्ञानिक परीक्षणों के बाद लिया गया निर्णय

लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में सुरेश गोपी ने बताया कि एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम को नीति आयोग, ऑटोमोबाइल कंपनियों, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ARAI), सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम तथा अन्य तकनीकी संस्थानों के सहयोग से वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाकर लागू किया गया।

### इंजन, माइलेज और प्रदर्शन की हुई व्यापक जांच

सरकार के अनुसार, ई20 लागू करने से पहले प्रयोगशालाओं और वास्तविक परिस्थितियों में फील्ड ट्रायल किए गए। इन परीक्षणों में इंजन की मजबूती, स्टार्टिंग क्षमता, ड्राइविंग प्रदर्शन, जंग-रोधी क्षमता, विभिन्न पुर्जों की अनुकूलता, उत्सर्जन और ईंधन दक्षता जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की गई। परीक्षणों में ई20 ईंधन को सुरक्षित पाया गया।

### पुराने वाहनों पर भी नहीं मिला प्रतिकूल असर

सरकार ने बताया कि परीक्षणों में पुराने वाहनों के प्रदर्शन में भी कोई उल्लेखनीय गिरावट दर्ज नहीं हुई। इंजन या अन्य पुर्जों में असामान्य घिसावट अथवा जंग का कोई प्रमाण नहीं मिला।

### 20 करोड़ से अधिक दोपहिया और 3 करोड़ कारें चला रहीं ई20 मिश्रित ईंधन

सरकार के मुताबिक, देश में पिछले साढ़े तीन वर्षों से ई15+ और लगभग ढाई वर्षों से ई19-ई20 मिश्रित पेट्रोल का व्यापक उपयोग हो रहा है। इस दौरान 20 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन और 3 करोड़ से अधिक पेट्रोल कारें इस ईंधन पर चल चुकी हैं, लेकिन एथेनॉल मिश्रण के कारण इंजन खराब होने का कोई सत्यापित मामला सामने नहीं आया।

### वाहन कंपनियों के सर्विस डेटा से भी पुष्टि

सरकार ने कहा कि वाहन निर्माताओं के सर्विस रिकॉर्ड में भी ई20 के कारण असामान्य जंग, पुर्जों की आयु कम होने या बड़े पैमाने पर तकनीकी खराबी का कोई प्रमाण नहीं मिला। सभी प्रमुख वाहन निमार्ता ई20 ईंधन वाले वाहनों पर वारंटी भी जारी रखे हुए हैं।

### ई20 से कम होगा प्रदूषण, बेहतर होगा प्रदर्शन

सरकार के अनुसार, एसआईएएम और एआ-रए आई के अध्ययनों में पाया गया है कि ई20 ईंधन से आधुनिक इंजनों की एक्सेलरेशन और राइड क्वालिटी में सुधार होता है। एथेनॉल का ऑक्टेन नंबर अधिक होने के कारण इंजन अधिक दक्षता से कार्य करता है और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आती है।

# खेल मंत्री मांडविया ने वर्ल्ड कप गोल्ड विजेता ईशा सिंह और नीरू ढांडा को किया सम्मानित

समाज जागरण

नई दिल्ली, 30 जुलाई। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आ-ईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह और नीरू ढांडा को सम्मानित किया। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में निशानेबाजी से देश को बड़ी उम्मीदें हैं।





मांडविया ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, खेलो इंडिया और वैज्ञानिक प्रशिक्षण जैसी योजनाओं का परिणाम है। ईशा टॉप्स के कोर ग्रुप, जबकि नीरू डेवलपमेंट ग्रुप की सदस्य हैं। हरियाणा की नीरू ढांडा ने इटली के लोनाटो में आईएस एसएफ वर्ल्ड कप की ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं, 21 वर्षीय ईशा सिंह ने चीन के हांग्जू में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इस वर्ष अपना दूसरा वर्ल्ड कप गोल्ड अपने नाम किया। (इनपुटः आईएएनएस)

# सीडब्ल्यूजी 2026: पीएम मोदी ने गावित-बासिल की ऐतिहासिक 1-2 फिनिश को सराहा, श्रीशंकर को भी दी बधाई

समाज जागरण

नई दिल्ली, 30 जुलाई। नरेंद्र मोदी ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने पैरा-एथलीट दिलीप महादु गावित और मोहम्मद बासिल मोसिंगनाकाथी को पुरुषों की टी47 100 मीटर स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही, मुरली श्रीशंकर को लगातार दूसरे कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतने पर सराहा।




दिलीप गावित ने 10.71 सेकंड के गेम्स रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बासिल ने 10.83 सेकंड के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में भारत ने ऐतिहासिक 1-2 फिनिश दर्ज की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने पुरुषों की लंबी कूद में 8.09 मीटर की छलांग लगाकर लगातार दूसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स का रजत पदक अपने नाम किया।

इस अवसर पर अमित शाह ने भी तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन को भारत के लिए गर्व का क्षण बताया। (इनपुटः आईएएनएस)

## अमेरिका ने भारत समेत चार देशों की छह संस्थाओं और व्यक्तियों पर लगाए प्रतिबंध

वॉशिंगटन, 30 जुलाई। अमेरिका ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को सहयोग देने के आरोप में भारत, चीन, रूस और ईरान से जुड़े छह संस्थाओं और व्यक्तियों पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश विभाग की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतिबंधित संस्थाओं में वे संगठन शामिल हैं, जो माहान एयर को सहयोग प्रदान करते हैं। अमेरिका का आरोप है कि माहान एयर का उपयोग आईआरजीसी द्वारा हथियार, सैन्य कर्मियों और सैन्य उपकरणों के परिवहन के लिए किया जाता है।

इसके अलावा, अमेरिका ने दादेनेगार स्टार्टअप स्टूडियो को भी निशाना बनाया है। अमेरिकी स-रकार का दावा है कि यह आईआ-रजीसी से संबद्ध एक फ्रंट कंपनी है, जो मध्य-पूर्व में अमेरिकी और इजरायली सैन्य उपकरणों के ठिकानों की जानकारी जुटाने में ईरानी सेना की मदद करती है।

# भ्रामक दावों पर एफएसएसएआई की सख्त कार्रवाई, दो स्वास्थ्य अनुपूरक उत्पादों की बिक्री पर तत्काल रोक

समाज जागरण

नई दिल्ली, 30 जुलाई। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए भ्रामक दावों, गलत लेबलिंग और खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त का-र्रवाई करते हुए 'फोलिन्यूरो सिरप (फोलिनिक अम्ल सिरप)' तथा 'न्यूहर्ब्स टू विटामिन' नामक दो स्वास्थ्य अनुपूरक उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।



प्राधिकरण ने बताया कि वाटावे हेल्थ केयर द्वारा निर्मित फोलिन्यूरो सिरप (फोलिनिक अम्ल सिरप) के नाम और उसके लेबल पर अंकित मस्तिष्क के चित्र से उपभोक्ताओं में यह भ्रम उत्पन्न होता है कि यह उत्पाद मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। जांच में यह भी पाया गया कि उत्पाद को 'पोषण संबंधी खाद्य अनुपूरक' श्रेणी में रखा गया है, जबकि खाद्य सुरक्षा एवं मानक (स्वास्थ्य अनुपूरक, विशेष आहार उपयोग के खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजन के खाद्य, कार्यात्मक खाद्य तथा न्यूट्रास्यूटिकल्स) विनियम, 2016 में ऐसी कोई श्रेणी निर्धारित नहीं है। इसे प्रथम दृष्टया खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का उल्लंघन माना गया है।

एक अन्य मामले में ग्लोबल हेल्थफिट रिटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विपणन किए जा रहे न्यूहर्ब्स टू विटामिन की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। प्राधिकरण के अनुसार, उत्पाद का नाम 'टू विटामिन' (अर्थात 'वास्तविक विटामिन') उपभोक्त-ाओं को भ्रमित कर सकता है और यह प्रचलित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने संबंधित कंपनी को निर्देश दिया है कि वह उत्पाद के लेबल और सभी विज्ञापनों से भ्रामक दावे तत्काल हटाए तथा 30 दिनों के भीतर की गई का-र्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। आदेश का पालन नहीं करने पर कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी एवं नियामकीय कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार, गलत लेबलिंग या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। (इनपुट : आईएएनएस)

# एंटी पेपर लीक विधेयक पर राज्यसभा में राघव चड्ढा का हमला, बोले- छात्रों का आंदोलन राजनीति का मंच नहीं

नई दिल्ली, 30 जुलाई। एंटी पेपर लीक विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान राघव चड्ढा ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन केवल छात्रों के हितों के लिए है और इसे किसी राजनीतिक दल की वापसी का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों के मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय स्थायी समाधान पर ध्यान देना आवश्यक है।

राघव चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि कई लोग उनसे पूछ रहे थे कि उन्होंने नीट पेपर लीक के मुद्दे पर पहले प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। इस पर उन्होंने कहा कि पहले विपक्ष में रहते हुए सरकार से सवाल पूछना उनकी जिम्मेदारी थी, लेकिन अब सत्तापक्ष का हिस्सा होने के कारण उनकी प्राथमिकता केवल सवाल उठाना नहीं, बल्कि समस्या का स्थायी समाधान प्रस्तुत करना है।

उन्होंने कहा कि कैमरों के सामने बयान देने से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे भविष्य में परीक्षा प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके। उनके अनुसार, स-रकार इसी उद्देश्य से एंटी पेपर लीक विधेयक लेकर आई है। राघव चड्ढा ने कहा कि युवाओं और छात्रों का विश्वास बनाए रखने के लिए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए कानून से प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता मजबूत होगी

# मानसून की बेरुखी और बढ़ता ग्रामीण संकट

भारत की अर्थव्यवस्था की असली धड़कन आज भी उसके गांवों और खेतों में बसती है। यही कारण है कि मानसून की चाल केवल मौसम का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों किसानों की आजीविका, देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता का भी निर्धारण करती है। समय पर और पर्याप्त वर्षा खेतों में हरियाली के साथ ग्रामीण बाजारों में रौनक लाती है, जबकि कमजोर या असमान मानसून खेती, रोजगार और आम लोगों की रसोई तक को प्रभावित करता है। वर्ष 2026 में देश के अनेक हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारतीय कृषि अब भी मानसून की दया पर निर्भर है। जून में बारिश की भारी कमी और जुलाई के अंत तक औसत से लगभग 15 प्रतिशत कम वर्षा के कारण बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई क्षेत्रों में धान, सोयाबीन सहित खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हुई है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा छोटे और सीमांत किसानों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके पास सीमित संसाधन हैं और जिनके लिए हर असफल फसल कर्ज, आर्थिक संकट और भविष्य की अनिश्चितता का कारण बन जाती है। खेती की रफ्तार धीमी पड़ने का सीधा असर खेतिहर मजदूरों के रोजगार पर भी पड़ता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ने लगता है। दूसरी ओर, कृषि उत्पादन घटने की आशंका दाल, चावल, खाद्य तेल और सब्जियों जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ाती है, जिसका सबसे अधिक बोझ गरीब और निम्न आय वर्ग उठाता है। चिंता की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन ने मानसून की अनिश्चितता को और गहरा कर दिया है। अब कहीं कुछ घंटों में मूसलाधार बारिश से बाढ़ की स्थिति बन जाती है, तो कहीं लंबे समय तक वर्षा न होने से सूखे जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। वर्षा का यह असंतुलित स्वरूप न तो भूजल का पर्याप्त पुनर्भरण होने देता है और न ही फसलों को आवश्यक नमी मिल पाती है। ऐसे में केवल अच्छी बारिश की उम्मीद करना दूरदर्शी नीति नहीं हो सकती। समय की मांग है कि वर्षा जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई, तालाबों और पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, फसल विविधीकरण तथा कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने जैसे उपायों को व्यापक स्तर पर लागू किया जाए। इसके साथ ही जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों का विस्तार, मौसम आधारित कृषि परामर्श, प्रभावी फसल बीमा, किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों और वैकल्पिक रोजगार के अवसर विकसित करने पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। स्पष्ट है कि मानसून की अनिश्चितता अब केवल प्राकृतिक चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक नीति की भी बड़ी परीक्षा बन चुकी है। यदि कृषि को मानसून पर अत्यधिक निर्भरता से मुक्त कर वैज्ञानिक, आधुनिक और टिकाऊ बनाने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ग्रामीण संकट और खाद्य असुरक्षा दोनों गहराते जाएंगे। भारत की समृद्धि का आधार उसके खेत हैं और खेतों की सुरक्षा ही देश के भविष्य की सुरक्षा है।



मिथलेश दास

# तुम्हें क्या मिलता है...!

दुनिया में कभी-भी ऐसा नहीं चलता,
दिमाग गरम रहें तो प्यार नहीं पलता।
क्यों? यूं स्वयं को इतना जला रहे हो,
दूसरों को मानसिक संत्रास दे रहे हो।

बताओ ऐसा कर तुम्हें क्या मिलता है,
क्रोध में कब प्रेम का फूल खिलता है।
अपने स्वभाव को भी दूरंदेशी बनाओ,
अपने प्रति सबके मन में प्रेम जगाओ।

मैंने माना बहुत ही कठिन है यह डगर,
सोचो कैसे चलेगा ऐसे पूरें जिंदगी भर।
कल को तुम तनहाँ ही तो रह जाओगे,
सबके प्रेम से हमेशा वंचित हो जाओगे।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**
**मो. 98260 25986**

# बदलता परिदृश्य और आरक्षण की प्रासंगिकता



महेन्द्र तिवारी

भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में आरक्षण एक ऐसा विषय है जिसकी तपिश कभी पूरी तरह शांत नहीं होती। यह एक ऐसा मुद्दा है जो समय-समय पर अपनी राख झटककर फिर से धधक उठता है। वर्तमान समय में एक बार फिर आरक्षण की बहस ने जोर पकड़ लिया है और यह पूरे देश में विमर्श के केंद्र में आ गया है। सड़कों से लेकर संसद तक और चौपालों से लेकर समाचार स्टूडियो तक हर जगह आरक्षण की ही चर्चा है। यह कोई अचानक उठी मांग नहीं है बल्कि इसके पीछे कई तात्कालिक और ऐतिहासिक कारण मौजूद हैं। आज के परिदृश्य में यह बहस सिर्फ इस बात पर नहीं हो रही है कि आरक्षण होना चाहिए या नहीं बल्कि विवाद का केंद्र यह बन गया है कि इसका स्वरूप कैसा हो इसके दायरे में कौन-कौन आए और इसका वास्तविक लाभ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक कैसे पहुंचे। यह विषय अब केवल अधिकारों की मांग तक सीमित नहीं है बल्कि यह सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने का एक बड़ा राजनीतिक हथियार भी बन चुका है।

आजादी के बाद जब भारतीय संविधान की रचना हो रही थी तब संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे समतामूलक समाज की कल्पना की थी जिसमें सदियों से पिछड़े और शोषित वर्गों को मुख्यधारा में लाया जा सके। उस समय आरक्षण की व्यवस्था को एक अस्थायी उपाय के रूप में देखा गया था जिसका मूल उद्देश्य सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों का उत्थान करना था। लेकिन समय बीतने के साथ यह व्यवस्था भारतीय राजनीति की एक स्थायी धुरी बन गई। मंडल आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद भारतीय राजनीति में जो भूचाल आया उसने देश की सामाजिक संरचना को गहरे तक प्रभावित किया। तब से लेकर आज तक आरक्षण की परिधि का लगातार विस्तार हुआ है और नई-नई जातियां इस छतरी के नीचे आने की जद्दोजहद कर रही हैं। आज की स्थिति यह है कि आरक्षण का मुद्दा केवल दलितों या आदिवासियों तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि अन्य पिछड़ा वर्ग और अब आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग भी इस व्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं।

हाल के दिनों में इस मुद्दे के फिर से तूल पकड़ने का सबसे बड़ा कारण जातीय जनगणना की मुखर होती मांग है। विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन यह तर्क दे रहे हैं कि जब तक देश में यह स्पष्ट नहीं होगा कि किस जाति की कितनी आबादी है तब तक संसाधनों और अवसरों का न्यायसंगत वितरण संभव नहीं है। उनका मानना है कि जिस्-ाकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी के सिद्धांत पर ही नीतियां बननी चाहिए। यह मांग इतनी प्रबल हो चुकी है कि कई राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर इस दिशा में कदम भी बढ़ाए हैं। जातीय जनगणना की इस मांग ने देश की राजनीति में एक नया विमर्श खड़ा कर दिया है और यह स्थापित राजनीतिक समीकरणों को चुनौती दे रहा है। इसके साथ ही कोटे के भीतर कोटे यानी आ-रक्षण के वर्गीकरण को लेकर भी एक नई बहस छिड़ गई है। यह तर्क दिया जा रहा है कि आरक्षण का लाभ कुछ चुनिंदा प्रभावशाली जातियों तक ही सिमट कर रह गया है और उसी वर्ग के भीतर मौजूद अति पिछड़ी जातियों को आज भी इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

आरक्षण के इस मुद्दे को गरमाने में न्यायिक फैसलों और टिप्पणियों की भी बड़ी भूमिका रही है। समय-समय पर अदालतों द्वारा दिए गए निर्देशों ने इस बहस को एक नई दिशा दी है। जब भी आरक्षण की सीमा को बढ़ाने या इसके भीतर नए वर्गीकरण की बात उठती है तो कानूनी और संवैधानिक अड़चनें सामने आती हैं। यह द्वंद्व समाज में एक अजीब सी बेचैनी पैदा करता है। एक तरफ वह वर्ग है जिसे लगता है कि सदियों के वंचन के बाद उसे जो अधिकार मिले हैं वे छीने जा रहे हैं या उन्हें कमजोर किया जा रहा है। दूसरी तरफ वह वर्ग है जो यह मानता है कि लगातार बढ़ते आरक्षण के कारण योग्यता की अनदेखी हो रही है और उनके लिए अवसर कम होते जा रहे हैं। यह वैचा-रक टकराव समाज को दो स्पष्ट ध्रुवों में बांटता हुआ दिखाई देता है। ऐसे में यह मुद्दा सिर्फ सरकारी नौकरियों या शिक्षा में प्रवेश का नहीं रह जाता बल्कि यह सामाजिक अस्मिता और अस्तित्व की लड़ाई बन जाता है।

आज के युवाओं के बीच आरक्षण को लेकर एक अलग ही स्तर की बहस चल रही है। एक तरफ आरक्षित वर्ग के युवा हैं जो मानते हैं कि यह उनके ऐतिहासिक अधिकारों की प्राप्ति का साधन है और सामाजिक संरचना में उनके प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का एकमात्र जरिया है। उनका संघर्ष उन अदृश्य बाधाओं से है जो समाज ने उनके सामने खड़ी की हैं। दूसरी तरफ अनारक्षित वर्ग के युवा हैं जो भारी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। जब कोई मेधावी छात्र केवल इसलिए किसी परीक्षा या प्रवेश से वंचित रह जाता है क्योंकि वह एक विशेष वर्ग में पैदा हुआ है तो उसके भीतर पनपने वाली निराशा को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह स्थिति समाज में एक मौन दरार पैदा कर रही है जो अक्सर सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियानों और कभी-कभी सड़कों पर होने वाले उग्र प्रदर्शनों के रूप में बाहर आती है। यह टकराव केवल युवाओं की मानसिक शांति को ही भंग नहीं कर रहा है बल्कि यह देश की उस सामूहिक ऊर्जा को भी विभाजित कर रहा है जिसे राष्ट्र निर्माण में लगना चाहिए था।

राजनीतिक दलों के लिए आरक्षण हमेशा से एक मुफीद मुद्दा रहा है। चुनाव चाहे पंचायत के हों या लोकसभा के जातियों का गणित हमेशा अहम भूमिका निभाता है। राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक को सुरक्षित करने और नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए इस मुद्दे को बहुत सलीके से हवा देती हैं। जब विकास रोजगार और महंगाई जैसे मुद्दों पर जवाब देना मुश्किल होने लगता है तब आरक्षण और जातीय पहचान जैसे भावनात्मक मुद्दे बहुत काम आते हैं। यह एक ऐसी बिसात है जिस पर हर दल अपनी सुविधा के अनुसार गोटियां बिछाता है। आज हम देख रहे हैं कि जो दल कल तक आरक्षण के किसी विशेष स्वरूप का विरोध करते थे वे आज राजनीतिक मजबूरियों के चलते उसी का समर्थन कर रहे हैं। यह राजनीतिक अवसरवाद इस बात का परिचायक है कि आरक्षण के मुद्दे में कितनी अपार चुनावी संभावनाएं छिपी हैं। इस पूरी प्रक्रिया में मूल समस्या कहीं पीछे छूट जाती है और पूरा जोर सिर्फ तात्कालिक लाभ उठाने पर रहता है।

इस मुद्दे का एक और महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक बनाम सामाजिक पिछड़ेपन की बहस है। एक बड़ा वर्ग यह मानता है कि आरक्षण का आधार जाति न होकर आर्थिक स्थिति होनी चाहिए क्योंकि गरीबी किसी एक जाति तक सीमित नहीं है। उनका तर्क है कि एक गरीब सवर्ण को भी उसी मदद की जरूरत है जो किसी अन्य वर्ग के गरीब को है। आर्थिक आधार पर दिए गए आरक्षण ने इस बहस को और भी जटिल बना दिया है। वहीं सामाजिक न्याय के पैरोकारों का स्पष्ट मत है कि भारतीय समाज में जाति एक ऐसी कड़वी सच्चाई है जिसे नकारा नहीं जा सकता। उनका मानना है कि पिछड़ापन केवल पैसे की कमी नहीं है बल्कि यह पीढ़ियों से चले आ रहे सामाजिक बहिष्कार और हीन भावना का परिणाम है जिसे केवल आर्थिक मदद से दूर नहीं किया जा सकता।

संस्थागत नीतियों और निजीकरण के बढ़ते प्रभाव ने भी इस बहस को एक नया आयाम दे दिया है। आज सरकारी क्षेत्र लगातार सिकुड़ रहा है और ज्यादातर रोजगार निजी क्षेत्र में पैदा हो रहे हैं। ऐसे में यह सवाल जोर शोर से उठाया जा रहा है कि क्या निजी क्षेत्र में भी आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। कुछ संगठन खुले तौर पर इसकी वकालत कर रहे हैं और उनका तर्क है कि जब देश के संसाधन सभी के हैं तो निजी क्षेत्र को भी सामाजिक न्याय के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसके विपरीत उद्योग जगत का मानना है कि निजी क्षेत्र पूरी तरह से योग्यता और दक्षता पर आधारित होता है और वहां आरक्षण लागू करने से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारतीय कंपनियां पिछड़ सकती हैं। यह एक बेहद जटिल प्रश्न है जिस पर आम सहमति बनाना फिलहाल कठिन प्रतीत होता है।

हमें यह भी सोचना होगा कि क्या केवल आरक्षण ही समाज के सभी वर्गों के उत्थान का एकमात्र उपाय है। जब तक शिक्षा व्यवस्था को इतना मजबूत और सुलभ नहीं बनाया जाता कि समाज के हाशिए पर खड़ा बच्चा बिना किसी बैसाखी के प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सके तब तक समानता का लक्ष्य अधूरा है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणवत्ता और समान अवसर सुनिश्चित किए बिना आरक्षण का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इसका लाभ वास्तव में उन्हें मिले जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है न कि उन लोगों को जो पहले से ही साधन संपन्न हो चुके हैं। आरक्षण एक औजार है साध्य नहीं और अंतिम लक्ष्य एक समरस और समतामूलक समाज का निर्माण ही होना चाहिए।

# आस्था की भव्यता अब प्रकृति को बोझ बनाती जा रही है

उत्सव कभी केवल मनुष्य के आयोजन नहीं थे; वे प्रकृति के साथ हमारी मौन आत्मीयता के प्रतीक थे। हमारी सांस्कृतिक परंपरा ने सिखाया कि आनंद तभी पूर्ण है, जब उसमें धरती, जल, वायु और समस्त जीवन के प्रति सम्मान हो। पर आज उत्सव जितने भव्य हुए हैं, उनका पर्यावरणीय बोझ भी उतना ही बढ़ा है। रोशनी, रंग और उल्लास के बीच प्लास्टिक की थैलियां, डिस्पोजेबल बर्तन और कृत्रिम सजावट हर पर्व का सामान्य हिस्सा बन चुके हैं। उत्सव समाप्त होते ही यही कचरा सड़कों, नालों, नदियों और स-ार्वजनिक स्थलों पर बिखर जाता है। सबसे बड़ी विडंबना यह नहीं कि प्लास्टिक बढ़ रहा है, बल्कि यह है कि जिस प्रकृति ने उत्सव को संभव बनाया, वही सबसे अधिक उपेक्षित रह जाती है। प्रश्न केवल प्लास्टिक का नहीं, उस सांस्कृतिक चेतना का है, जिसमें कभी उत्सव और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक थे।

सभ्यताएँ त्योहार बदलने से नहीं, उनके स्वभाव बदलने से बदलती हैं। कभी पर्वों की तैयारी मिट्टी, पत्तों, बांस, कपास और प्राकृतिक रेशों से होती थी। पूजा, प्रसाद और सजावट—सब कुछ प्रकृति से आता था और अपना उद्देश्य पूरा कर उसी में सहज विलीन हो जाता था। आज सुविधा, चमक और क्षणिक आकर्षण ने उस स्वाभाविक संतुलन को विस्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप, त्योहारों के दौरान शहरों में सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। यही कचरा नदियों में बहकर, मिट्टी में दबकर और वातावरण में फैलकर सूक्ष्म प्लास्टिक कणों में बदल जाता है। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, पर धीरे-धीरे जल, भूमि, वायु और पूरे जीवन चक्र को विषाक्त करता रहता है। सुविधा ने जीवन सरल अवश्य किया है, पर उसके पर्यावरणीय मूल्य का लेखा-जोखा आज भी अधूरा है।

समाधान भविष्य की प्रयोगशालाओं में नहीं, हमारी सांस्कृतिक स्मृति में है। भारतीय परंपरा ने प्रकृति को कभी संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का सहचर माना। इसलिए प्राकृतिक बर्तन, सजावट और पैकेजिंग केवल उपयोग की वस्तुएँ नहीं थीं, बल्कि ऐसी जीवन-दृष्टि का हिस्सा थीं, जिसमें उपभोग और संरक्षण साथ चलते थे। आज जब कुछ समुदाय सूती बैनरों, बागास की प्लेटों, प्राकृतिक रेशों और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपना रहे हैं, तो वे केवल पुराने साधन नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक विवेक को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जिसने सदियों तक प्रकृति और समाज का संतुलन बनाए रखा। यह परिवर्तन सिद्ध करता है कि उत्सव की भव्यता और पर्यावरण संरक्षण विरोधी नहीं, पूरक हैं। आधुनिकता तभी सार्थक है, जब वह परंपरा की आत्मा को सुरक्षित रखते हुए नए साधनों का वि-वेकपूर्ण चयन करे।

आस्था की सबसे बड़ी पहचान उसकी भव्यता नहीं, बल्कि उसके बाद बचने वाली स्वच्छता है। प्रत्येक धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव पवित्रता, स्वच्छता और सामूहिक अनुशासन का संदेश देता है। इसलिए यदि उत्सव स्थल प्लास्टिक मुक्त हों, प्रसाद वितरण में प्राकृतिक विकल्प अपनाए जाएँ और आयोजन के बाद सफाई को केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संस्कार माना जाए, तो पर्वों का उद्देश्य और अधिक सार्थक हो जाएगा। अनेक समुदाय इस दिशा में प्रेरक उदाहरण बन चुके हैं। उन्होंने सिद्ध किया है कि आधुनिक सुविधाओं के साथ भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहा जा सकता है। जब श्रद्धा के साथ पर्यावरण-बोध जुड़ता है, तब उत्सव केवल परंपरा का निर्वाह नहीं करते, बल्कि समाज के लिए आदर्श आचरण भी गढ़ते हैं।

प्लास्टिक ने केवल पर्यावरण को ही नहीं, हमारे कारीगरों की आजीविका को भी गहरी चोट पहुंचाई है। मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, बांस के शिल्पकार तथा सूत और प्राकृतिक रंगों से जुड़े कारीगर कभी त्योहारों की पहचान थे। प्लास्टिक आधारित वस्तुओं की बढ़ती निर्भरता ने उनकी उपयोगिता और रोजगार, दोनों को सीमित कर दिया। यदि प्राकृतिक सामग्रियों से बने उत्पादों को फिर प्राथमिकता मिले, तो स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्जा, रोजगार को विस्तार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही प्लास्टिक कचरा घटने से नगर निकायों और अपशिष्ट प्रबंधन कर्मियों पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा। यदि कचरे का पृथक्करण स्त्रोत पर ही सुनिश्चित हो, तो अपशिष्ट प्रबंधन अधिक प्रभावी और कम खचीर्ला बन सकता है। यह बदलाव पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी सशक्त आधार बन सकता है।

हर पीढ़ी केवल अपने त्योहारों का स्वरूप नहीं चुनती, वह आने वाली पीढ़ियों की विरासत भी गढ़ती है। आज के छोटे-छोटे निर्णय ही कल की पर्यावरणीय धरोहर बनते हैं। यदि सुविधा की क्षणभंगुर चमक ही उत्सवों की पहचान बन गई, तो आने वाली पीढ़ियाँ प्रदूषित जल, क्षीण होती मिट्टी और विषाक्त वातावरण की कीमत चुकाएँगी। किंतु यदि परंपरा का हाथ फिर पर्यावरणीय चेतना से जुड़ गया, तो यही पर्व प्रकृति और समाज के बीच विश्वास, संतुलन और सहअस्तित्व का नया सेतु बनेंगे। एक प्राकृतिक थैली, मिट्टी का बर्तन, पर्यावरण-अनुकूल सजावट और कचरे का पृथक्करण—ये साधारण प्रतीत होने वाले कदम ही असाधारण परिवर्तन की आधारशिला बनते हैं। विरासत केवल स्मा-रकों और ग्रंथों में नहीं बसती; वह हमारे व्यवहार, प्राथमिकताओं और सामूहिक जीवन-मूल्यों में भी जीवित रहती है।

त्योहारों की सफलता का आकलन अब केवल रोशनी और भीड़ से नहीं, बल्कि उनके पर्यावरणीय पदचिह्नों से भी होना चा-हिए। संस्कृति तभी जीवित रहती है, जब वह अपने मूल्यों को समयानुकूल अभिव्यक्ति देती रहे। पर्यावरण और धार्मिक परंपराओं में कोई टकराव नहीं; टकराव केवल उस सुविधा-प्रधान सोच से है, जिसने प्रकृति को उत्सव का सहभागी नहीं, उपभोग का साधन बना दिया। जिस दिन समाज यह स्वीकार कर लेगा कि पर्यावरण की रक्षा भी परंपराओं के निर्वाह जितनी ही पवित्र है, उसी दिन उत्सव अपने वास्तविक अर्थ में फिर जीवन का उत्सव बन जाएंगे। तब हमारे पर्व केवल हृदयों को नहीं जोड़ेंगे, बल्कि धरती को भी राहत देंगे; केवल परंपराओं का संरक्षण नहीं करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल, उर्वर मिट्टी और संतुलित प्रकृति की अमूल्य विरासत भी छोड़ जाएंगे।



प्रो. आरके जैन अरिजीत

# पेपर लीक बहस के दौरान विपक्षी दलों ने खोया सुनहरा अवसर

केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में बार -बार होने वाली पेपर लीक व अन्य गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा से ध्वनिमत से करा लिया। इस विधेयक पर बहस के दौरान यह बात स्पष्ट हो गई कि विरोधी दल छात्र हितैषी बनने का केवल दिखावा कर रहे थे। उनका वास्तविक उद्देश्य छात्रों के नाम पर संसदीय कामकाज को लटकाना, भटकाना व अटकाना ही था। कांग्रेस सहित विरोधी दलों के सांसदों ने पेपरलीक के मुद्दे पर केवल हंगामा और ओछी व गलत बयानबाजी ही करी। लोकसभा की बहस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष द्वारा छात्र आंदोलन की आड़ में देश को अराजकता की आग में झोंक कर उसमें अपनी राजनीतिक रोटिया सेंकने के सपने को चूर चूर कर दिया है। बहस के दौरान राजग गठबंधन के सांसदों ने स्पष्ट कर दिया कि पेपर लीक माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम एनडीए सरकार में ही होगा जबकि विरोधी दल पूरी तरह से दिशाहीन और विभाजित दिखाई दिए। एनडीए सांसदों ने विपक्ष को तथ्यों, तर्कों व आंकड़ों से बेअ-सर व हताश कर दिया।

अपनी आदत से मजबूर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सदन के पटल पर गलत आंकडे.रखे। पेपर लीक रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई टास्क फोर्स में शामिल डॉ वी. कामकोटि को गौ-मूत्र विशेषज्ञ क-हकर उनका उपहास उड़ाया। वी. कामकोटि के 150 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। प्रियंका गाँधी को इस बात का न केवल संसद वरन सोशल मीडिया पर भी करारा जवाब मिला। कांग्रेस को इस बात का भी दर्द हो रहा होगा कि आधार के डिजाइनर नंदन नीलेकणि जो कभी कांग्रेस के साथ थे और 2014 में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव भी लड़े थे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के साथ खड़े हैं।

कांग्रेस की बहस में रही सही धार राहुल गांधी ने संसद में इडियट और अंधभक्त भक्त जैसे अमर्यादित शब्दों का उपयोग करके कुंद कर दी और बता दिया कि अब यह मुद्दा उनके हाथ से जा चुका है। उन्होंने दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों पर गोली चलने का झूठा दावा किया और गृहमंत्री अमित शाह पर हमलावर हो गए। उन्होंने यह दावा भी कर दिया कि छात्र आंदोलन के दौरान गृह मंत्री विदेश चले गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री के काफिले में तीस गाड़ियाँ हैं। राहुल गांधी का पूरा बयान हताशा और निराशा से भरा हुआ और झूठ का पुलिंदा मात्र था। राहुल गाँधी हमेशा की तरह बहस के बजाए नौटंकी करते दिखे। खुले माइक पर माइक बंद होने का आरोप लगाया।

उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपना मुद्दा ही बदल दिया और चढ़ावा चोर, गद्दी छोड़ का नारा लगाने लगे। सपा मुखिया ने कहा कि जो लोग मंदिरों मे चढावा चोरी नहीं रोक सकते वह पेपर लीक क्या रोक पाएंगे। बहस के दौरान इंडी गठबंधन के सभी सांसद कुंठित नजर आ रहे थे।

एनडीए सांसदों ने पूरी तैयारी के साथ बहस में भाग लेकर विरोधियो व उनकी रणनीति को बेनकाब किया। विधेयक प्रस्तुत करते समय केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 2014 के पूर्व पेपर लीक जैसी तमाम घटनाओं का विवरण सदन के पटल पर रखा और फिर बांसुरी स्वराज और तेजस्वी सूर्या से लेकर अनुराग ठाकुर तक ने अपने तथ्यों से विपक्ष की पोल खोल दी। सदन में सरकार की ओर से बताया गया कि परीक्षा को लेकर देश प्रदेशों में तरह- तरह की घटनाएं होती रही हैं जिनमें पेपर लीक भी है। यह एक प्रदेश या एक सरकार तक सीमित नहीं है। 2009 में रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा, बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2010 में उत्तर प्रदेश में बीएड प्रवेश परीक्षा, 2011 में आल इंडिया एंट्रेंस एग्जाम, 2012 में एम्स दिल्ली का पेपर लीक, तमिलनाडु पब्लिक सर्विस कमीशन पेपर लीक, 2023 में महाराष्ट्र सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा पेपर लीक जैसी घटनाएं घटीं। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज अनुराग ठाकुर ने बताया कि 2014 के पूर्व यूपीए -2 के शासनकाल में 22 बार पेपर लीक की घटनाएं हुईं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार, बंगाल में टीएमसी, यूपी में सपा के शासनकाल में तो नकल माफिया का महामंत्र ही विकसित हो गया था।

अब बिल लोकसभा से पास हो चुका है, इंडी गठबंधन के नेताओं को जो कहना है जो आरोप लगाना है लगाते रहें अन्ततः नया कानून ही सच्चाई होगी। छात्रों के नाम पर बनी सीजेपी भी बेनकाब हो चुकी है। दिल्ली पुलिस ने 2000 से अधिक अपराधियों की जंतर मंतर पर उपस्थिति चिह्नित की है। छात्रों को ध्यान रखना होगा कि 1973 से लेकर 1984 तक विभिन्न छात्र आंदोलनों के दौरान कम से कम 800 छात्रों की पुलिस की गोली व लाठी से मौत हुई थी तब देश में कांग्रेस की सरकारें ही थी। गांधी परिवार परिवार छात्र आंदोलन की आड़ में केवल अपनी वंशवादी राजनीति को धार देने और देश की जनता को भ्रमित व अराजकता की आग में झोकने का काम कर रहा है।

प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नए नियम में ई-वे बिल के लिए जीएसटीआईएन की अनिवार्यता प्रस्तावित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

प्रस्तावित व्यवस्था के तहत ई-वे बिल बनाते समय 'शिप टू जीएसटी आईएन' प्रणाली लागू की जानी थी। इसके अनुसार यदि माल किसी जीएसटी पंजीकृत व्यक्ति या संस्था को भेजा जा रहा है, तो ई-वे बिल बनाते समय संबंधित प्राप्तकर्ता का जीएसटी पहचान संख्या (GSTIN) दर्ज करना अनिवार्य होता।




इसके अलावा, यदि खरीदार जीएसटी में पंजीकृत है, तो यूआरपी (URP) कोड भरने की सुविधा उपलब्ध नहीं रहती और आवश्यक विवरण दर्ज किए बिना ई-वे बिल जारी नहीं किया जा सकता।

कारोबारी संगठनों का कहना था कि अनेक छोटे एवं मध्यम उद्योग अभी इस नई व्यवस्था के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। नए नियम को लागू करने से पहले सॉफ्टवेयर में आवश्यक बदलाव, कर्मचारियों का प्रशिक्षण और तकनीकी तैयारियां पूरी करने के लिए कम से कम तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए।

जीएसटीएन के फिलहाल नियम स्थगित करने के निर्णय से व्यापारियों और परिवहन क्षेत्र को तत्काल राहत मिली है। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि संशोधित समय-सारिणी के साथ यह व्यवस्था कब लागू की जाएगी।

# नोएडा में 15 लाख रुपये की विदेशी ड्रग्स बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

## स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल के छात्रों को बेचते थे महंगे नशीले पदार्थ, नॉलेज पार्क पुलिस की बड़ी कार्रवाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये मूल्य के विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ, एक मोटरसाइकिल तथा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार, स्थानीय खुफिया सूचना और बीट पुलिसिंग की सहायता से क्राउन एक्सपो से एक्सपो मार्ट जाने वाले मार्ग पर स्थित पुलिया के पास से इमरान, दीपक कुमार, शिवम कुमार और बौबी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 1.050 किलोग्राम शिलांग गांजा, 70 ग्राम शैम्पेन एमडी, 75 ग्राम ओजी (कैलिफोर्निया वीड), 144 एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां, 63 ग्राम हैश, एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विदेशी मादक पदार्थों की आपूर्ति स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को 3,000 से 4,000 रुपये प्रति ग्राम की दर से करते थे। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों तथा इनके आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है। इस संबंध में थाना नॉलेज पार्क में एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 8/18/20/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास और ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

**मुख्य बरामदगी**

1.050 किलोग्राम शिलांग गांजा
70 ग्राम शैम्पेन एमडी
75 ग्राम ओजी (कैलिफोर्निया वीड) 144 एमडीएमए (एक्स्टेसी) गोलियां 63 ग्राम हैश एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा (स्रोतः मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# हर-हर महादेव का उद्घोष, कंधों पर आस्था लिए बढ़ चले शिवभक्त

## -योगी सरकार ने किए हैं सेवा-सुरक्षा दोनों के भरपूर इंतजाम

### -आस्था का सागर उमड़ा, शिवालयों में उमड़ी भक्ति की लहर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊः सावन का पहला दिन, न कोई थकान, न कोई चिंता, बस एक ही धुन, एक ही गूंज 'बम-बम भोले!'। कंधे पर कांवड़, होठों पर जयकारा और मन में एक अटूट विश्वास कि शिव कल्याण करेंगे। सुबह की पहली किरण के साथ ही शिवालयों में घंटियों की गूंज शुरू हो गई और भक्तों की कतारें मंदिरों के बाहर लंबी होती चली गईं। उत्तर प्रदेश के कांवड़ मार्ग श्रद्धा-आस्था से प्रकाशमान हो चले हैं। उत्तराखंड की ओर से आनेवाले कांवड़िये यूपी सीमा पर अपने सत्कार से अभिभूत हैं। काशी, अयोध्या और प्रयागराज में भी शिवभक्त लंबी यात्रा की तैयारी में जुटे हैं। सबका भरोसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर है जो हर साल ही उनके लिए हर इंतजाम करती आई है। सरकार ने इस बार भी सेवा और सुरक्षा दोनों के इंतजाम कर रखे हैं।




### कंधे का बोझ नहीं, आस्था का प्रसाद है कांवड़

कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, यह त्याग, संयम और समर्पण की एक जीती-जागती मिसाल है। यह तपस्या भगवान शिव के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। रास्ते भर लगे सेवा शिविरों में जैसे ही उनका डेरा पहुंचता है, अनजान हाथ उन्हें पानी का गिलास थमाते हैं। जाति, धर्म और भेद की कोई दीवार नहीं, बस एक ही भाव शेष है, सेवा का भाव। हरिद्वार से 131 लीटर गंगाजल लेकर बागपत की ओर बढ़ रहे कांवड़िया अभिषेक त्यागी की आंखों में गजब की चमक थी। उन्होंने कहा, 'योगी सरकार ने इस बार कांवड़ यात्रा के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। पूरे मार्ग पर सुरक्षा, सफाई, चिकित्सा और सेवा शिविरों की उत्कृष्ट व्यवस्था है। पुलिस की मुस्तैदी से श्रद्धालु निश्चिंत होकर यात्रा कर रहे हैं। इससे हमारी आस्था की यात्रा और अधिक सुगम व सुरक्षित बनी है।'

### नन्हे कदमों में अटूट श्रद्धा

इस यात्रा की सबसे मार्मिक तस्वीरें तब सामने आती हैं जब उम्र की सीमाएं भी आस्था के आगे बौनी पड़ जाती हैं। हरियाणा के कैथल निवासी महज 11 वर्ष के एक बालक ने हरिद्वार से 31 लीटर गंगाजल उठाया और अपने गंतव्य की ओर चल पड़ा। सहारनपुर के गागलहेड़ी क्षेत्र में जब यह नन्हा शिवभक्त पहुंचा, तो उसका उत्साह देखकर स्थानीय थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी स्वयं भी उसके साथ काफी दूरी तक चलते हुए उसका हौसला बढ़ाते नजर आए। यह दृश्य ऐसा लगता है जैसे योगी सरकार इस बालक का नमन कर रही हो। कांवड़ यात्रा पूरे समाज का साझा आस्था का उत्सव बन चुकी है, जिसमें प्रशासन भी भक्ति के रंग में रंग गया है।

सेवा शिविरों में बहती स्नेह की धारा मार्ग में जगह-जगह लगे सेवा शिविर इस यात्रा की आत्मा हैं। मेरठ के पूठखास गांव में शुरू हुए एक ऐसे ही शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जहां कांवड़ियों के लिए भोजन, जल और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। ऐसे सैकड़ों शिविर पूरे मार्ग पर सजे हैं, जहां स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ के दिन-रात सेवा में जुटे हैं। यही निःस्वार्थ सेवा भाव इस यात्रा को केवल एक धार्मिक परंपरा से आगे बढ़ाकर मानवता के एक महान उत्सव में बदला है।

### सीमा द्वारों से गुजरते ही होती है अलौकिक अनुभूति

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर बने भव्य सीमा द्वार, जिन्हें विशेष रूप से सजाया गया है। यहां मुख्यमंत्री ड्रोगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ियों का सत्कार हो रहा है। जैसे ही शिवभक्त इन द्वारों से गुजरते हैं, उनके मन में एक अलौकिक अनुभूति जागृत होती है, मानो पूरा उत्तर प्रदेश ही उनकी अगवानी कर रहा हो। यह क्षण हर कांवड़िए के लिए यात्रा की थकान को भुला देने वाला होता है, जहां आस्था अपने चरम पर पहुंच जाती है।

### हर कदम में गूंजता एक ही भाव 'शिवोहम्'

पंचक काल के चलते भले ही अभी कांवड़ियों की संख्या सीमित हो, लेकिन जो भी भक्त निकल पड़े हैं, उनके कदमों में कोई शिथिलता नहीं। वे जानते हैं कि उनकी यह यात्रा केवल गंगाजल ढोने की नहीं, बल्कि स्वयं को शिव तत्व से जोड़ने की है। हर हर महादेव के जयघोष के बीच, धूल भरे रास्तों पर नंगे पांव चलते ये शिवभक्त असल में यह संदेश देते हैं कि सच्ची भक्ति में न मौसम की परवाह होती है, न राह की कठिनाई की, बस मन में एक ही भाव होता है, समर्पण का, 'शिवोहम्' का। उन्हें किसी बात की चिंता नहीं। जानते हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी सुरक्षा सेवा के हर इंतजाम कर रखे हैं।

# जेवर पुलिस ने वांछित आरोपी को अवैध तमंचे के साथ किया गिरफ्तार

## होटल खाली कराने की धमकी और मारपीट के मामले में थी तलाश, हथियार भी बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 जुलाई। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना जेवर पुलिस ने होटल खाली कराने की धमकी, मारपीट और गाली-गलौज के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।




पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 मई 2026 की रात आरोपी शेखर जादौन अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और जान से मारने की धमकी देते हुए होटल खाली करने का दबाव बनाया। अगले दिन 25 मई को आरोपी दोबारा अपने साथियों के साथ आया और पीड़ित के परिजनों के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की।

शिकायत और साक्ष्यों के आधार पर थाना जेवर में मु.अ.सं. 185/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 109(1), 115(2), 351(3), 352 और 3(5) में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान थाना जेवर पुलिस ने वांछित आरोपी शेखर पुत्र श्यौराज जादौन, निवासी कस्बा जहांगीरपुर, थाना जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर, को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त .315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 के तहत भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। (स्रोत : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# नोएडा में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, सात आरोपी गिरफ्तार

## म्यूल बैंक खाते बनाकर साइबर अपराधियों को बेचते थे, देशभर में 74 शिकायतों से जुड़ा नेटवर्क

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 जुलाई। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना फेस-3 पुलिस ने साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर फर्जी कंपनियों के नाम से म्यूल बैंक खाते खुलवाकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग और निवेश (इन्वेस्टमेंट) के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराने का आरोप है।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात मोबाइल फोन, एक चेकबुक, एक स्टांप और चार लेटरहेड बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, बीट पुलिसिंग और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में अजब सिंह, प्रदीप, गुलाब सिंह लोधी, कौशल, सचिन, जिनेंद्र सिंह और प्रियंका को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी कंपनियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे और उन खातों से जुड़े मोबाइल नंबरों को अपने कब्जे में रखकर विशेष मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से आने वाले ओटीपी और बैंक संदेशों का उपयोग करते थे। इसके बाद ये खाते साइबर अपराधियों को बेच दिए जाते थे, जिनमें ठगी की रकम जमा कर निकाली जाती थी।

जांच में सामने आया है कि इन म्यूल खातों के माध्यम से देशभर में साइबर ठगी से संबंधित 74 शिकायतें दर्ज हैं। आरोपियों को साइबर ठगों से कमीशन के रूप में धनराशि मिलती थी, जिसे वे आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना फेस-3 में मु.अ.सं. 310/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 318(4), 319(2), 3(5), 61(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और साइबर नेटवर्क की जांच में जुटी है।

बरामदगी

07 मोबाइल फोन, 01 चेकबुक, 01 स्टांप, 04 लेटरहेड
(स्रोत : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# नोएडा प्राधिकरण में सीईओ कृष्ण करुणेश ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

नोएडा, 30 जुलाई। नोएडा प्राधिकरण के सेक्टर-96 स्थित



मुख्य प्रशासनिक भवन में गुरुवार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान विशेष कार्याधिकारी, महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नागरिकों की ओर से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त प्रकरणों का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

नोएडा प्राधिकरण ने कहा कि आमजन की शिकायतों के शीघ्र निस्तारण और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित की जाती रहेगी। (स्रोत : नोएडा प्राधिकरण)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# मेहंदीपुर बांगर में बिजली विभाग की मॉर्निंग रेड, तीन स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी

## चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, हाई लॉस क्षेत्रों में अभियान रहेगा जारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 30 जुलाई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने जनपद गौतमबुद्ध नगर के हाई लॉस क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए गुरुवार सुबह विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम मेहंदीपुर बांगर में तीन स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई, जबकि एक अन्य परिसर में अनधिकृत विद्युत भार मिलने पर कार्रवाई की गई। सभी मामलों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

मुख्य अभियंता (वितरण), नोएडा क्षेत्र के निर्देश पर प्रवर्तन दल प्रथम, गौतमबुद्ध नगर तथा अवर अभियंता पुष्पराज के नेतृत्व में संयुक्त रूप से यह मॉर्निंग रेड की गई।




जांच के दौरान हनीफ पुत्र गनी खान (2015 वाट), तस्लीम पुत्र आस मोहम्मद (2111 वाट) और मोनू पुत्र कालू उर्फ अहसान (2980 वाट) के परिसरों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग पाया गया। इनके विरुद्ध एंटी पावर थेफ्ट थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

अभियान के दौरान विभाग को प्राप्त दो आईजीआरएस और तीन बिजली मित्र शिकायतों का भी मौके पर निस्तारण किया गया। निरीक्षण में एक परिसर पर 1340 वाट का अनधिकृत विद्युत भार पाया गया, जिसके विरुद्ध भी धारा-135 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई।

बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि हाई लॉस क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से वैध विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने तथा बिजली चोरी की सूचना बिजली मित्र पोर्टल के माध्यम से देने की अपील की है। (स्रोत : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, नगरीय विद्युत वितरण खंड-रेड,

# ईकोटेक-3 पुलिस ने 1.2 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 जुलाई। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1.2 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की सहायता से 29 जुलाई 2026 को न्यू हॉलैंड कंपनी के गेट नंबर-2 के पास से सुदेश कुमार पुत्र तेजपाल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलोग्राम 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से ग्राम बम्बाबड़, थाना बादलपुर का निवासी है और वर्तमान में चौगानपुर, थाना ईकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था।



इस संबंध में थाना ईकोटेक-3 में मु.अ.सं. 313/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बरामदगी

1 किलोग्राम 200 ग्राम अवैध गांजा
(स्रोत : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# नोएडा पुलिस के खिलाड़ियों का सम्मान, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुलिस आयुक्त ने दिए नकद पुरस्कार

नोएडा, 30 जुलाई। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले पुलिसकर्मियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


43वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले आरक्षी विवेक गुप्ता को विभिन्न स्पधाओं में 7 स्वर्ण पदक जीतने पर 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसी प्रतियोगिता में महिला मुख्य आरक्षी रूबी मिश्रा को 3 स्वर्ण पदक जीतने पर 50 हजार रुपये, मुख्य आरक्षी रूपेश को 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतने पर 40 हजार रुपये तथा आरक्षी आकाश को 2 स्वर्ण पदक जीतने पर 40 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का निदेर्शः शहरी बाजार का विकास जारी रहेगा

## लेकिन दुकानों का आवंटन और कब्जा फिलहाल नहीं

प्रयागराज, 30 जुलाई। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शहरी बाजार के विकास कार्य को स्वीकृत लेआउट योजना के अनुसार जारी रखने की अनुमति देते हुए स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक किसी भी दुकान या स्थान का आवंटन अथवा उसका कब्जा किसी व्यक्ति के पक्ष में नहीं दिया जाएगा।




न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त 2026 निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उस तिथि तक संशोधित लेआउट योजना तथा प्रयागराज शहर के संबंधित क्षेत्र के लिए तैयार क्षेत्रीय विकास योजना न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद विकास कार्य तो जारी रहेगा, लेकिन दुकानों के आवंटन और कब्जा देने की प्रक्रिया फिलहाल न्यायालय के अगले आदेश तक स्थगित रहेगी। अब सभी की निगाहें 10 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जब संशोधित योजना के आधार पर मामले में आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# टीएमयू में वेबिनारः स्वास्थ्य और समग्र शिक्षा का आधार बनेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

## एनईपी-2020 के लक्ष्यों को साकार करने में एआई की होगी अहम भूमिका : प्रो. हरीश दुरेजा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद, 30 जुलाई। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ फामेर्सी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) की छठी वर्षगांठ के अवसर पर "उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः नवाचार, अनुसंधान और डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से एनईपी-2020 को आगे बढ़ाना" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

TMU
TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY
MORADABAD
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC





वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के फैकल्टी ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) एवं सेंटर ऑफ आईपीआर स्टडीज के निदेशक प्रो. हरीश दुरेजा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा और अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग नई दवाओं की खोज, रोगों के पूवार्नुमान, सटीक निदान और मरीजों की व्यक्तिगत देखभाल में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनईपी-2020 के तहत डिजिटल परिवर्तन को अपनाकर फामेर्सी के विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर अनुसंधान और नवाचार के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं।

प्रो. दुरेजा ने छात्रों से केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर तकनीकी कौशल विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा जारी नए फामेर्सी पाठ्यक्रम और उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समावेश पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में एआई स्वास्थ्य सेवाओं और समग्र शिक्षा का मजबूत आधार बनेगी।

कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल ने कहा कि नए पाठ्यक्रम में प्रोग्रामिंग भाषा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को शामिल किए जाने से विद्यार्थी बदलते तकनीकी परिवेश की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेंगे।

कार्यक्रम में उप-प्राचार्य प्रो. मयूर पोरवाल ने अंतिथियों का स्वागत किया, जबकि डॉ. आशीष सिंघई ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री उर्वशी सक्सेना ने किया।

# सरकारी चकरोड पर कब्जे का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग।

**शिकायतकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी, प्रशासनिक कार्रवाई न होने का लगाया आरोप।**

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शहर के वार्ड संख्या 62 स्थित अंबे नगर में सरकारी चकरोड पर कथित अतिक्रमण और निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं ने सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सरकारी चकरोड पर कथित रूप से अवैध निर्माण किया जा रहा है। उनका आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

शिकायत के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को लेखपाल, नायब तहसीलदार, नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि नाप-जोख के बाद अतिक्रमण हटाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन किसी फोन कॉल के बाद टीम बिना कार्रवाई किए वापस लौट गई।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन को मामले की जानकारी होने के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन और जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

कुछ शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति पर कब्जे का आरोप है, वह स्वयं को प्रभावशाली बताकर कार्रवाई प्रभावित करने की बात करता है तथा नगर निगम चुनाव में पार्षद पद का प्रत्याशी भी रह चुका है।

हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासन एवं आरोपित पक्ष का आधिकारिक पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# 5 विक्रेताओं को नोटिस और 3 लाइसेंस निलंबित।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सुमित कुमार चौहान जिला कृषि अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा तहसील सिरसागंज क्षेत्र अंतर्गत उर्वरक की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रताप खाद भंडार काठफोरी एवं श्री राधा कृष्ण खाद एवं बीज भंडार सिरसागंज से 2 उर्वरक नमूने गृहित किए गए ' रेट स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित न करने, स्टॉक एवं विक्रय पंजिका अद्यतन ना रखना एवं सही प्रकार से सूचनायें न भरने के कारण कृषक सेवा केंद्र कथफोरी एवं प्रशांत ट्रेडर्स सराय मुरलीधर, राधा कृष्णा बीज एवं खाद भंडार सिरसागंज, करिश्मा खाद भंडार सिरसागंज, आर. ऐस. खाद भंडार काठफोरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही प्रताप खाद भंडार काठफोरी पर बिना पॉस मशीन से विक्रय करने पर, प्रबल खाद भंडार सिरसागंज पर स्टॉक दूसरी दुकान मे रखने और स्टॉक विक्रय पंजिका न पाए जाने पर उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किये गए तथा बघेल खाद बीज भंडार काठफोरी द्वारा जाँच टीम को मौके पर देख कर दुकान बंद कर दी गयी जिसके कारण निरीक्षण नहीं किया जा सका जिस कारण से दुकान के लाइसेंस को अग्रिम आदेश तक निलंबित किया गया है

जनपद मे उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है विक्रताओं को किसानों को यूरिया एवं ऊवक के वैकल्पिक उर्वरकों के बारे मे किसानों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया विक्रेताओं को रेटबोर्ड स्टॉक बोर्ड स्टॉक बिक्री पंजिका अधतन रखने हेतु निर्देशित किया गया संस्तुत मात्रा व जोत वही के अनुसार वितरण करने हेतु निर्देशित किया

सभी विक्रेताओं को शत प्रतिशत ढ़डर मशीन के माध्यम से जोत वही और फसल की संस्तुत मात्रा के अनुसार



वितरण हेतु निर्देशित किया गया उर्वरकों का वितरण निर्धारित दरों पर किया जाये और टैगिंग ना की जाये '

जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी, टैगिंग, ओवररेटिंग अथवा बिना अभिलेख बिक्री जैसी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक अधिनियमों के अंतर्गत कठोर वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की सतत निगरानी की जा रही है तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जनपद में यूरिया 17685 मीट्रिक टन, डीएपी 6886 मीट्रिक टन, एनपीके 3421 मीट्रिक टन, एम ओ पी 5361 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 1951 मीट्रिक टन उपलब्ध है। उर्वरकों की रैक लगातार जनपद में प्राप्त हो रही हैं तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं है।आज शिकोहाबाद रेक पर एच यू आर एल कंपनी की यूरिया की रेक प्राप्त हुयी जिसे समितियों और निजी विक्रेताओं को आपूर्ति कराई गयी

उन्होंने जनपद के समस्त कृषक भाइयों से अपील की है कि खरीफ फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक क्रय करें तथा भविष्य के लिए अनावश्यक भंडारण न करें। उर्वरक खरीदते समय विक्रेता से रसीद अवश्य प्राप्त करें। खरीफ मौसम हेतु उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर किसान जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नंबर 9084557126 पर संपर्क कर सकते हैं।

# तड़पती रही मासूम, भर्ती को रात में ट्रॉमा सेंटर और 100 शैय्या अस्पताल के चक्कर लगाते रहे परिजन।

## एक सप्ताह से उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित तीन वर्षीय बच्ची को नहीं मिला उपचार, दादी ने चिकित्सक पर लगाए गंभीर आरोप।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का एक और मामला सामने आया है। एक सप्ताह से उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित तीन वर्षीय बच्ची को भर्ती कराने के लिए उसके परिजन बृहस्पतिवार रात ट्रॉमा सेंटर और 100 शैय्या अस्पताल के बीच भटकते रहे। परिजन का आरोप है कि कागजी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी बच्ची को भर्ती नहीं किया गया। ट्रॉमा सेंटर से पर्चा बनवाने के नाम पर उन्हें इधर-उधर भेजा जाता रहा। आखिरकार मासूम को समय पर इलाज नहीं मिल सका।



नई आबादी थाना उत्तर निवासी राहुल की तीन वर्षीय बेटी वंशिका पिछले करीब एक सप्ताह से उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित है। उसकी दादी पूजा वर्मा ने आरोप लगाया बृहस्पतिवार रात वह वंशिका को लेकर 100 शैय्या अस्पताल पहुंचीं। वहां स्टाफ ने भर्ती के लिए फाइल तैयार कर अन्य कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने आकर ट्रॉमा सेंटर से पर्चा बनवाकर लाने को कह दिया। आरोप है कि बृहस्पतिवार सुबह निजी पैथोलॉजी में कराई गई जांच रिपोर्ट भी चिकित्सक ने मानने से इनकार कर दिया। जब वे ट्रॉमा सेंटर पहुंचे तो वहां से उन्हें दोबारा 100 शैय्या अस्पताल भेज दिया गया। बाद में चिकित्सक ने एक पर्चे पर इंजेक्शन लिखकर लगवाने की सलाह दी, लेकिन बच्ची को भर्ती नहीं किया।

दादी पूजा वर्मा का आरोप है कि उन्होंने बच्ची की हालत गंभीर बताते हुए कई बार भर्ती करने की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्हें इधर-उधर भेजा जाता रहा। रात में वह और बच्ची के चाचा रानू मासूम को गोद में लेकर ट्रॉमा सेंटर और 100 शैय्या अस्पताल के बीच भटकते रहे, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिल सका। घटना के बाद जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 70 जूनियर रेजिडेंट, मरीजों को मिलेगा त्वरित इलाज।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शासकीय सेवा बॉन्ड के तहत नियुक्त 70 नॉन पीजी जूनियर रेजिडेंट्स ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में चिकित्सकों की तैनाती से मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। इमरजेंसी, ओपीडी और वार्डों में मरीजों को पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से उपचार मिलने की उम्मीद है।



उत्तर प्रदेश शासन एवं चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय के निर्देश पर नियुक्त सभी 70 चिकित्सकों ने 30 जुलाई तक अपना योगदान पूरा कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मेडिकल कॉलेज में नवागत चिकित्सकों के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल ने सभी जूनियर रेजीडेंट्स का स्वागत करते हुए कहा कि फिरोजाबाद और आसपास के जिलों से आने वाले मरीजों को बेहतर एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सकों से पूरी निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ सेवाएं देने का आह्वान किया।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि 70 जूनियर रेजिडेंट्स की तैनाती से इमरजेंसी, ओपीडी और विभिन्न वार्डों में चिकित्सकीय सेवाएं अधिक प्रभावी होंगी। इससे मरीजों की देखभाल व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा और अस्पताल का कार्यभार भी बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगा।

# समाजवादी पार्टी ने ब्रह्मा जी के मानस पुत्र राजा दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाई।

**समाज समाज -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर ब्रह्मा जी के मानस पुत्र राजा दक्ष प्रजापति की जन्म जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवराज यादव और संचालन प्रताप सिंह गोला ने जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के बोलते हुए का अधिकांश पुराणों (जैसे शिव





पुराण और विष्णु पुराण) के अनुसार, दक्ष प्रजापति भगवान ब्रह्मा के दाएं अंगूठे से उत्पन्न हुए थे। इसलिए वे ब्रह्मा जी के सीधे मानस पुत्र (मन से उत्पन्न) हैं। शिकोहाबाद विधायक डॉ मुकेश वर्मा ने बोलते हुए कहा धार्मिक पौराणिक कथाओं के अनुसार दक्ष प्रजापति कुम्हार नहीं, बल्कि भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र (दाहिने अंगूठे से उत्पन्न) और एक महान प्रजापति (सृष्टि के रचनाकार) थे। हालांकि, आधुनिक काल में भारत के कई क्षेत्रों में कुम्हार समाज सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव के प्रतीक के रूप में खुद को दक्ष प्रजापति का वंशज मानता है और 'प्रजापति' उपाधि का उपयोग करता है। कार्यक्रम में सर्वश्री मौजूद थे रामवीर सिंह यादव पूर्व विधायकपूर्व विधायक अजीम भाई अश्विनी यादव सुशील गुरुजी श्रीनिवास प्रजापति संदीप प्रजापति मनोज कुमार गोला सोनवीर सिंह यादव शिवराज सिंह यादव दिलीप यादव रामबाबू प्रजापति उमेश प्रजापति सुरजीत यादव रामू यादव आरपी सिंह रुमा यादव पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन देवी सविता अशोक यादव जिला पंचायत सदस्य धर्मवीर प्रजापति दीपू यादव नरेशन नरेशन संखवार आदि लोगों उपस्थित रहे।

# पुष्पेंद्र कुमार मौर्य ने जूलॉजी विषय में पहली पीएचडी उपाधि प्राप्त कर रचा इतिहास

**समाज जागरण**

चन्दौसी। संभल जनपद के ग्राम रीठ तहसील चन्दौसी निवासी पुष्पेन्द्र कुमार मौर्य (पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) ने आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के जूलॉजी (प्राणी विज्ञान) विभाग से सफलतापूर्वक पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विशेष बात यह है कि जूलॉजी विषय में आईएफटीएम विश्वविद्यालय से यह पहली पीएचडी उपाधि है, जिससे विश्वविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।





डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार मौर्य ने अपना शोध कार्य डॉ. स्मिता ज्योति, सहायक आचार्य, प्राणी विज्ञान विभाग, आईएफटीएम विश्वविद्यालय के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय कृषि में प्रयुक्त फफूंदनाशी डाइथेन एम-45 का मीठे पानी की मछली (रोहू) पर विषाक्त प्रभाव एवं जैव-रासायनिक परिवर्तनों का अध्ययन रहा। यह शोध पर्यावरण संरक्षण, जलीय जैव विविधता तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

डॉ. मौर्य के शोध कार्य से संबंधित दो शोध-पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार मौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शोध निर्देशक, विश्वविद्यालय प्रशासन, गुरुजनों, माता राजेश कुमारी मौर्य तथा परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग और आशीर्वाद को दिया।

# स्योहारा बार एसोसिएशन का हुआ गठन, अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से चुनी नई कार्यकारिणी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नगर के जैन पाठशाला स्कूल में स्योहारा बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बार एसोसिएशन को अधिक मजबूत, संगठित तथा अधिवक्ताओं के हितों के संरक्षण के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी के गठन पर विस्तार से चर्चा की।



विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से एडवोकेट संदीप शर्मा उर्फ सीटू को अध्यक्ष, एडवोकेट तुषार रघुवंशी को महासचिव, एडवोकेट मनोहर यादव को उपाध्यक्ष तथा एडवोकेट फरहा नाज को कोषाध्यक्ष चुना गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित अधिवक्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर स्वागत किया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सशक्त और सक्रिय बार एसोसिएशन न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सभी अधिवक्ताओं ने संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ाने तथा न्यायिक कार्यों में आपसी सहयोग की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट संदीप शर्मा उर्फ सीटू को एक मिलनसार, सरल स्वभाव और कर्मठ अधिवक्ता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने वर्षों से अपने व्यवहार, न्यायिक कार्यों के प्रति समर्पण तथा साथी अधिवक्ताओं के साथ समन्वय बनाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा बार और न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगी।

इस अवसर पर विनीत कुमार शर्मा एडवोकेट, मोहम्मद अहमद एडवोकेट, तेजपाल सिंह एडवोकेट, निमिष जैन एडवोकेट, फईम अहमद एडवोकेट, अचल वर्मा एडवोकेट, रोहित रस्तोगी एडवोकेट, शालिनी सिसोदिया एडवोकेट, कपिल शर्मा एडवोकेट, गौरव कुमार एडवोकेट, कासिफ खान एडवोकेट, मनोहर यादव एडवोकेट, उदितराज वर्मा एडवोकेट, निर्मित चौहान एडवोकेट, लव जोशी एडवोकेट, पूजा दिवाकर एडवोकेट, राहुल त्यागी एडवोकेट, कौशल चौहान एडवोकेट, मनोज छाबड़ा एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की एकता, अधिवक्ताओं के सम्मान और न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

ध्यान दें कि मैंने अध्यक्ष के बारे में केवल सामान्य और सकारात्मक बातें लिखी हैं। उनके बारे में ऐसी उपलब्धियाँ या गुण शामिल नहीं किए हैं जिनका स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं है। यदि उनके किसी विशेष सामाजिक या पेशेवर योगदान की पुष्टि हो, तो उसे भी समाचार में जोड़ा जा सकता है।

# गांव उमरी में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर बुधवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में क्षेत्र के विभिन्न धर्मस्थलों पर भंडारों के आयोजन किए गए।

इसी के चलते क्षेत्र के गांव उमरी स्थित मां काली के आश्रम पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।





यहां भंडारे से पूर्व हवन पूजन का कार्य स्थानीय निवासी पंडित विपिन कुमार शर्मा द्वारा पूरी विधि विधान के साथ किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख शांति समृद्धि की कामना की। वहीं महिलाओं ने भी सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किये। जिससे वातावरण भक्ति मय हो गया। भंडारे में बने दाल चावल व हलवे के प्रसाद का सर्वप्रथम भोग मां काली आश्रम पर स्थित सभी देवी देवताओं व गांव में स्थित गंजू दास नामक, बड़ा मंदिर और पीपल देवता पर लगाया गया। भंडारे में सर्वप्रथम ब्राह्मणों को भोजन ग्रहण कराया गया। उसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया।भंडारे में महिलाओं पुरुष युवक युवतियों बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया।इस अवसर पर सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लिया।भंडारे में सभी समाज ने अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग किया।

# संभल में हरिहर और पातालेश्वर मंदिर मार्ग अति संवेदनशील घोषित, कांवड़ यात्रा के लिए अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था

**12,456 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, 2,017 पुलिसकर्मी तैनात, पिछले पांच वर्षों से डूबने की एक भी घटना नहीं**

**समाज जागरण**

संभल। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुगम और निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए संभल जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थागत तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन ने हरिहर मंदिर और पातालेश्वर मंदिर मार्ग को अति संवेदनशील घोषित करते हुए पूरे जिले में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पिछले पांच वर्षों से कांवड़ यात्रा के दौरान डूबने की एक भी घटना नहीं होने का रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए गंगा घाटों पर गोताखोरों, पीएसी और पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है।

डीएम कार्यालय के वरिष्ठ सहायक पवन प्रताप सिंह के अनुसार, पूरे जिले को पांच जोन में विभाजित कर 12,456 सीसीटीवी कैमरों और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। नौ प्रमुख कांवड़ मार्गों पर विशेष मजिस्ट्रेट, 17 थानों में शिफ्टवार मजिस्ट्रेट तथा प्रमुख शिव मंदिरों पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिले में 2,017 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। इनमें क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आरक्षी, महिला पुलिसकर्मी, पीएसी, यातायात पुलिस और यूपी-112 की टीमें शामिल हैं। प्रमुख मंदिरों, गंगा घाटों और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। जिले में 19 डायवर्जन प्वाइंट, 20 पब्लिक एड्रेस सिस्टम और चार वॉच टावर भी स्थापित किए गए हैं।

कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग ने 130.33 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्गों को गड्ढामुक्त कराया है। विद्युत विभाग ने 1,775 बिजली के पोल सुरक्षित किए हैं, 233 ट्रांसफॉर्मरों की बैरिकेडिंग कराई है तथा ढीले तारों और झुके पोलों को दुरुस्त किया है। मार्गों, शिवालयों और गंगा घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया है। राजघाट, संकरा घाट, साधुमुणि, असदपुर और हरिबाबा बांध घाट पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक और गोताखोर तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने प्रमुख मार्गों एवं मंदिरों पर 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल टीमें और 102 तथा 108 एंबुलेंस को अलर्ट मोड पर रखा है।

प्रशासन ने पूर्व वर्षों में हुई सड़क दुर्घटना, कांवड़ पर अभद्रता और मारपीट जैसी घटनाओं का विश्लेषण करते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की है। कांवड़ मार्ग के प्रवेश बिंदु से पातालेश्वर मंदिर तक के मार्ग को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। हरिहर मंदिर परिसर में भी विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि जनपद में कांवड़ यात्रा को "जीरो एरर" योजना के तहत संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पूरे मार्ग पर प्रशासन की सतत निगरानी रहेगी।

# असमोली में नवागत बीडीओ आकाश कुमार गंगवार ने कार्यभार, संभालने के बाद पहली बैठक में दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

सम्भल। विकास खंड असमोली में नवागत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) आकाश कुमार गंगवार ने पदभार ग्रहण करने के बाद ब्लॉक कार्यालय में अधिकारियों, पंचायत सचिवों और कर्मचारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने, पारदर्शिता बनाए रखने और जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





27 जुलाई को कार्यभार संभालने वाले वर्ष 2024 बैच के अधिकारी आकाश कुमार गंगवार की बीडीओ के रूप में यह पहली नियुक्ति है। बैठक में उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। शिकायत का निस्तारण करने से पहले संबंधित शिकायतकर्ता से संपर्क कर समस्या की वास्तविक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों तक हर हाल में पहुंचाया जाए। श्रावण मास को देखते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को कांवड़ यात्रा मार्गों और क्षेत्र के सभी शिवालयों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान बीडीओ ने ब्लॉक मिशन मैनेजर को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को अधिक से अधिक संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।

बैठक में कुलदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, सौरभ सिरोही, रोहताश कुमार, रंजीत सिंह, कोनाल सिंह, ओमवीर सिंह, पवन शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रविकांत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, रमन कुमार, शिव कुमार, कपिल कुमार, मुकेश कुमार, वीर सिंह, तेजपाल सिंह सहित ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# बी-पैक्स खिरकवारी व हिम्मतपुर के कैडर सचिव कृष्णपाल सिंह निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई जिला प्रशासनिक समिति/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, सम्भल के सदस्य सचिव ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जारी आदेश के अनुसार बी-पैक्स खिरकवारी एवं हिम्मतपुर, विकास खण्ड जुनावई के कैडर सचिव कृष्णपाल सिंह को विभागीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत अनन्तिम एवं अंतिम जांच आख्या (दिनांक 09 जुलाई 2026) में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि कृष्णपाल सिंह द्वारा समिति पर नियमानुकूल कार्य न करने तथा अपने दायित्वों का विधिवत निर्वहन न किए जाने के दृष्टिगत यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका संबंध बी-पैक्स हिम्मतपुर से रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही, कृष्णपाल सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार करने के लिए अपर जिला सहकारी अधिकारी, तहसील गुन्नौर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि बी-पैक्स हिम्मतपुर एवं खिरकवारी, विकास खण्ड जुनावई पर कृष्णपाल सिंह के कार्यकाल की विस्तृत जांच कर एक पक्ष के भीतर साक्ष्यों सहित आरोप पत्र तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत करें। यह आदेश जिला प्रशासनिक समिति, सम्भल की आगामी बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में जारी किया गया है।

# बाइक-स्कूटी भिड़ंत में महिला और दो बच्चों सहित पांच घायल

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) नाहिद कॉलोनी के पास बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में एक महिला और दो बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। एंबुलेंस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक आठ वर्षीय बच्चे और दो युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव नंगलाराई निवासी 28 वर्षीय इकरार अपनी बहन गुलिस्ता (35) और उसके बेटे समद (8) को बाइक द्वारा ससुराल गंगोह के गांव शाहपुर में छोड़ने जा रहा था। तभी नाहिद कॉलोनी के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी की बाइक में भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार इकरार और उसकी बहन गुलिस्ता तथा भांजा समद के अलावा स्कूटी सवार गांव जहानपुरा निवासी दिव्यांग सरवर (32) व उसका भांजा जैद (9) निवासी बढई माजरा थाना गंगोह घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस में मौके पर पहुंचकर घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने भी अस्पताल में पहुंचकर हादसे के संबंध में जानकारी हासिल की। वहीं, अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते इकरार, समद व सरवर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल

**समाज जागरण**

कैराना। बुधवार रात करीब नौ बजे गांव खुरगान निवासी 18 वर्षीय उमैर अपने दो साथियों के साथ बाइक द्वारा पानीपत में पायदान बनाने की फैक्ट्री में जा रहा था। हरियाणा साइड सनौली के पास पिकअप गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण उमैर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक पर पीछे बैठे दोनों साथी बाल–बाल बच गए। हरियाणा पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते परिजन घायल को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है।बाइक–स्कूटी भिड़ंत में महिला और दो बच्चों सहित पांच घायल

कैराना।(फुरकान जंग) नाहिद कॉलोनी के पास बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में एक महिला और दो बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। एंबुलेंस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक आठ वर्षीय बच्चे और दो युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव नंगलाराई निवासी 28 वर्षीय इकरार अपनी बहन गुलिस्ता (35) और उसके बेटे समद (8) को बाइक द्वारा ससुराल गंगोह के गांव शाहपुर में छोड़ने जा रहा था। तभी नाहिद कॉलोनी के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी की बाइक में भिड़ंत हो गई, जिससे बाइक सवार इकरार और उसकी बहन गुलिस्ता तथा भांजा समद के अलावा स्कूटी सवार गांव जहानपुरा निवासी दिव्यांग सरवर (32) व उसका भांजा जैद (9) निवासी बढई माजरा थाना गंगोह घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस में मौके पर पहुंचकर घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने भी अस्पताल में पहुंचकर हादसे के संबंध में जानकारी हासिल की। वहीं, अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते इकरार, समद व सरवर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# कांवड़ मार्ग पर सफाई कर्मचारी से मारपीट, दुकान संचालक पर मुकदमे की मांग

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**



कांवड़ यात्रा-2026 के मद्देनजर चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद के एक सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट का मामले में पालिका कर्मियों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर पालिका के

अधिशासी अधिकारी ने कोतवाली शामली में तहरीर देकर आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।तहरीर के अनुसार, 29 जुलाई की शाम करीब 4:30 बजे वर्मा मार्केट के सामने कांवड़ मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान ओम एंड सन्स कसेरवा वाले नामक दुकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। आरोप है कि दुकान संचालक ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए नगर पालिका के सफाई कर्मचारी राजकुमार पुत्र पीतम के साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर दी।मारपीट में घायल सफाई कर्मचारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें बताई गई हैं। अधिशासी अधिकारी ने अपनी तहरीर में आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांवड़ यात्रा में सफाई मित्रों को मिली पीपीई किट, पालिका ने सुरक्षा के साथ स्वच्छता पर दिया जोर

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**



कांवड़ यात्रा के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सफाई मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने गुरुवार को सफाई कर्मियों को पीपीई किट वितरित की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने कहा कि श्रावण मास में लाखों कांवड़िये शामली से होकर अपने गंतव्य की ओर गुजरते हैं। ऐसे में शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि सफाई मित्र दिन-रात मेहनत कर शहर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, इसलिए उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि कांवड़ यात्रा के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और स्वच्छ शामली, सुंदर शामली एवं स्वस्थ शामली के संकल्प को सफल बनाने में सहयोग करें।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए नगर के सभी 25 वार्डों के सफाई सुपरवाइजरों तथा करीब 200 सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित की गई है। किट में दस्ताने, मास्क, रिफ्लेक्टिव जैकेट सहित अन्य सुरक्षा उपकरण शामिल हैं, जो सफाई कर्मियों को संक्रमण, रसायनों और कार्य के दौरान होने वाले संभावित खतरों से सुरक्षा प्रदान करेंगे।पालिका प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मजदूर घायल

**समाज जागरण**

कैराना। बुधवार रात करीब नौ बजे गांव खुरगान निवासी 18 वर्षीय उमैर अपने दो साथियों के साथ बाइक द्वारा पानीपत में पायदान बनाने की फैक्ट्री में जा रहा था। हरियाणा साइड सनौली के पास पिकअप गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण उमैर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक पर पीछे बैठे दोनों साथी बाल–बाल बच गए। हरियाणा पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत के चलते परिजन घायल को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र में महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ



आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, थाना आदर्शमंडी क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर थाना आदर्शमंडी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।इसी क्रम में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला अपराधों से जुड़े वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान मे थाना आदर्शमंडी पुलिस ने आरोपी अजय पुत्र महावीर निवासी हरदेव पुरी, शाहदरा (दिल्ली) को गिरफ्तार कर लिया। और गुरुवार को आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# साइबर क्राइम थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार ठग गिरफ्तार

## --दो मामलों में अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, लाखों की धोखाधड़ी का खुलासा

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

साइबर क्राइम पुलिस ने दो अलग-अलग साइबर ठगी के मामलों का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 4,120 रुपये नकद, छह डेबिट,क्रेडिट कार्ड, चार सिम कार्ड, दो पैन कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह बीमा, निवेश, डिजिटल मार्केटिंग और कमीशन का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी करता था।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 29 जून 2026 को शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक निवासी कामिनी ने शिकायत दी थी कि अज्ञात साइबर ठगों ने उसकी मां को बीमा पॉलिसी की राशि दिलाने का झांसा देकर बंधन बैंक खाते से 4.90 लाख रुपये ठग लिए। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों और डिजिटल ट्रांजैक्शन के आधार पर गौतमबुद्धनगर निवासी करण उर्फ अशोक, गाजियाबाद निवासी रंजित कुमार सारस्वत और



राजीव बंसल की संलिप्तता सामने आई। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों ने Clicknestle Digital Marketing (OPC) Private Limited नाम से फर्जी कंपनी बना रखी थी। गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर और कम पढ़े-लिखे लोगों के नाम से बैंक खाते खुलवाकर उनमें साइबर ठगी की रकम मंगवाता था। इसके बाद एटीएम, चेक और बैंक शाखाओं के माध्यम से रकम निकालकर आपस में बांट ली जाती थी, जिससे जांच एजेंसियों से बचा जा सके।दूसरे मामले में जांच के दौरान हरियाणा के यमुनानगर निवासी साकिर अली के एसबीआई खाते में साइबर ठगी के आठ लाख रुपये आने और बाद में निकासी किए जाने का खुलासा हुआ। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि उसके खाते के खिलाफ महाराष्ट्र, राजस्थान और कर्नाटक से तीन साइबर शिकायतें दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति के कहने पर उसने 10 प्रतिशत कमीशन के लालच में अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था। खाते में आई करीब आठ लाख रुपये की राशि उसने चेक और एटीएम से निकालकर अधिकांश रकम संबंधित व्यक्ति को सौंप दी थी, जबकि करीब 80 हजार रुपये कमीशन के रूप में अपने पास रख लिए थे।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 4,120 रुपये नकद, छह डेबिट/क्रेडिट कार्ड, चार सिम कार्ड, दो पैन कार्ड, एक बैंक पासबुक, दो चेकबुक और एक हस्ताक्षरित चेक बरामद किया है। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों तथा साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश में जुटी है।

## ऑपरेशन सवेरा: 60 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सवेरा' अभियान के तहत झिंझाना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ




तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 275 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन में गुरुवार को झिंझाना पुलिस ने चौसाना निवासी तौसीन पुत्र निसार और जाहुल पुत्र इकबाल को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। स्मैक तस्करी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों के संबंध में भी जांच जारी है।

# कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ पर अलर्ट, शामली में रूट डायवर्जन लागू; प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**



सावन मास के शुभारंभ के साथ ही जनपद में कांवड़ियों की आवाजाही तेज हो गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। कांवड़ मार्गों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि शहर में भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है।पुलिस प्रशासन ने शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजना शुरू कर दिया है। वहीं, शहर से होकर गुजरने वाली यात्री बसों को सहारनपुर हाईवे स्थित गोल चक्कर पर नियंत्रित किया जा रहा है। साईं मंदिर से करनाल हाईवे तक सामान्य वाहनों को जाने की अनुमति है, जबकि इसके आगे शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है।कांवड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुजफ्फरनगर हाईवे, बनत कस्बा, तहसील चौराहा, एमएसके रोड, एसटी तिराहा, गुरुद्वारा रोड, धीमानपुरा, भिक्की मोड़, शिव चौक, वीवी इंटर कॉलेज रोड, फव्वारा चौक और कैराना रोड सहित प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर कांवड़ियों के लिए अलग लेन आरक्षित की गई है। इन मार्गों पर पुलिस और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से लगातार निगरानी कर रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे रूट डायवर्जन का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। साथ ही, शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर लगातार गश्त की जा रही है, जिससे कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

# पति समेत जेठों पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप, विवाहिता ने दी तहरीर

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, छेड़छाड़ और हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब सात वर्ष पूर्व उसकी शादी गाजियाबाद जनपद के कस्बा लोनी निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता है, जबकि उसके दो जेठ उस पर बुरी नीयत रखते हुए छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है।विवाहिता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके दोनों बच्चों को उससे अलग कर लिया और गले में फंदा लगाकर हत्या का प्रयास भी किया। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के बाद मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया तथा मायके छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मैं मामले में पीड़ित विवाहिता को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## उधारी के 10 लाख मांगने पर जानलेवा हमला

**समाज जागरण कैराना।**

मोहल्ला छड़ियान निवासी जुबैर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला अंसारियान निवासी उसके रिश्तेदार शहजाद और उसकी पत्नी रेशमा ने उससे 10 लाख रुपये उधार लिए थे। बुधवार दोपहर करीब एक बजे जब वह अपने साथी रहबर के साथ अपने पैसे वापस मांगने गया, तो शहजाद और उसकी पत्नी रेशमा ने उसे घर के अंदर बुला लिया। घर के अंदर पति पत्नी के अलाव सलीम और वासिफ ने उसके साथ गाली–गलौज की। विरोध करने पर लाठी–डंडों से मारपीट करते हुए गला घोटकर जान से करने का प्रयास किया। शोर शराबा होने पर अन्य लोग आ गए, जिन्होंने उसकी जान बचाई। मामले में पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटना में बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र के खजुराहार गांव में बहन के साथ हो रही छेड़छाड़ का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। विरोध से नाराज दबंग युवकों ने *शिवम कुमार* पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है।घायल शिवम कुमार (पिता- सुजीत कुमार) ने बताया कि उसकी बहन गांव के ही एक सरकारी विद्यालय में पढ़ने जाती है। स्कूल आने-जाने के दौरान कुछ मनचले युवक लगातार उसके साथ छेड़छाड़ करते थे। इस गंदी हरकत का जब कई बार विरोध किया गया और समझाया-बुझाया गया, तो आरोपी नहीं माने। शिवम के अनुसार, जब उसने इस बार कड़ा विरोध जताया, तो आरोपित अपने दो-तीन साथियों के साथ मिलकर रास्ते में घात लगाकर बैठ गया और घेरकर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वहीं, पीड़ित युवक की माता ने बताया कि बदमाशों की इस हरकत से पूरा परिवार दहशत में है। बेटे द्वारा बहन की इज्जत बचाने का विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से चाकू से गोद डाला। इस दुस्साहसिक घटना के बाद से खजुराहार गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। परिजनों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की जल्द

से जल्द गिरफ्तारी हो और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल युवक का बयान दर्ज किया है और आरोपियों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रधानपति को पीटने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। गांव पावटीकलां की ग्राम प्रधान साजिदा ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 जुलाई सुबह करीब दस बजे उसका पति जावेद किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि अमजद के खेत के पास गांव के ही चार सगे भाइयों वकील, तसव्वर, अमजद और मुनबार ने उसके पति को रोक लिया तथा गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके पति के पैर में फ्रैक्चर आ गया। उक्त मामले में पुलिस ने झगड़ा होने पर पूर्व में आठ लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया था। प्रधानपति समेत अन्य लोगों के विरूद्ध मुकदमा भी दूसरे पक्ष ने दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गंगेरू में बंदरों का आतंक, यूकेजी की छात्रा पर हमला कर किया घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू की गुजरान पट्टी मोहल्ले में आवारा बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदरों के झुंड ने घर के बाहर खेल रही यूकेजी की छात्रा पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले में घायल छात्रा को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया। गांव में आए दिन हो रही बंदरों की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

घायल छात्रा की पहचान माही पुत्री राहुल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार माही घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड आया और उस पर टूट पड़ा। बंदरों ने छात्रा को नोच लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। मासूम छात्रा की चीख सुनकर उसके पिता राहुल मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर किसी तरह बंदरों को भगाकर बेटी को बचाया। इसके बाद परिजन तुरंत घायल छात्रा को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सा कौन है मासूम छात्रा को प्राथमिक उपचार कर संक्रमण से बचने के लिए एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई और हालात सामान्य होने पर छुट्टी दे दी।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बंदरों के हमले में घायल छात्रा माही के सिर और हाथ में चोट के निशान थे। संक्रमण से बचाव के लिए उसे एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया और घाव की ड्रेसिंग की गई। उपचार के बाद उसकी हालत सामान्य पाई गई, जिसके चलते उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। ग्रामीणों में प्रशासन से बंदरों से निजात पाने के लिए पकड़ने की मांग की है।

## बस्तर संभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

सरकार के प्रयासों और बस्तर के लोगों की सक्रिय भागीदारी से आज बस्तर क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा हैः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बस्तर संभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने, जिसमें बस्तर पंडुम 2026 के विजेतागण तथा बस्तर के परगना मांझी और चालकी शामिल थे, आज (30 जुलाई, 2026) राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि बस्तर पंडुम केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं है; बलकि यह बस्तर की गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों मंचों पर बस्तर की वास्तविक पहचान स्थापित करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों ने युवाओं को अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत से पुनः जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। ऐसे कार्यक्रम पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं और रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करते हैं। राष्ट्रपति ने सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में मांझी और चालकी की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे समुदाय और प्रशासन के बीच एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने समर्पण और नेतृत्व से समाज में सुख-शांति और समृद्धि के लिए कार्य करते रहेंगे। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सरकार के प्रयासों और बस्तर के लोगों की सक्रिय भागीदारी से आज बस्तर क्षेत्र विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। बुधवार रात पुलिस ने भूरा बाईपास के पास से एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक कैन के अंदर पांच लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी सादिक निवासी भूरा चुंगी मोहल्ला आलखुर्द के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने चालान कर दिया।

# योगी सरकार में रेशम क्षेत्र बना रहा आत्मनिर्भरता और रोजगार का मजबूत आधार

**- केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और लाभार्थियों को स्वरोजगार दिलाने पर दिया जा रहा जोर**
**- मंत्री राकेश सचान ने रेशम विभाग की योजनाओं, बजट और प्रशिक्षण कार्यों की समीक्षा की**
**- योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार रेशम क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गुरुवार को रेशम निदेशालय लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह बात कही। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं, बजट व्यय, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

**समय पर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश**

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेशम विभाग की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी व प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही योजनाओं के भौतिक सत्यापन, नियमित मॉनिटरिंग और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

**प्रशिक्षण व स्वरोजगार से जुड़ी कार्य योजना बनाने के निर्देश**

राकेश सचान ने प्रशिक्षण केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने व प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्वरोजगार और रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट व्यय की समीक्षा करते हुए स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही प्रत्येक मद के व्यय का सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्रदेश को दिलाने के लिए समयबद्ध प्रस्ताव भेजने और बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुष्ठ रोग से प्रभावित दिव्यांगजन के लिए सहारा बनी योगी सरकार

**- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 13 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची पेंशन**
**- पात्र दिव्यांगजन को मिल रही प्रतिमाह 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता**
**- मुख्यधारा से जोड़ने में प्रभावी साबित हो रही कुष्ठावस्था पेंशन योजना**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कुष्ठावस्था पेंशन योजना, कुष्ठ रोग से उपचार के बाद दिव्यांगता से प्रभावित लोगों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा बनी है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को नियमित पेंशन प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 13 हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल गया है।

**लाभार्थियों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता**

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में योजना के तहत कुल 13,734 कुष्ठजनित दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। इस अवधि में सरकार द्वारा 1231.17 लाख रुपये (12.31 करोड़ रुपये) की धनराशि व्यय की गई है। पात्र लाभार्थियों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

**मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनी योजना**

कुष्ठावस्था पेंशन योजना का उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजन एवं कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, जिनके परिवार की आय उनके भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि लाभार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के अंतर्गत कुष्ठ रोग के कारण किसी भी स्तर की दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्ति पात्र हैं।

**कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित ना रहे- उपनिदेशक**

इस योजना में दिव्यांगता का प्रतिशत पात्रता में बाधक नहीं है। पात्रता के लिए संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, उसके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक न हो तथा वह किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त न कर रहा हो। उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचे तथा कोई भी पात्र आवेदक इस महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना से वंचित न रहे।

# भदोही का नाम संत रविदास नगर किए जाने की घोषणा का रविदासिया समाज ने किया स्वागत

**गाजीपुर में रविदासिया समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया**

**समाज जागरण**

गाजीपुर, 30 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भदोही जिले का नाम फिर से संत रविदास नगर किए जाने की घोषणा का रविदासिया समाज ने स्वागत किया है। इस संबंध में गुरुवार को गाजीपुर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार के नेतृत्व में रविदासिया समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रति और रविदासिया समाज की भावनाओं का सम्मान है। समाज मुख्यमंत्री को इस निर्णय के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से समाज के उत्थान एवं विकास के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार के सकारात्मक निर्णय लिए जाते रहेंगे। इस अवसर पर श्री गुरु रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, वाराणसी के सचिव धर्मपाल सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर जिले का नाम होना उनके अनुयायियों के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय ऐतिहासिक, जन भावनाओं के अनुरूप और अत्यंत सम्मानजनक कदम है। इससे समस्त रविदासिया समाज एवं दलित समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं संत रविदास नगर (पूर्व नाम भदोही) के पूर्व जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जनपद का नाम बदलकर संत रविदास के सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया था। जनपद का नाम पुनः संत रविदास नगर किए जाने से समाज के लोग बेहद खुश हैं। योगी सरकार के इस निर्णय का पूरे प्रदेश में स्वागत किया जा रहा है।

# श्रावण के प्रथम दिन बाबा विश्वनाथ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

## काशी 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से रही गुंजायमान

**समाज जागरण**

वाराणसी,30 जुलाई । श्रावण मास के प्रथम दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, पूरी काशी 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठी। शिवभक्तों के स्वागत के लिए मंदिर परिसर में रेड कार्पेट बिछाया गया था। बाबा के दर्शन के लिए बुधवार देर रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए योगी सरकार के निर्देश पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक एवं पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

**जलाभिषेक के लिए देर रात से ही काशी पहुंचने लगे थे शिवभक्त**

सावन के प्रथम दिन ही काशी के शिवालयों में शिवभक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। पूरी काशी 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रही। बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवड़िये देर रात से ही काशी पहुंचने लगे थे। लाइन में लगे श्रद्धालुओं के हाथों में बेलपत्र, मदार की माला, गंगाजल तथा बाबा विश्वनाथ को अर्पित की जाने वाली उनकी प्रिय पूजन सामग्री दिखाई दे रही थी।

बिहार से आए कांवड़िये दुर्गेश ने बताया कि योगी सरकार ने पूरे मार्ग पर सुरक्षा, साफ-सफाई और शिविरों में ठहरने सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी हर जगह तैनात हैं और श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता कर रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए प्रयागराज-वाराणसी मार्ग का एक लेन सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा पूरे कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल और पीआरवी वाहनों की तैनाती की गई है।

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा धाम परिसर एवं आसपास के समस्त क्षेत्रों में व्यापक एवं समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी प्रवेश एवं निकास मार्गों पर प्रशिक्षित कार्मिकों की तैनाती की गई है तथा श्रद्धालुओं को कतारबद्ध एवं सहज दर्शन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। चिकित्सकीय सुविधा, एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल, ग्लूकोज, ओ.आर.एस., विश्राम एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# गाजीपुर में सीएम योगी ने लाभार्थियों को किया सम्मानित, मंच पर बुलाकर महिलाओं से ली हाथ से बनाई पेंटिंग

**बच्चों का कराया अन्नप्राशन, खिलौने वितरित किए, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सौंपे प्रमाणपत्र व सहायता राशि**

**समाज जागरण**

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजीपुर में आयोजित जनसभा के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित एवं लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री ने सभा स्थल पर हाथ से बनाई गई अपनी पेंटिंग लेकर खड़ी दो महिलाओं को मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया।

भाषण के दौरान मुख्यमंत्री की नजर उन महिलाओं पर पड़ी, जो उनकी तूलिका से बनाई गई तस्वीर लेकर खड़ी थीं। संबोधन समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने सुरक्षाकर्मियों को उन्हें मंच पर लाने का निर्देश दिया। दोनों महिलाएं मंच पर पहुंचीं, मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लिया और उन्हें अपनी बनाई पेंटिंग भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनकी कला की सराहना करते





हुए उनका हालचाल भी जाना।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा उन्हें खिलौने भी वितरित किए। इस अवसर पर गाजीपुर जिले के विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, स्वीकृति पत्र, चिकित्सा कार्ड और सहायता राशि वितरित की। इनमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप, कन्या सुमंगला योजना के तहत सहायता राशि, मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, लखपति दीदी योजना, स्वयं सहायता समूहों के लिए रिवॉल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, फसल अवशेष प्रबंधन योजना तथा शौचालय निर्माण के स्वीकृति पत्र शामिल रहे।

# फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और फेक ट्रांजैक्शन के जरिए नकली दवाएं खपाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़, अब तक 6 एफआईआर

- योगी सरकार का नकली दवाओं के सिंडिकेट पर एक और बड़ा प्रहार, 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार हो रही कार्रवाई
- जुलाई में लखनऊ में नकली दवाओं के नेटवर्क पर दर्ज हुई छठवीं बड़ी एफआईआर, आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज
- एफएसडीए के भौतिक सत्यापन में हुई फर्जी बिलिंग के जरिए नकली दवाओं के कारोबार की पुष्टि
- एफएसडीए ने जांच पूरी होने तक अमीनाबाद की कई संदिग्ध दवा फर्मों के संचालन पर लगाई रोक
- एफएसडीए ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से चलाया व्यापक अभियान, नकली दवा कारोबार के खिलाफ आगे भी जारी रहेगी मुहिम

**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नकली और अधोमानक दवाओं के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। विभाग ने फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और फेक बैंक ट्रांजैक्शन के जरिए नकली दवाओं को बाजार में खपाने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए थाना अमीनाबाद, लखनऊ में 6 एफआईआर दर्ज कराई हैं। इस कार्रवाई से सरकार की मंशा स्पष्ट है कि प्रदेश में नकली दवाओं का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यही वजह है कि जुलाई माह में लगातार कार्रवाई करते हुए एफएसडीए ने नकली दवाओं की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए एक के बाद एक बड़े अभियान चलाए हैं। विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई केवल दवाओं की बरामदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क की आर्थिक और लॉजिस्टिक कड़ियों को तोड़ने पर केंद्रित है।

**फर्जी बिलों के जरिए चल रहा था करोड़ों का खेल**

एफएसडीए कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने इस बड़ी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एफएसडीए की जांच में सामने आया कि मिश्रा एसोसिएट्स (अमीनाबाद), मिश्रा मेडिकल एजेंसी (बछरावां, रायबरेली), श्री अशोक फार्मास्युटिकल्स (अमीनाबाद), भारत फार्मा तथा एम.डी.एच. फार्मा के संचालक आपस में बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के केवल कागजों पर क्रॉस-बिलिंग कर रहे थे। बैंक ट्रांजैक्शन के बिना ही फर्जी लेनदेन दर्शाकर नकली और काउंटरफिट दवाओं को वैध दिखाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी आधार पर मनीष मिश्रा, आमोद कुमार मिश्रा, सन्नी कश्यप, देवेन्द्र शुक्ला और राहुल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत थाना अमीनाबाद में एफआईआर दर्ज की गई है।

**भौतिक सत्यापन में खुली पोल**

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान एक बड़ा खुलासा यह भी हुआ कि भारत फार्मा और एम.डी.एच. फार्मा के नाम पर जिन फर्मों से करोड़ों रुपये की दवा खरीद-बिक्री दिखाई गई थी, वहां वास्तविक रूप से किसी भी प्रकार का दवा भंडारण नहीं मिला। संबंधित प्रोपराइटरों अमरीन अहसन और मंतशा ने लिखित बयान देकर बताया कि उनकी फर्मों का संचालन उनकी जानकारी के बिना देवेन्द्र शुक्ला द्वारा किया जा रहा था। एफएसडीए अधिकारियों ने जब मौके पर भौतिक सत्यापन किया तो वहां कोई दवा स्टॉक नहीं मिला, जिससे फर्जी बिलिंग के जरिए नकली दवाओं के कारोबार की पुष्टि हुई। इन फर्मों के निरीक्षण में यह भी संज्ञानित हुआ कि इन फर्मों के पास इन औषधियों के क्रय बिल भी प्रस्तुत नहीं किए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि इनके द्वारा नकली औषधियों का फर्जी बिल बनाकर सप्लाई की जा रही थी।

**ब्रांडेड दवा की कीमत में बड़े अंतर से खुला राज**

जांच में यह भी सामने आया कि मिश्रा मेडिकल एजेंसी और मिश्रा एसोसिएट्स ने प्रसिद्ध एंटीबायोटिक दवा Augmentin Duo 625 की खरीद वास्तविक लैंडिंग कॉस्ट करीब 116.70 रुपये के मुकाबले मात्र 56.60 रुपये में दिखाई। जब संबंधित वितरक मेडी किंग फार्मा से जानकारी ली गई तो उसने ऐसी किसी भी बिक्री से लिखित रूप से इनकार कर दिया। इससे जांच एजेंसियों को यह संदेह और मजबूत हुआ कि बाजार में नकली दवाओं की सप्लाई की जा रही थी।

**स्थानीय पुलिस की रही महत्वपूर्ण भूमिका**

एफएसडीए के साथ इस अभियान में स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि लखनऊ कमिश्नर और उनकी पूरी टीम ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसकी मदद से फर्जी दवा के इन कारोबारियों पर शिकंजा कसने में काफी मदद मिली। डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए एफएसडीए को लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने सभी जिलों के औषधि निरीक्षकों को संदिग्ध थोक दवा कारोबारियों, एजेंटों और सप्लाई चेन पर सतत निगरानी रखने, दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने तथा कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

**जुलाई में लगातार छठवीं एफआईआर, सिंडिकेट पर कसा शिकंजा**

योगी सरकार के निर्देश पर एफएसडीए ने जुलाई माह में नकली दवाओं के नेटवर्क के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। 6 जुलाई को आलमबाग में नकली दवाओं की खेप पकड़कर पहली एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद 19 जुलाई को अमीनाबाद स्थित अवैध गोदाम से करीब 21 लाख रुपये मूल्य की नकली दवाएं बरामद हुईं। 16-17 जुलाई को बिना लाइसेंस दवा भंडारण और परिवहन के मामले में कार्रवाई हुई। 24 और 25 जुलाई को फर्जी बिलिंग के जरिए नकली दवाओं का कारोबार करने वाले गिरोहों पर दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं। अब 29 जुलाई को दर्ज छठवीं एफआईआर के साथ विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**नौ संदिग्ध फर्मों पर रोक, दुकानें सील**

एफएसडीए ने जांच पूरी होने तक अमीनाबाद की कई संदिग्ध दवा फर्मों के संचालन पर रोक लगा दी है। एसकेजी मेडिकल्स, गायत्री फार्मा एंड सर्जिकल, हेल्थ प्लस, एमके फार्मा, मां अम्बे फार्मा, आरएन फार्मा, सनलाइट फार्मा, सोनल फार्मा और सुपरविजन फार्मा के वित्तीय रिकॉर्ड और लेजर की जांच के लिए उनके संचालन पर रोक लगाने तथा कई प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई की गई है।

**राजस्थान और उत्तराखंड तक फैला नेटवर्क**

एफएसडीए की जांच अब उत्तर प्रदेश से बाहर भी पहुंच चुकी है। विभाग के अनुसार अमीनाबाद से बरामद नकली दवाओं का मुख्य स्रोत राजस्थान से जुड़े कुछ आरोपी हैं, जिनके खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। वहीं उत्तराखंड के देहरादून में नकली दवा निर्माण करने वाली अवैध फैक्ट्री पर छापेमारी कर चार आरोपियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्पष्ट है कि योगी सरकार केवल स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि अंतरराज्यीय नकली दवा नेटवर्क को भी पूरी तरह ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही है।

# रामलीला में असलहा लहराकर दंगा करने वाले को मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा: सीएम योगी

**समाज जागरण**

गाजीपुर/लखनऊ, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि समाज को बांटने वाले लोग विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी को सम्मानित करते हैं। वे असलहा लहराने वाले दुर्दांत माफिया के सामने नाक रगड़ते थे और माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते थे। हमारी सरकार ने जीरो टॉलरेंस के तहत माफिया को मिट्टी में मिला दिया। अब गरीब का बेटा रामलीला का आयोजन करता है तो कोई असलहा लहराकर दंगा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने वालों को मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार को गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं का लाभ गाजीपुर, जखनिया, मोहम्मदाबाद, सैदपुर, जमानिया, जहूराबाद व जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। इस मौके पर सीएम ने गाजीपुरवासियों से अपील की कि ऐसे जनप्रतिनिधि चुनिए, जो आपकी पैरोकारी कर सकें। ऐसे सांसद नहीं चाहिए, जो अवैध असलहा लाइसेंस बनाने में व्यस्त हों। ऐसे जनप्रतिनिधि नहीं चाहिए जो फर्जी लाइसेंस बनाकर जनता के घरों में डकैती व अवैध कब्जा करने का दुस्साहस करें।

**लहुरी काशी में माफिया का पनपना शोभा नहीं देता**

सीएम ने कहा कि अब गाजीपुर के स्प्रिचुअल टूरिज्म से जुड़े स्थानों का विकास हो रहा है। लहुरी काशी के रूप में विख्यात गाजीपुर का अलग महत्व है। जो जनपद पौहारी बाबा का आश्रम, भगवान परशुराम, महर्षि जमदग्नि का महत्पूर्ण केंद्र रहा है, वहां माफिया का पनपना शोभा नहीं देता। ये माफिया किसी के नहीं होते। ये समाज का खून चूसते हैं। गरीबों का शोषण, व्यापारियों को भयभीत और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाते हैं।

**कृष्णानंद राय ने लड़ी माफिया के खिलाफ लड़ाई**

सीएम ने कहा कि पूर्व विधायक कृष्णानंद राय ने माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, लेकिन सत्ता के संरक्षण में पल रहे माफिया ने निर्ममता व बर्बरता के साथ कृष्णानंद राय के साथ ही सात युवाओं की हत्या कर दी थी। सारे सबूत होने के बावजूद माफिया को सत्ता का संरक्षण मिलता रहा, परंतु अब माफिया को संरक्षण नहीं मिल सकता, ऐसा करने वालों की दुर्गति तय है।

**जिसे देख घबराती है बिटिया, उन सपाइयों से बचकर रहिए**

सीएम ने कहा कि गाजीपुर को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि डबल इंजन सरकार के साथ चलिए। पहचान का संकट, नौकरी में डकैती, किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने, गरीबों का राशन खाने वाले, किसान व युवा विरोधियों को मौका न दीजिए। महिला विरोध इनका जन्मजात अधिकार है। देख सपाई-बिटिया घबराई, यानी जिसे देखकर ही बेटी घबरा जाती थी। ऐसे सपाइयों से गाजीपुर को भी बचकर रहने की आवश्यकता है।

**एशिया के सबसे बड़े गांव में रहते हैं 12 हजार से अधिक सैनिक**

मुख्यमंत्री ने वीर अब्दुल हमीद समेत रणबांकुरों व साहित्यकारों का नाम लेकर गाजीपुर की धरा को प्रणाम किया। कहा कि एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर में 12000 से अधिक सैनिक/सेनाधिकारी तथा 15000 से अधिक अवकाश प्राप्त सैनिक/सेनाधिकारी रहते हैं। गाजीपुर के रणबांकुरे देश की आजादी की लड़ाई में, कबीलाई हमले में, 1962, 1965, 1971 व 1999 के कारगिल युद्ध तथा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी पीछे नहीं हटे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा गठित आजाद हिंद फौज से भी यहां के दर्जनों युवा जुड़े।

**कुछ लोगों ने विदेशी आक्रांताओं को महिमा मंडित किया**

सीएम ने कहा कि गाजीपुर की धरती सदैव से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का केंद्रबिंदु रही है। सीएम ने रामचरित मानस की चौपाई ह्यगाधितनय मन चिंता व्यापी, हरि बिनु मरहिं न निसिचर पापीह्ल सुनाई। सीएम ने उस समय की कहानी भी सुनाई और कहा कि गाजीपुर ने तब भी आतंक, लूटखसोट, अराजकता के खिलाफ शंखनाद किया था, लेकिन इस धरा का नाम क्यों डूब गया? क्यों जनपद का नाम लेने से लोग कांपते और आने से डरते थे? सपा पर प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र नायकों के बजाय विदेशी आक्रांताओं को महिमा मंडित किया, जबकि एनडीए सरकार राष्ट्रनायकों को सम्मान देती है। 1000 वर्ष पहले राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव ने सालार मसूद को बहराइच के चित्तौरा में रौंद दिया था। उसे इस्लाम के अनुरूप सबसे कड़ी सजा दी। इसके बावजूद सपा व कांग्रेस ने महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई आयोजन नहीं होने दिया, बल्कि ये लोग सालार मसूद गाजी का मेला लगवाते थे। हमारी सरकार ने कहा कि सालार मसूद की नहीं, बल्कि महाराज सुहेलदेव की स्मृति में मेला लगेगा। सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक व प्रतिमा लगवाई और मेडिकल कॉलेज बनवाया। आजमगढ़ में विश्वविद्यालय का निर्माण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व गाजीपुर के तत्कालीन सांसद मनोज कुमार सिन्हा ने गाजीपुर से आनंद विहार के बीच सुहेलदेव सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन कराया और उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया।

कांग्रेस व सपा ने महापुरुषों को किया अपमानित

सीएम ने कहा कि राष्ट्रनायकों को सम्मान देने वाला देश/समाज आगे बढ़ता है। आक्रांताओं का सम्मान करने वालों का कोई भविष्य नहीं होता। कांग्रेस व सपा ने पाप किया। सपा ने महापुरुषों को अपमानित किया। बाबा साहेब के नाम पर बने कन्नौज मेडिकल कॉलेज, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर बने कॉलेज, संत रविदास के नाम पर बने जनपद का नाम बदलने का पाप किया।

**चंदौली, वाराणसी से जोड़ते हुए शक्तिनगर तक जाएगा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे**

सीएम ने कहा कि अब यहां मेडिकल कॉलेज है। चारों ओर की कनेक्टिविटी फोरलेन की हो गई। गाजीपुर से तीन से साढ़े तीन घंटे में लखनऊ जा सकते हैं जबकि पहले 8-10 घंटे लगते थे। गाजीपुर से लखनऊ, काशी, गोरखपुर की यात्रा सरल हुई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर-वाराणसी हाईवे भी है। सरकार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को यहां से चंदौली, वाराणसी से जोड़ते हुए शक्तिनगर तक ले जाएगी।

**कार्यकताओं को लूट की छूट देने वाले हमें उपदेश न दें**

सीएम ने 10 साल पहले यूपी की हालत बताई और कहा कि अब सामने वाला यूपीवालों से गले मिलने को उतावला रहता है। अपने कार्यकताओं को विकास कार्यों की लूट की छूट देने वाले हमें उपदेश न दें। यदि हम सपा के पापों से पर्दा उठाने लगे तो ये मुंह नहीं दिखा पाएंगे। इनके समय में जब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जब एक इंच काम नहीं हुआ, तब भी इन लोगों ने 3000 करोड़ का वारा-न्यारा कर दिया। हमने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे बनवाया। पहले युवाओं की नौकरी पर चाचा-भतीजे की जोड़ी पहले से ही सेंधमारी करने निकल जाती थी। तब निवेश नहीं होता था, बल्कि त्योहार प्रारंभ होते ही उपद्रव, दंगे, कर्फ्यू शुरू हो जाते थे, लेकिन अब यूपी में उपद्रव नहीं, उत्सव है। उत्सव को उपद्रव में बदलने और युवाओं की नौकरी में सेंध लगाने वालों के लिए जेल या जहन्नुम ही एकमात्र जगह है।

**डबल इंजन सरकार में हर वर्ग के लिए योजनाएं**

सीएम ने कहा कि असीम प्रतिभा के केंद्र युवाओं को यूपी में प्लेटफॉर्म मिला है। 12 वर्ष में पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, डिजिटल भारत, मिशन रोजगार के तहत लाखों नौजवानों को नौकरी मिल रही है।

# डीआरडीए जांच में मनरेगा अनियमितताओं की पुष्टि, कार्रवाई की अनुशंसा के बाद भी एफआईआर नहीं; उठने लगे सवाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

30 जुलाई। दिघलबैंक प्रखंड की ग्राम पंचायत दिघलबैंक में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), किशनगंज की जांच रिपोर्ट में कई गंभीर तथ्य सामने आए हैं। जांच प्रतिवेदन में पंचायत प्रतिनिधियों के निकट संबंधियों के नाम पर मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर विभिन्न योजनाओं में मजदूर के रूप में कार्य दशार्ते हुए सरकारी राशि का भुगतान किए जाने सहित कई अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई, अनियमित भुगतान की वसूली तथा नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई है। इसके बावजूद अब तक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज नहीं होने से पूरे मामले को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।



डीआरडीए द्वारा उप विकास आयुक्त को भेजी गई जांच रिपोर्ट के अनुसार, प्राप्त शिकायत के आधार पर अभिलेखों एवं स्थलीय जांच की गई। जांच में मुखिया के पुत्र, मुखिया प्रतिनिधि की पत्नी, मुखिया के दामाद तथा मुखिया की पुत्री के नाम पर मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर विभिन्न योजनाओं में कार्य दशार्ने और उनके बैंक खातों में मजदूरी राशि का भुगतान किए जाने का उल्लेख किया गया है। प्रतिवेदन में संबंधित व्यक्तियों को अलग-अलग योजनाओं में कार्यरत दिखाकर हजारों रुपये का भुगतान किए जाने का भी जिक्र है।

जांच के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी चयन से जुड़े आरोपों की भी समीक्षा की गई। रिपोर्ट में संबंधित पक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा चार बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अनुशंसा की गई है।

इधर, सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत) के संस्थापक हसीबुर रहमान ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग के सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं जिला पदाधिकारी, किशनगंज को शिकायत भेजकर ग्राम पंचायत दिघलबैंक की मुखिया पूनम देवी एवं अन्य संबंधित लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुखिया के पुत्र, पुत्री, दामाद एवं अन्य निकट संबंधियों के नाम पर मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर सरकारी राशि का भुगतान कराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ऐसे व्यक्ति को दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिसके पास पहले से पक्का एवं बहुमंजिला मकान था। शिकायत में मास्टर रोल में कथित हस्ताक्षर संबंधी विसंगतियों एवं सरकारी अभिलेखों में अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है। संस्था का दावा है कि शिकायत के साथ डीआरडीए की जांच रिपोर्ट सहित 22 पृष्ठों के दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किए गए हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब डीआरडीए जैसी सक्षम प्रशासनिक एजेंसी की जांच रिपोर्ट में अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए विभागीय एवं आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की जा चुकी है, तो अब तक संबंधित मामले में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हुई? कार्रवाई में हो रही देरी अब जिले में चर्चा का विषय बन गई है। लोगों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि यदि जांच रिपोर्ट प्रशासन के पास उपलब्ध है, तो कानूनी प्रक्रिया शुरू होने में आखिर विलंब किस कारण से हो रहा है। प्रशासन की ओर से अब तक स्पष्ट जवाब सामने नहीं आने से मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं।

हालांकि, इस मामले में ग्राम पंचायत दिघलबैंक की मुखिया पूनम देवी ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्हें जांच की कोई सूचना नहीं दी गई और न ही जांच के दौरान उनका पक्ष लिया गया। उन्होंने कहा कि वे सभी आरोपों का कानूनी रूप से जवाब देंगी।

वहीं, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि "दो दिन बाद इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# तेघरिया गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धा, साधना और गुरुभक्ति के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

30 जुलाई। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में तेघरिया स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, साधना और गुरुभक्ति के वातावरण में पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरु के प्रति आस्था, भारतीय संस्कृति के आदर्शों और आत्मिक उत्थान का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ, जप और दीप महायज्ञ में भाग लेकर विश्व शांति, मानव कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर 12 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्र जप आयोजित किया गया। इसके उपरांत विराट दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साथ ही प्रखंड के सभी प्रज्ञापीठ, चरणपीठ एवं शक्तिपीठों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर समाज में सद्भाव, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का संकल्प लिया।



गायत्री परिवार के सहायक ट्रस्टी मिक्की साहा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मानुशासन, आत्मविश्लेषण, श्रद्धा और ज्ञान के प्रति समर्पण का महापर्व है। उन्होंने कहा कि गुरु हमारे जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर सत्य, सदाचार और आत्मज्ञान की ओर अग्रसर करते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च सम्मान प्राप्त है। गुरु ही मनुष्य को सही दिशा देकर उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने युवाओं से नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा समाज में सेवा, संस्कार और सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर माता गुजरी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत, मुख्य ट्रस्टी सुदामा राय, परमानंद यादव, धनंजय जायसवाल, मनीष जालान, विमल मित्तल, सौरभ झवर, प्रवीर प्रसन्न, हेमंत चौधरी, छवि दुर्गा, नेहा, जिला संयोजक सौरभ कुमार सहित गायत्री परिवार के अनेक सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गायत्री आरती, प्रसाद वितरण और राष्ट्र एवं विश्व कल्याण की सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

# पंचायती के बहाने महिला से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

30 जुलाई। पौआखाली थाना क्षेत्र की एक 39 वर्षीय महिला ने नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि अहमद हुसैन उर्फ लल्लू पर नशीला पदार्थ खिलाकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने, पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।



पीड़िता के आवेदन पर पौआखाली थाना में कांड संख्या 120/26 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, 28 जुलाई 2026 की रात करीब 12 बजे पीड़िता अपनी पुत्री और पति के साथ पुत्री से जुड़े एक पारिवारिक विवाद के निपटारे के लिए पंचायत में जाने के उद्देश्य से आरोपी की गाड़ी में सवार हुई थी। आरोप है कि रास्ते में आरोपी ने उसके पति को रजनीगंधा में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। महिला का आरोप है कि उसे भी नशीला पदार्थ देकर अचेत कर दिया गया।

पीड़िता का आरोप है कि पंचायत स्थल पर ले जाने के बजाय आरोपी उन्हें किशनगंज के एक होटल में ले गया, जहां बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने उसकी पुत्री को पांच लाख रुपये का लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति है और लंबे समय से लोगों को डराने-धमकाने का काम करता रहा है। उसने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पौआखाली थाना पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर कांड संख्या 120/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# श्रावण मास के शुभारंभ पर विधायक सरयू राय ने किया रुद्राभिषेक, प्रदेश व जनकल्याण की कामना

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर श्रावण मास के शुभारंभ के पावन अवसर पर गुरुवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बिष्टुपुर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान शिव का विधि-विधान एवं वैदिक रीति से रुद्राभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर शिवभक्ति से सराबोर रहा और "हर-हर महादेव" के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

विधायक ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए प्रदेश, शहर और समस्त प्राणी मात्र के सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। साथ ही उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान शिव की कृपा से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली बनी रहे।

रुद्राभिषेक का अनुष्ठान विद्वान आचार्य पंडित विनोद पांडेय के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। अभिषेक के दौरान दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल तथा विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का पूजन किया गया। पूरे अनुष्ठान में धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु भी पूरे समय भक्ति भाव से पूजा में शामिल रहे और शिव स्तुति एवं मंत्रोच्चार के बीच वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत बना रहा।



श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का विशेष माह माना जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार, समाज तथा राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक सरयू राय ने भी श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना कर समाज में शांति, सद्भाव और विकास की भावना मजबूत होने की प्रार्थना की।

पूजन-अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ श्रावण मास के शुभारंभ का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

इस धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से शिवशंकर सिंह, अंशुल शरण, धर्मेंद्र तिवारी, अमित शर्मा, नीरज सिंह, साकेत, अशोक कुमार, असीम पाठक, विनीत, रत्नेश सिंह, सुनील सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ झुन्ना, गोल्डन पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्रावण मास के पहले दिन आयोजित इस रुद्राभिषेक कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का संचार किया। धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हुए संपन्न हुए इस आयोजन में लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# निर्माण पूरा, फिर भी हैंडओवर नहीं; जालु चौक हाई स्कूल भवन की बदहाली पर ग्रामीणों में आक्रोश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

30 जुलाई। पोठिया प्रखंड के टीपीझाड़ी पंचायत अंतर्गत जालु चौक स्थित उच्च विद्यालय भवन की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा भवन का हैंडओवर नहीं किए जाने के कारण यह उपयोग में नहीं आ पा रहा है। इससे छात्र-छात्राएं आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, लंबे समय से भवन बंद पड़ा है और उसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि भवन की दीवारों एवं अन्य हिस्सों में दिखाई दे रही खामियां निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संदेह उत्पन्न करती हैं। इस संबंध में सामने आए वीडियो में भी भवन की स्थिति चिंताजनक प्रतीत हो रही है, जिससे ग्रामीणों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की तकनीकी जांच नहीं कराई गई और आवश्यक सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं भवन निर्माण विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, गुणवत्ता की सभी खामियों को दूर किया जाए तथा आवश्यक सुधार के बाद विद्यालय भवन का शीघ्र हैंडओवर सुनिश्चित किया जाए, ताकि छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिल सके।

स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की है कि जांच में यदि निर्माण कार्य में लापरवाही अथवा अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और प्रशासन को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# डुमरिया में 10 करोड़ की लागत से बने 30 बेड अस्पताल का विधायक ने किया निरीक्षण, 15 अगस्त से पहले होगा लोकार्पण

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

डुमरिया पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड के भालुकपातड़ा मौजा में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 30 बेड के नए अस्पताल भवन का गुरुवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल भवन, आधारभूत सुविधाओं और शेष निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि अस्पताल का निर्माण अंतिम चरण में है और मानसून सत्र समाप्त होने के बाद 15 अगस्त से पहले इसका विधिवत उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक शव वाहन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल शुरू होने के बाद मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

अस्पताल परिसर में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था का भी विधायक ने विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने बताया कि करीब 9.5 लाख रुपये की लागत से बिजली आपूर्ति का कार्य लगभग पूरा होने की स्थिति में है। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें जानकारी दी कि अस्पताल परिसर तक बिजली आपूर्ति शुरू करने के साथ ही ट्रांसफॉर्मर तक भूमिगत केबल बिछाने का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद अस्पताल भवन पूरी तरह विद्युत सुविधा से जुड़ जाएगा।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से डुमरिया प्रखंड की 10 पंचायतों के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। अब क्षेत्र के मरीजों को सामान्य इलाज और प्राथमिक चिकित्सा के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने से समय और आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है और यह अस्पताल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि उद्घाटन के बाद अस्पताल बिना किसी बाधा के अपनी सेवाएं शुरू कर सके।

विधायक ने कहा कि अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी तेजी से पूरी की जा रही हैं। चिकित्सा उपकरण, बिजली, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल शुरू होने के बाद डुमरिया क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू, सीएचसी प्रभारी डॉ. पाराव माझी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मनीष बारी, मिर्जा सोरेन, भगत बास्के सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# डी.बी.एम.एस. कदमा हाई स्कूल में इंटर हाउस स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का भव्य समापन, विद्यार्थियों ने दिखाई अंग्रेजी भाषा पर शानदार पकड़

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर डी.बी.एम.एस. कदमा हाई स्कूल के कलाकृति सभागार में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर हाउस स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि विकसित करना, शुद्ध वर्तनी, समृद्ध शब्दावली, सही उच्चारण तथा प्रभावी भाषाई अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और भाषाई दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया।

विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउस–एमेरल्ड, सफायर, टोपाज एवं रूबी–के बीच संपन्न हुई। फाइनल राउंड से पहले विभिन्न प्रारंभिक चरणों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिनके आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों ने अंतिम दौर में कठिन से कठिन अंग्रेजी शब्दों की शुद्ध वर्तनी और सटीक उच्चारण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने न केवल अपनी शब्द-संपदा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, बल्कि एकाग्रता, त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास का भी परिचय दिया। प्रत्येक चरण में विद्यार्थियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिससे सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों का उत्साह लगातार बना रहा। प्रतियोगिता ने यह सिद्ध किया कि नियमित अभ्यास और उचित मार्गदर्शन से विद्यार्थी भाषा कौशल में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

प्रतियोगिता के परिणामों में ग्रुप ए में सफायर हाउस के श्रेष्ठ प्रकाश एवं देवांश यादव विजेता बने। ग्रुप बी में एमेरल्ड हाउस के इरफान खान एवं क्योंन पात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में एमेरल्ड हाउस की कृतिका चंद्रा एवं रोनित कुंडू विजेता रहे, जबकि ग्रुप डी में सफायर हाउस के प्रियब्रत एवं भौमिक साहू ने





शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विजेता प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया।

पूरी प्रतियोगिता अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती सुपर्णा राय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अंग्रेजी विभाग के सभी शिक्षकों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। सुनियोजित तैयारी, निष्पक्ष संचालन और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के कारण प्रतियोगिता अत्यंत सफल रही।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की संयुक्त सचिव श्रीमती उषा मालिनी, कोषाध्यक्षा श्रीमती भुवना कृष्णन, संयुक्त कोषाध्यक्षा श्रीमती पी.एस. अरुणा, प्रधानाचार्या श्रीमती गुरप्रीत भामरा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुपर्णा राय एवं श्रीमती एस. शिरीन, कोऑर्डिनेटर श्रीमती बेनजीर गुलशन एवं श्रीमती मालिनी अशोक सहित विद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गुरप्रीत भामरा ने कहा कि स्पेलिंग बी जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ आत्मविश्वास, तार्किक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि भाषा पर मजबूत पकड़ विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की तथा अंग्रेजी विभाग को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

उत्साह और उमंग से भरपूर वातावरण में आयोजित इस प्रतियोगिता का समापन हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक एवं भाषाई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें प्रभावी संप्रेषण कौशल और वैश्विक स्तर की भाषाई क्षमता का विकास हो सके। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने, प्रतिस्पर्धा करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।

# चेहल्लुम पर्व को लेकर नबीनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर गुरुवार को नबीनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीपीओ सदर-1 औरंगाबाद सुशील कुमार ने कहा कि चेहल्लुम के जुलूस और मजलिस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी







समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने सख्ती के साथ कहा कि जुलूस के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। जुलूस में डीजे और अश्लील गाना नहीं बजेगा।बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सूरज कुमार, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार मौजूद रहे।बैठक में तय किया गया कि जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।वहीं जुलूस मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।ताजिया जुलूस के लिए निर्धारित रूट और समय का सख्ती से पालन कराया जाएगा। शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में जदयू नेता सूर्यवंश सिंह,,भाजपा के उदय प्रताप सिंह प्रो सुनील बोस,उमेश कुमार सिंह,इकराम अंसारी, सागिर अशरफ,मुश्ताक अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# पटना में थार की भीषण टक्कर में ई-रिक्शा चालक की मौत, दो यात्री गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ पटना-गया-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-22) पर पुनपुन प्रखंड के केवड़ा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पोठही के पास गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार थार वाहन ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले ई-रिक्शा चालक की पहचान पुनपुन थाना क्षेत्र के चिनियाबेला निवासी नंदू यादव के 55 वर्षीय पुत्र हरिवंश यादव के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में धनरूआ थाना क्षेत्र के हिरणचक सोनमई निवासी फुलमंती देवी (35) और पुनपुन के मनोरा निवासी पंकज कुमार (35) शामिल हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा नदवां से सवारियों को लेकर पुनपुन की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित थार ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक थार वाहन को घटनास्थल से कुछ दूर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही केवड़ा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पुलिस फरार थार चालक की तलाश में जुटी है।

# उत्तर प्रदेश रेरा द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम आज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (उ.प्र. रेरा) द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 31 जुलाई को मंडल स्तरीय "संवाद" कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाऊस मीटिंग हॉल सभागार, वाराणसी में किया जाएगा।
कार्यक्रम में मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल मुख्य अतिथि के रूप में तथा जिलाधिकारी, वाराणसी विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश रेरा के अध्यक्ष द्वारा उद्घाटन संबोधन दिया जाएगा, जबकि रेरा के प्रधान सलाहकार द्वारा रियल एस्टेट क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों, उपभोक्ताओं एवं प्रमोटरों के अधिकार एवं दायित्व, परियोजनाओं के पंजीकरण, शिकायत निवारण प्रणाली तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन होगा, जिससे प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया जा सके। वाराणसी विकास प्राधिकरण, जनपद प्रशासन, रियल एस्टेट प्रमोटर्स, बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स, अभियंता तथा रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारक एवं आमजन सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना, उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करना तथा रेरा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। वाराणसी विकास प्राधिकरण सभी संबंधित हितधारकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता कर रेरा के प्रावधानों की जानकारी प्राप्त करने तथा पारदर्शी एवं उत्तरदायी रियल एस्टेट व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करने की अपील करता है।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ में पंचकुंडी महायज्ञ, धर्म जागरण रैली से दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

**युवा, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता से संपन्न हुआ आयोजन, विश्व गुरु भारत के निर्माण का लिया संकल्प**

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव, वाराणसी। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को सेवापुरी क्षेत्र स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ, कालिका बारा में पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ, गुरु दक्षिणा कार्यक्रम एवं धर्म जागरण रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चों ने भाग लेकर राष्ट्र एवं समाज के उत्थान का संकल्प लिया।



महायज्ञ के उपरांत निकाली गई जनजागरण रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं धर्म जागरण का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए सामाजिक समरसता, संस्कार और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के सफल आयोजन में गायत्री परिवार सेवापुरी के ब्लॉक समन्वयक राम आश्रय सिंह के नेतृत्व में विनोद गुप्ता, रोशन गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, महेंद्र सिंह, हरिदास मौर्य, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, श्रीनाथ पटेल, अवधेश पटेल एवं राधेश्याम पाल ने सक्रिय सहयोग किया।
महिला मंडल की ओर से श्रीमती किरण सिंह, गीता सिंह, श्रीमती रिंकू सिंह, सुमन देवी एवं श्रीमती माधुरी सिंह सहित अनेक महिलाओं ने यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्म जागरण संयोजक (काशी जिला) प्रदीप सिंह तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला संरक्षक संतोष सिंह का भी विशेष सहयोग रहा। अंत में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ और उपस्थित श्रद्धालुओं ने राष्ट्र, समाज एवं मानवता के कल्याण की कामना की।

# विंध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान, 48 करोड़ की परियोजनाओं की समीक्षा

**नव दुर्गा पार्क, लाइट एंड साउंड शो और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दिए समयबद्ध कार्य पूरे करने के निर्देश**

**मीरजापुर। समाज जागरण।**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को आयुक्त सभागार में पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए विंध्य क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के लिए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 48 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 पर्यटन परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।




बैठक में राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव गौड़, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, विधायक रत्नाकर मिश्र, रमाशंकर सिंह पटेल, अनुराग सिंह, सुचिस्मिता मौर्या, रिंकी कोल, दीनानाथ भास्कर, विपुल दूबे, भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष इंजीनियर रामलौटन बिंद, मंडलायुक्त राजेश प्रकाश तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार उपस्थित रहे। सोनभद्र और भदोही के जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।
मंडल की प्रस्तावित 18 परियोजनाओं में मीरजापुर की 15, भदोही की 2 तथा सोनभद्र की 1 परियोजना शामिल है। मंत्री ने कहा कि पर्यटन विकास कार्य संबंधित स्थलों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि एक करोड़ रुपये तक की परियोजनाएं नवंबर 2026 तक तथा डेढ़ करोड़ रुपये तक की परियोजनाएं छह माह के भीतर पूरी कराई जाएं।
बैठक में मीरजापुर के प्राचीन भगवान शंकर मंदिर, चुनार के शिव मंदिर, विंध्याचल के शिवपुर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास पर चर्चा हुई। बैठक का प्रमुख आकर्षण मां विंध्यवासिनी त्रिकोण मार्ग विकास परियोजना रही, जिसके तहत लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से नव दुर्गा पार्क, लाइट एंड साउंड शो, टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर तथा श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस परियोजना का उद्देश्य विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।
भदोही में ज्ञानपुर के दशहरा मेला स्थल और सीता धाम के विकास, जबकि सोनभद्र में ओबरा स्थित शिव मंदिर के पर्यटन विकास की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संस्कृति विभाग ने रॉबर्ट्सगंज के इष्टिका मंदिर परिसर में बाउंड्री वॉल एवं गार्ड रूम, परासी रामलीला मैदान के विकास तथा मीरजापुर के ऐतिहासिक घंटाघर के संरक्षण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।
धर्मार्थ कार्य विभाग ने 43.38 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे मां विंध्यवासिनी, अष्टभुजा और कालिखोह मंदिरों को जोड़ने वाले परिक्रमा पथ की प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत की। साथ ही सोनभद्र के एक शिव मंदिर के अनुरक्षण के लिए लगभग 37 लाख रुपये की योजना पर भी चर्चा हुई।
पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी परियोजनाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

# युवाओं में एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जन जागरूकता हेतु रेड रिबन मैराथन का आयोजन

**मुख्य चिकित्साधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

मीरजापुर /उ.प्र. राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी के तत्वाधान में आज 30 जुलाई 2026 को युवाओ में एच.आई.वी/एड्स के प्रति जनजागरूकता हेतु एक रेड रिबन मैराथन का आयोजन पी.ए.सी. गेट बरौधा से स्पोर्ट स्टेडियम भिस्कोरी (पहाड़ी) तक आयोजित की गयी। मैराथन का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 के.के. मिश्रा, जिला क्षय रोग अधिकारी डा० ए. के. ओझा और जिला खेल अधिकारी श्री धर्मवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर किया गया।



मैराथन में पुरूष वर्ग के विजेताओ मे सुभाष सोनकर प्रथम, विवेकपाल द्वितीय, नीरज तृतीय तथा संजय कुमार को सांत्वना पुरस्कार तथा महिला वर्ग में पूजा प्रथम, साक्षी यादव द्वितीय, छोटी यादव तृतीय एवं महिमा साहू को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।
इसी क्रम में 26 जुलाई 2026 को जी.आई.सी. मीरजापुर में रेड रीबन क्विज कानटेस्ट का आयोजन किया गया था जिसमें अनिकेत एवं काव्य प्रथम, राजा एवं नवीद द्वितीय, अंजनी, अब्दुल, प्रियांशी तृतीय तथा श्रीप्रमानिक, शाजिया को सांत्वना पुरस्कार से मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने युवाओ को एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूक किया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने एच.आई.वी./एड्स के रोकथाम एवं ए.आर.टी. दवाओ के महत्व को समझाया तथा दिशा मण्डल प्रभारी डा0 अमित चैहान ने रेड रिबन क्विज कॉनटेस्ट एवं रेड रिबन मैराथन के उदेश्य को विस्तार पूर्वक से समझाया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला खेल अधिकारी तथा उनकी टीम के साथ-साथ डी.टी.ओ. कार्यालय से प्रज्ञा रघुवंशी, सुनील कुमार तथा ओ.पी. सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# चंद्रमा सिंह हिंदी साहित्य के ज्वलंत नक्षत्र आम आदमी के संघर्ष के आवाज रहे

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।राजेश्वरी महिला पी०जी० कालेज हरहुआ वाराणसी में सुप्रसिद्ध साहित्यकार चन्द्रमा सिंह की 93वीं जयंती राजेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं स्व0चन्द्रमा सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता सुप्रसिद्ध इतिहासकार राघवशरण शर्मा, मुख्य अतिथि तिब्बतन इंस्टीट्यूट के प्रो0उमेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि राजकुमार सिंह और साहित्यकार डॉ० रामसुधार सिंह एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर इंदीवर रहे।
इस अवसर पर डॉ० राघवेन्द्र नारायण सिंह द्वारा सम्पादित 'चन्द्रमा सिंह रचनावली' भाग-2 का विमोचन अतिथिगण द्वारा सम्पन्न हुआ।
राजेश्वरी ट्रस्ट के चेयरमैन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० राघवेन्द्र नारायण सिंह ने उद्घाटन वक्तव्य मे समस्त अतिथियों का स्वागत करते रत जल हुए चन्द्रमा सिंह के व्यक्तित्व को बहुआयामी बताते हुए उन्हें सत्तर और अस्सी के दशक का आम आदमी के सरोकार से जुड़कर साहित्य सृजन करने वाला अप्रतिम साहित्यिकार, शिक्षाविद् और समाजसेवी बतलाया।
मुख्य वक्ता डॉ० इंदीवर ने चन्द्रमा सिंह को हिन्दी साहित्य का ज्वलंत नक्षत्र बतलाते हुए उनके काव्यधर्म और चिन्तन की विशद व्याख्या की। डॉ० रामसुधार सिंह ने चन्द्रमा सिंह को जमीनी साहित्यकार बतलाते हुए उनकी कविताओं को आदमी के संघर्ष से उत्पन्न बतलाया। राजकुमार सिंह ने चन्द्रमा सिंह को प्रमुख जनवादी साहित्यकार और मुख्य अतिथि प्रो० उमेश प्रसाद सिंह ने उनकी रचनाओ में निहित जीवन मूल्यों की व्याख्या करते हुए उनके साहित्य पर गम्भीर शोध की आवश्यकता पर बल दिया।
इस अवसर पर जय प्रकाश दुबे को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए 'चन्द्रमा सिंह स्मृति 'शिक्षक शिरोमणि सम्मान' 2026, भवनाथ सिंह को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए चन्द्रमा सिंह स्मृति 'विद्यारत्न सम्मान' 2026, जगदीश दुबे को प्राथमिक शिक्षा संवर्ग में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चन्द्रमा सिंह स्मृति 'गुरु गौरव सम्मान' 2026, अलका यादव को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु चन्द्रमा सिंह स्मृति 'महिला शक्ति गौरव सम्मान' 2026, सोनू प्रसाद को ग्राम विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए चन्द्रमा सिंह स्मृति 'ग्राम विकास गौरव सम्मान' 2026, दीपक चौहान को सामाजिक सेवा के लिए चन्द्रमा सिंह स्मृति 'जनसेवा गौरव सम्मान' 2026, आशुतोष नारायण शर्मा को विधिक सेवा क्षेत्र मे चन्द्रमा सिंह स्मृति 'न्याय एवं विधि गौरव सम्मान' 2026, राजकुमार सिंह को मीडिया क्षेत्र में अनवरत सेवाओं हेतु चन्द्रमा सिंह स्मृति 'पत्रकारिता गौरव सम्मान' 2026, रजनीकान्त श्रीवास्तव को विधिक उत्कृष्टता के क्षेत्र मे चन्द्रमा सिंह स्मृति 'विधि विभूषण सम्मान' 2026 को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्रम से अलंकृत करते हुए उनके अवदान को ट्रस्ट के चेयरमैन राघवेन्द्र नारायण सिंह द्वारा प्रशंसित किया।




कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य-पाठ जिसमें प्रोफेसर इशरत जहां की अध्यक्षता मे डॉ० नसीमा निशा, डॉ० महेन्द्र तिवारी 'अलंकार', डॉ० संगीता श्रीवास्तव 'सहर', डॉ० प्रताप शंकर दूबे, डॉ० करुणा सिंह, ऋतु दीक्षित, मधूलिका राय 'मधु', मु० आमिर, एखलाक भारतीय, आलोक सिंह, कुमार महेन्द्र, अनु मिश्रा ने प्रतिभाग किया।
कार्यक्रम के अन्त में ट्रस्ट चेयरमैन डॉ० राघवेन्द्र नारायण सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।
संयोजक उपनिदेशक अंशुमान सिंह, कौशलेन्द्र नारायण सिंह, विजयेन्द्र नारायण सिंह, डॉ० कुमुद सिंह, डॉ० नृपेन्द्र नारायण सिंह, डॉ० महेन्द्र प्रताप सिंह, रतन पाण्डेय, रमेश तिवारी, हृदयनारायण दुबे सहित समस्त अतिथियों और महाविद्यालय के शिक्षकों तथा छात्राओं ने चन्द्रमा सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दीपक चौहान 'जन सेवा गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सभागार हरहुआ में साहित्यकार चंद्रमा सिंह की 93वी जयंती अवसर पर साहित्यकार डॉ0 राघवेंद्र नारायण सिंह द्वारा संपादित 'चंद्रमा सिंह रचनावली खण्ड-2 के लोकार्पण ,परिचर्चा , काव्यगोष्ठी एवम सम्मान समारोह में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ग्राम प्रधान अनौरा दीपक चौहान को 'चंद्रमा सिंह स्मृति जनसेवा गौरव सम्मान 2026 'से सम्मानित किया गया।
राजेश्वरी ट्रस्ट के चेयरमैन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 राघवेंद्र नारायण सिंह के सानिध्य में ब्योबृद्ध साहित्यकारों ने अंगवस्त्र से अलंकृत करते हुए स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र सहित पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया।



प्रधान दीपक चौहान ने कहा कि मेरा जीवन गरीबों की सेवा,न्याय ,अधिकार और उनके कल्याण के लिए समर्पित है। सामाजिक विकास के कार्यो को धरातल पर उतार कर अब तक गाँव मे वरुणा घाट निर्माण , शिक्षा मन्दिर निर्माण ,सड़के ,सीवर , इंटरलाकिंग ,चौहान स्मृति द्वार का निर्माण ,अंत्येष्टि स्थल निर्माण, पौधरोपण , पंचायत भवन , सामुदायिक शौचालय से घर-घर शैचालय निर्माण , विद्युतीकरण ,स्वास्थ्य सेवाओं सहित घर-घर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का सराहनीय कार्य किया गया। हर झोपड़ी में मान सम्मान के साथ जीविकोपार्जन के संसाधन से लाभान्वित व प्रकाशित का सपना पूरा हुआ है। आज सम्मानित होकर बेहद खुशी का एहसास हो रहा है। सभी लोगों को समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियां निभाना जरूरी है।

# श्री वन शक्ति देवी धाम में उमड़ा आस्था का महासागर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। धर्मनगरी काशी स्थित वन शक्ति देवी धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। सनातन संघ के संस्थापक एवं पूज्य रतन वशिष्ठ जी महाराज के दिव्य सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु,शिष्य और भक्तजन शामिल हुए। प्रातःकाल से ही



संपूर्ण धाम परिसर वैदिक मंत्रोच्चार,गुरु वंदना और जयघोष से भक्तिमय हो उठा। महोत्सव का शुभारंभ पूज्य गुरुदेव के विधिवत गुरु पूजन एवं आरती से हुआ। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर गुरुदेव के श्रीचरणों में नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अपने प्रेरणादायी आशीर्वचनों में पूज्य रतन वशिष्ठ जी महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता,सत्संग की शक्ति तथा सनातन संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।
उन्होंने कहा कि गुरु का सानिध्य जीवन को सही दिशा,आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति प्रदान करता है। पूजन उपरांत आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। व्यासपीठ से गूंजती चौपाइयों और मधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिए। भजन संध्या में भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।संध्या आरती के बाद विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने अनुशासित एवं श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। धाम समिति द्वारा जलपान,विश्राम तथा महाप्रसाद वितरण की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की। दिनभर चले इस आध्यात्मिक महोत्सव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सनातन संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।
समारोह के समापन अवसर पर धाम समिति ने सभी श्रद्धालुओं,शिष्यों एवं सेवादारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग को इस भव्य आयोजन की सफलता का आधार बताया।गुरु पूर्णिमा महोत्सव ने एक बार फिर श्री वन शक्ति देवी धाम,काशी को श्रद्धा,सेवा और सनातन संस्कृति के सशक्त आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

मीरजापुर / विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर ष्ठमीपदक जीमˆ बंउष् कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में श्रम विभाग मीरजापुर एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान वाराणसी के तत्वाधान में होटल कोणार्क गैण्ड सबरी, मीरजापुर में किया गया।
कार्यशाला का उद्देश्य मानव तस्करी, आनलाइन ठगी एवं रोजगार के नाम पर होने वाले छल-कपट के विभिन्न तरीकों के प्रति समाज को जागरूक करना तथा मानव तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों एवं समुदाय के बीच समन्वय को मजबूत करना था।




कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं सामाजिक संस्थाओं के विशेषज्ञों ने बताया कि मानव तस्करी केवल महिलाओं और बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार, शिक्षा, विवाह तथा अन्य झूठे प्रलोभनों के माध्यम से भी लोग इसके शिकार बनते हैं। प्रतिभागियों को सुरक्षित प्रवासन, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, समय पर सूचना देने की प्रक्रिया तथा सरकारी सहायता तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समुदाय के सदस्यों तथा अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए मानव तस्करी की रोकथाम हेतु सामूहिक प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।
मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या से निपटने के लिए प्रशासन, विभिन्न विभागों, सामाजिक संस्थाओं एवं समुदाय की संयुक्त भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता ही इस अपराध की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है।
कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता फैलाने, संदिग्ध मामलों की समय पर सूचना देने तथा प्रत्येक व्यक्ति के सुरक्षित एवं सम्मान जनक जीवन के अधिकार की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कीर्ति कुमार मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, क्षेत्राधिकारी, (पुलिस विभाग) जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाष उपाध्या, प्रभारी निरीक्षक, ए0एच0टी0यू0, जिला समन्वयक, चाईल्ड लाईन, मीरजापुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्री संभव गुप्ता एडवोकेट, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान वाराणसी के कार्यकर्ता एवं स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# शीशम का पेड़ गिरने से नैपुरवा गांव की बिजली आपूर्ति ठप

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विद्युत वितरण खंड (ईडीडी) के हरहुआ उपकेंद्र अंतर्गत धनेसरी ग्राम सभा के नैपुरवा गांव में गुरुवार दिन में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गांव में स्थित एक शीशम का पेड़ अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में आकर विद्युत ट्रांसफार्मर अपने पोल से नीचे जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों के अनुसार पेड़ गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गनीमत रही कि उस समय ट्रांसफार्मर के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई।
गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई।
बिजली न रहने से घरों में पेयजल आपूर्ति, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक कार्य प्रभावित हो गया उमस भरी गर्मी के बीच बिजली नही होने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तत्काल जनहित में ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल की मांग की।

# सावन के प्रत्येक सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में "महा आरती" करेगा हिंदू जागृति मंच

**समाज जागरण**

संभल। हिंदू जागृति मंच ने निर्णय लिया है कि पवित्र श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को नगर संभल के विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर सामूहिक "महा आरती" का आयोजन किया जाएगा।
तिरंगा मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष श्रीमती मीनू रस्तोगी ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस पावन माह में कांवड़ियों का स्वागत-अभिनंदन करना और प्रत्येक सोमवार को संध्या बेला में मंदिरों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक कर महा आरती करना अत्यंत पुण्यदायी कार्य है। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा श्रावण के सभी सोमवारों के लिए मंदिरों में सामूहिक आरती की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रत्येक सोमवार को सभी शिवालयों में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा।
बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता को श्रावण मास की सामूहिक आरती आयोजन का प्रभारी मनोनीत किया। श्री शर्मा ने कहा कि हर वर्ष श्रावण मास में शिव मंदिरों में भक्ति, उपासना, कीर्तन, सत्संग, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक के साथ सामूहिक आरती करना हिंदू जागृति मंच की पुरानी परंपरा रही है। इस वर्ष हमारा प्रयास रहेगा कि नगर के सभी मंदिरों में एक साथ सामूहिक आरती हो। मंच के सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर धूमधाम से महा आरती करेंगे और शिवमय वातावरण बनाएंगे। इस अवसर पर ज्योति गुप्ता, आशा गुप्ता, सुभाष चंद्र मोंगिया, श्याम शरण शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, अतुल कुमार शर्मा, अंकुर रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, विकास कुमार वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता सुमन लता शर्मा ने की तथा संचालन बबीता भारद्वाज ने किया।

# जनता के लिए संसद या संसद के लिए जनता ?– बलीराजा पार्टी अध्यक्ष डॉ. महेंद्र धावडे का बयान

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। बलीराजा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. महेंद्र धावडे ने एक बयान जारी कर कहा है कि भारतीय संविधान के अनुसार देश में सर्वोच्च शक्ति जनता में निहित है और संसद जनता की प्रतिनिधि संस्था है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में "हम भारत के लोग" शब्द इस बात का स्पष्ट संकेत देते हैं कि संसद का अस्तित्व जनता की सेवा और कल्याण के लिए है।
डॉ. धावडे ने अपने बयान में संविधान के अनुच्छेद 79, 81, 13, 105 और 368 सहित सर्वोच्च न्यायालय के केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के ऐतिहासिक निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि संसद को कानून बनाने का अधिकार है, लेकिन वह नागरिकों के मौलिक अधिकारों या संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध कानून नहीं बना सकती। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और जन-प्रतिनिधित्व संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं तथा संसद स्वयं को जनता से ऊपर नहीं रख सकती।
उन्होंने कहा कि सांसद जनता द्वारा चुने जाते हैं और जनता के प्रति जवाबदेह हैं। यदि जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते हैं तो मतदाता उन्हें चुनाव के माध्यम से बदल सकते हैं। उनके अनुसार, संसदीय विशेषाधिकारों का उद्देश्य जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से सदन में उठाना है, न कि नागरिकों के अधिकारों का हनन करना। डॉ. धावडे ने हाल के किसान आंदोलनों, महिला पहलवानों के आंदोलन, पूर्व सैनिकों के विरोध-प्रदर्शनों और छात्र आंदोलनों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि आंदोलनकारियों के विरुद्ध बल प्रयोग की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे घटनाक्रमों से यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि जनता शासित और सत्ता सर्वोच्च है।
अंत में उन्होंने कहा कि संसद एक न्यासी (ट्रस्टी) संस्था है, जिसका संवैधानिक दायित्व लोककल्याण, जनहित में कानून निर्माण, कार्यपालिका पर निगरानी और जनता के कर से प्राप्त धन के उपयोग पर नियंत्रण सुनिश्चित करना है।
(यह समाचार बलीराजा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. महेंद्र धावडे द्वारा जारी बयान पर आधारित है। इसमें व्यक्त विचार उनके व्यक्तिगत/राजनीतिक हैं।)

# रहवासी इलाके में डेयरी, गोबर के ढेर से बढ़ी परेशानी, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

## शिवम कॉलोनी में दुर्गंध और गंदगी से त्रस्त रहवासी, नगर पालिका की कार्रवाई पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

शहडोल। नगर पालिका परिषद शहडोल के वार्ड क्रमांक 24 स्थित शिवम कॉलोनी गली नंबर 05 में रहवासी क्षेत्र के बीच संचालित डेयरी को लेकर लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार नरहरि मिश्रा द्वारा रहवासी इलाके में डेयरी संचालित की जा रही है। डेयरी से निकलने वाले गोबर और अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के अभाव में घरों के आसपास गंदगी, दुर्गंध और मक्खियों का प्रकोप बढ़ने का आरोप है।



**घर के सामने जमा होता है गोबर**

रहवासियों का कहना है कि डेयरी से निकलने वाला गोबर बड़ी मात्रा में घरों के आसपास एकत्र किया जाता है। लंबे समय तक गोबर जमा रहने से क्षेत्र में दुर्गंध बनी रहती है। बारिश के मौसम में गोबर और गंदगी के कारण स्थिति और खराब होने तथा कीड़े-मकौड़ों की समस्या बढ़ने की बात भी स्थानीय लोगों ने कही है।

**खुले में मवेशी छोड़ने का भी आरोप**

रहवासियों के मुताबिक डेयरी के मवेशियों को खुले में छोड़ दिया जाता है, जिससे कॉलोनी की गलियों और घरों के आसपास मल-मूत्र फैलने की समस्या बनी रहती है। इससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने के साथ लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने दुर्गंध और गंदगी से बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है।

**कई शिकायतें, फिर भी कार्रवाई का इंतजार**

रहवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर जिला कलेक्टर और नगर पालिका प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। लोगों का सवाल है कि यदि रहवासी क्षेत्र में डेयरी संचालन नियमों के अनुरूप है तो इसकी जांच क्यों नहीं कराई जा रही और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मौके पर जांच कराने, डेयरी से निकलने वाले गोबर एवं अपशिष्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ गोबर और गंदगी को तत्काल हटवाकर क्षेत्र को स्वच्छ कराने की मांग उठाई गई है।

# छात्रवृत्ति घोटाला: दोषी पर मेहरबानी, सत्याग्रहियों पर प्रशासनिक दबाव!

## आमरण अनशन का तीसरा दिन, तहसीलदार के आश्वासन को ठुकराया

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली। कन्या शिक्षा परिसर की पूर्व प्राचार्य द्वारा छात्रवृत्तियों में की गई लूट पर प्रशासन की "नरमी" और सत्य की आवाज उठाने वालों पर "सख्ती" का खेल तीसरे दिन भी जारी है। छात्रवृत्ति घोटाले में आरोप सिद्ध होने के बाद भी दोषी पूर्व प्राचार्य सरिता जैन को सिर्फ पद से हटाकर "पुरस्कृत" कर दिया गया। न निलंबन, न FIR इसी अन्याय के खिलाफ नगर के युवा अधिवक्ता बसंत तिवारी और अरुण विश्वकर्मा का आमरण अनशन अंबेडकर चौक में आज तीसरे दिन भी जारी है।



आज तहसीलदार नीलेश सिंह अनशन स्थल पर पहुंचे।

उनका मकसद था - "आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराओ"। लेकिन सत्याग्रहियों ने साफ कह दिया - "पहले कार्रवाई, फिर अनशन समाप्त"। प्रशासन की लीपापोती अब नहीं चलेगी। तीसरे दिन भूखे-प्यासे सत्याग्रहियों का स्वास्थ्य का जायजा लेने के लिए डॉक्टरों की टीम भेजी गई। स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, लेकिन जायज मांग का समाधान नहीं निकाला जा सका। इस सत्याग्रह ने प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहा है कि जब जांच में घोटाला सिद्ध हो चुका है, छात्रवृत्ति की राशि वापस के आदेश जारी कर दिये गये है, तो FIR दर्ज करने और निलंबन की कार्यवाही से प्रशासन को कौन रोक रहा है? छात्र संगठन और छात्राओं के अभिभावक भी अब पूछ रहे हैं - "क्या दोषी को बचाने के लिए प्रशासन जानबूझकर आंदोलन को लंबा खींच रहा है?" बिरसिंहपुर की जनता का साफ कहना है - या तो दोषी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए नहीं तो पाली की जनता शांत बैठने वाली नहीं है। एक प्राचार्य के ऊपर दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्यवाही न होना प्रशासन को कटघरे में खड़ा करके रख दिया है।की सत्य की लड़ाई में अभी और कितना समय लगेगा।

# जैतपुर वन परिक्षेत्र में 'सिंडिकेट' का राज!

## रेत वसूली, एटीपी घोटाला और पशु तस्करी... क्या रेंजर सिर्फ कागजी मोहरा? पढ़िए अंदर की पूरी कहानी!

**समाज जागरण**

जैतपुर (शहडोल)। मध्य प्रदेश शासन का वन विभाग, जो जंगलों और वन्यजीवों की सुरक्षा का दावा करता है, जैतपुर वन परिक्षेत्र में भ्रष्टाचार की नई इबारत लिख रहा है। वन क्षेत्र की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले जिम्मेदार ही अब कथित तौर पर अवैध कारोबारियों के सबसे बड़े मददगार बन चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूरे जैतपुर रेंज का कंट्रोल सिस्टम कुछ चुनिंदा 'चहेतों' के हाथों की कठपुतली बन चुका है।




**मलया बीटः रेत उत्खनन और 'महीना वसूली' का खेल**

मलया क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत का कारोबार चरम पर है। सूत्रों का दावा है कि मलया बीट के आशीष शुक्ला और स्थानीय साठगांठ के जरिए रेत कारोबारियों से बाकायदा 'मासिक वसूली' (हफ्ता/महीना) का खेल चल रहा है। नदी का सीना चीरकर रेत निकाली जा रही है। शिकायतें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। कथित तौर पर संरक्षण देने के बदले मोटी रकम की लेनदेन जारी है। ईटीपी (ETP) घोटालाः किसान परेशान, ठेकेदार मेहरबान मध्य प्रदेश शासन द्वारा किसानों को अपनी ही लकड़ी परिवहन के लिए जो एटीपी (अनुज्ञा पत्र) जारी किया जाता है, उसमें जैतपुर रेंज कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर (नीलेश बरगाही) मुख्य सूत्रधार बनकर उभरा है। किसानों का हक छीनाः नियमों के मुताबिक किसान को स्वयं उपस्थित होकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और प्रक्रिया पूरी करनी होती है। ठेकेदारों से 'सेटिंग': ऑपरेटर नीलेश कथित तौर पर किसानों को दरकिनार कर सीधे लकड़ी ठेकेदारों से मिलकर अपने ही स्तर पर ऑनलाइन बैंकिंग और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी करता है। मोटी रकम का बंदरबांटः एटीपी और पंजीयन के नाम पर ठेकेदारों से मोटी रकम वसूली जाती है। चर्चा तो यह भी है कि इस 'काली कमाई' का हिस्सा बीट प्रभारी से लेकर रेंजर और वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुँचाया जाता है, जिससे ठेकेदार रातों-रात पूंजीपति बन रहे हैं।

**कौन चला रहा है जैतपुर रेंज? रेंजर या 'समांतर सरकार'?**

जैतपुर रेंज में भले ही पद पर प्रजापति जी (रेंजर) तैनात हैं, लेकिन चर्चा है कि रेंज की असली कमान बरसों से जमे आशीष शुक्ला और निलेश बरगाही के हाथों में है। कागजी मायाजालः

रेंज कार्यालय में आने वाली फाइलें और कागजात पहले आशीष शुक्ला द्वारा 'वेरीफाई' होते हैं। इसके बाद फाइल कंप्यूटर ऑपरेटर के पास और अंत में आशीष शुक्ला के इशारे पर ही रेंजर महोदय के हस्ताक्षर होते हैं। क्या कोई रेंजर इतना बेबस हो सकता है कि उसकी कलम किसी कर्मचारी के इशारे पर चले?

बेजुबान जानवरों की बलि और पशु तस्करी जैतपुर के घने जंगलों से होकर ऐसे कई अवैध मुख्य मार्ग बन चुके हैं, जहाँ से रात के अंधेरे में बेजुबान मवेशियों और वन्यजीवों की तस्करी प्रदेश से बाहर की जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या वन विभाग की गश्ती टीम केवल कागजों पर चल रही है? अगले अंक में देखिए बड़ा धमाका... कौन-कौन से ठेकेदार हैं इस सिंडिकेट में शामिल? किस बैंक अकाउंट से होता है एटीपी के खेल का लेन-देन? पशु तस्करी के उन गुप्त रास्तों का नक्शा, जहाँ से रोज गुजरते हैं तस्कर! पढ़ते रहिए... परत-दर-परत खुलेगी जैतपुर वन परिक्षेत्र की हर काली करतूत!

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत चचाई पुलिस का जन-जागरण अभियान लगातार जारी

**विजय तिवारी अनूपपुर**

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी चचाई फूलमती अहिरवार एवं उनकी पुलिस टीम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। धान की रोपाई कर रहे किसानों, कोयला खदानों पावर प्लांट ,सोडा फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, बैंक कर्मचारियों एवं ग्राहकों सहित समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचकर पुलिस टीम नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दे रही है। लोगों को समझाया जा रहा है कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

अभियान के दौरान नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार एवं युवाओं को भी इसके प्रति जागरूक करें तथा यदि कहीं अवैध मादक पदार्थों का निर्माण, बिक्री या सेवन होता दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। जनसहभागिता के माध्यम से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। गुरुवार को थाना प्रांगण में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चचाई पुलिस का संकल्प है कि क्षेत्र का प्रत्येक गाँव, प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक कार्यस्थल और प्रत्येक परिवार नशे के विरुद्ध जागरूक बने तथा नशामुक्त मध्यप्रदेश के लक्ष्य को जनसहयोग से साकार किया जाए।

# मां काली मंदिर सिंहपुर बना लोक न्यास, सर्वसम्मति से गठित हुई पहली कार्यसमिति

## एसडीएम लोक न्यास ने जारी किए आदेश, ऑनलाइन बैंक खाते और दफस्कैनर से होगा मंदिर की आय-व्यय का संचालन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल मां काली मंदिर सिंहपुर एवं मंदिर परिसर को मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के अंतर्गत विधिवत लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किए जाने के बाद ट्रस्ट की प्रथम कार्यसमिति का गठन कर दिया गया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक लोक न्यास, सोहागपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आयोजित प्रथम सामान्य सभा में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके साथ ही मंदिर के प्रशासन, आय-व्यय और विकास कार्यों को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



**लोक न्यास अधिनियम के तहत हुआ पंजीयन**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास, सोहागपुर द्वारा जारी प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया है कि "मां काली मंदिर लोक न्यास, सिंहपुर, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल" का मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 के तहत विधिवत पंजीयन किया गया है। प्रमाणपत्र 27 जुलाई 2026 को न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

**सदस्यता प्रक्रिया पूरी होने के बाद हुई पहली सामान्य सभा**

आदेश के अनुसार मंदिर ट्रस्ट की सदस्यता के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर इच्छुक लोगों को सदस्य बनाया गया। सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 15 जुलाई 2026 को प्रथम सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद एवं विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति संबंधी पत्रों सहित प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया तथा सर्वसम्मति से कार्यसमिति का गठन किया गया।

**इन पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी**

प्रथम कार्यसमिति में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष शिवनारायण द्विवेदी, पिता रामनारायण द्विवेदी, निवासी सिंहपुर, उपाध्यक्ष मनीष शुक्ला पिता स्वर्गीय रामचन्द्र शुक्ला ग्राम नरगी, सह सचिव श्रवण श्रीवास्तव पिता स्व. राजेश कुमार श्रीवास्तव, निवासी सिंहपुर, सह कोषाध्यक्ष दीपेश तिवारी, पिता जगदीश प्रसाद तिवारी, निवासी सिंहपुर , स्थायी सदस्य जगदीश प्रसाद तिवारी, पिता स्व. रोहणी प्रसाद तिवारी, निवासी सिंहपुर को बनाया गया है

**तहसीलदार और नायब तहसीलदार करेंगे सहयोग**

जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मां काली मंदिर लोक न्यास से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तहसीलदार सोहागपुर एवं नायब तहसीलदार सिंहपुर के सहयोग से सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि मंदिर का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके।

**बैंक खाता और दफस्कैनर खोलने के निर्देश**

पंजीयक लोक न्यास ने आदेश में यह भी निर्देशित किया है कि मां काली मंदिर लोक न्यास के नाम से अविलंब बैंक खाता खोला जाए तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और वित्तीय पारदर्शिता के लिए दफस्कैनर भी स्थापित किया जाए। मंदिर की समस्त आय-व्यय की गतिविधियां ऑनलाइन बैंक खाते के माध्यम से संचालित की जाएंगी, जिससे आर्थिक लेन-देन का व्यवस्थित रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

पारदर्शी एवं व्यवस्थित प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मंदिर को लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किए जाने और पहली कार्यसमिति के गठन के बाद अब धार्मिक, सामाजिक एवं विकास संबंधी गतिविधियों के संचालन के लिए संस्थागत व्यवस्था तैयार हो गई है। बैंकिंग व्यवस्था लागू होने से दान एवं अन्य आय का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित होगा तथा मंदिर के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दमोहः सेवा सरकारी समिति मगरोन मूंग खरीदी केंद्र पर रिश्वतखोरी का आरोप, प्रति क्विंटल ₹300 वसूली का कथित वीडियो आया सामने

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले के मगरोन मूंग खरीदी केंद्र से किसानों के साथ कथित रूप से रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। आरोप है कि केंद्र पर मूंग खरीदी के नाम पर किसानों से प्रति क्विंटल ₹300 की अवैध वसूली की जा रही है। इस पूरे मामले का एक कथित वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद किसानों में नाराजगी व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि बिना रिश्वत दिए उनकी उपज की खरीदी प्रक्रिया में अनावश्यक देरी की जाती है, जबकि पैसे देने वालों का काम प्राथमिकता से किया जाता है। इससे दूर-दराज से अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सामने आए कथित वीडियो में कुछ लोगों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर बातचीत होती दिखाई और सुनाई देने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। यदि किसानों के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल सरकारी खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है, बल्कि किसानों के हितों के साथ भी बड़ा खिलवाड़ माना जाएगा। किसान दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस कथित वीडियो का संज्ञान लेकर जांच कराते हैं या नहीं। जांच के बाद ही आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

# पटना के दुकान में घुसकर पांच छह दबंगो ने किया कर्मचारियों से मारपीट

## पुलिस कार्रवाई न होने से व्यापारियों में आक्रोश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोगी नहर स्थित एक शोरूम में दिनदहाड़े पांच-छह दबंगों द्वारा घुसकर दुकानदार और कर्मचारियों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह करीब 9:00 बजे हुई इस पूरी वारदात की तस्वीरें दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।पीड़ित कर्मचारी बबलू कुमार ने बताया कि आरोपितों ने बिना किसी पूर्व उकसावे के अचानक दुकान में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले उन्हें दुकान के अंदर पीटा गया और फिर खींचकर बाहर ले जाकर भी उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के अनुसार, इस घटना में भानु कुमार प्रताप (पिता- दीपक सिंह), प्रेम कुमार (पिता- प्रमोद साहू) और उनके परिवार के अन्य लोग शामिल थे। सभी आरोपित स्थानीय निवासी हैं और पीड़ित उन्हें पहले से अच्छी तरह जानता है।घटना के तुरंत बाद पीड़ित द्वारा गौरीचक थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल की जांच की और दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी अपने साथ ले गई। हालांकि, कई घंटे बीत जाने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पीड़ित पक्ष और स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सोगी नहर मार्ग एक व्यस्त इलाका है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में दिनदहाड़े दुकान में घुसकर मारपीट की घटना से पूरे इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पीड़ित और स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# पटना में मतदान के दौरान बूथ के पास शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

## सिटी एसपी ममता कल्याणी ने संभाला मोर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में शराबबंदी कानून के सख्त पालन और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पटना पुलिस लगातार मुस्तैद है। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मतदान के दौरान पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या-366 के समीप पुलिस ने एक संदिग्ध शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद होने के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मतदान के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि बूथ संख्या-366 के पास एक व्यक्ति अवैध शराब की खेप के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पीरबहोर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और संदिग्ध को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से शराब बरामद हुई। आशंका जताई जा रही है कि इस शराब का इस्तेमाल चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जाना था। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी (मध्य) ममता कल्याणी तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले या अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किसे डिलीवर किया जाना था। इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए छापेमारी जारी है। प्रशासन ने दोहराया है कि उपचुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए ऐसी असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



# पटना के बाढ़ में सड़क किनारे मिला युवक का शव

## पास में देसी कट्टा मिलने से सनसनी; हत्या की आशंका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सिकंदरपुर प्राथमिक विद्यालय के समीप सड़क किनारे मिले इस शव के पास ही एक देसी कट्टा भी बरामद हुआ है, जिससे यह मामला हत्या या किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार की सुबह जब लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले, तो उनकी नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। घटना की सूचना तुरंत बाढ़ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे इलाके को सील कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

प्रथम दृष्टया मृतक के सिर में गोली लगने के गंभीर निशान पाए गए हैं। हालांकि, यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का, यह पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। शुरूआती तौर पर मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, हालांकि स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि मृतक बासोबगी गांव का रहने वाला सुजीत कुमार हो सकता है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।घटनास्थल से पुलिस ने देसी कट्टा समेत कई अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि मृतक की पहचान और घटना की असल वजह का पता लगाया जा सके। दिनदहाड़े इस तरह शव मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से बारीकी से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पटना में शादी का झांसा देकर दो महीने तक नाबालिग का यौन शोषण

## विरोध करने पर चाकू से हमला; चार नामजद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी का झांसा देकर एक नाबालिग के साथ करीब दो महीने तक यौन शोषण किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने और शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता की दादी की लिखित शिकायत पर गुरुवार शाम मसौढ़ी थाने में पोक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, मुख्य आरोपी पिछले दो महीनों से शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग का यौन शोषण कर रहा था। आरोप है कि बीते बुधवार की रात करीब 11 बजे जब पीड़िता ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने धारदार चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़िता की दादी पर भी हमला कर उनका हाथ जख्मी कर दिया गया।परिजनों का आरोप है कि इस दौरान मुख्य आरोपी की दोनों बहनों (रानू और रानी) तथा उसके पिता हसीन मलिक ने भी मारपीट की। जान बचाने के लिए घायल पीड़िता जब पड़ोस के एक घर में भागी, तो आरोपी वहां भी पीछा करते हुए पहुंच गया और दोबारा हमला करने का प्रयास किया। हालांकि, शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपी दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 682/26 दर्ज करते हुए मो. जिशान मलिक, उसके पिता हसीन मलिक और दोनों बहनोंरानू व रानी को नामजद अभियुक्त बनाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है, जो फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

# पटना के मसौढ़ी में 15 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस खंगाल रही तस्करी का नेटवर्क

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरांट मोड़ के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। संयुक्त पुलिस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 किलोग्राम गांजा के साथ एक कुख्यात सप्लायर को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस इस मामले में आधिकारिक तौर पर शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी देने की बात कह रही है। सूत्रों के अनुसार, एक बाहरी पुलिस टीम किसी कार्य से उस मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर जब एक युवक को रोककर पूछताछ की कोशिश की गई, तो वह पुलिस को देखते ही भागने लगा। मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर उसे दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से करीब 15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गंगाचक निवासी राजू कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बाहरी पुलिस टीम ने आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय मसौढ़ी थाने के हवाले कर दिया।फिलहाल मसौढ़ी पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि भारी मात्रा में यह गांजा कहां से लाया गया था, इसे स्थानीय स्तर पर किसे सप्लाई किया जाना था और इस अवैध कारोबार के पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

# अनपरा परियोजना के सीजीएम ने फीता काटकर श्रावणी मेले का किया उद्घाटन

**मेले भारतीय संस्कृति की पहचानः अजय कटियार**

**समाज जागरण/ अकबर अली**

अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्रावणी महोत्सव मेला का गुरुवार शाम को परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक व मुख्य अतिथि इं अजय कटियार व ज्योति पुंज महिला मण्डल की अध्यक्षा आभा कटियार ने विधिवत पूजन अर्चन के साथ फीता काटकर उदघाटन किया।



मुख्य अतिथि ने कहा कि मेला भारतीय संस्कृति की आज भी पहचान है जिसे जीवंत रखना बहुत जरूरी है। इनसे स्वस्थ मनोरंजन के साथ ही आपसी भाईचारा भी पैदा होता है। यह परंपरागत श्रावणी मेला अवश्य अपने उद्देश्य में सफल साबित होगा।मेले में विभिन्न प्रकार के झूले,जल परी,खेल कूद से लेकर लघु व्यवसायियों की विभिन्न प्रदेशों की सामग्री वाली दुकानें स्थानीय परियोजना कर्मियों व आस पास के समुदाय के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगी।मुख्य अति व विशिष्ट अतिथियों में इं सोमनाथ मिश्र, महाप्रबंधक प्रशासन, इं प्रशांत त्रिपाठी महाप्रबंधक द ताप, इं चंद्र प्रकाश महाप्रबंधक ब ताप, इं डीके सिंह महाप्रबंधक अ ताप, नीतीश कुमार तोमर समादेष्टा सीआईएसफ इकाई, रीना चतुवेर्दी, रेनू सिंह, सीमा सिंह, इं कर्मेंद्र सिंह अधीक्षण अभियंता मुख्यालय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने मेले में लगे विभिन्न स्टालों व झूलों का निरीक्षण किया।श्रावणी मेला एवं रामलीला समिति के अध्यक्ष,सचिव सहित सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन इं धर्मेंद्र राम करन ने किया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता इं उत्पल शंकर, इं आलोक त्रिपाठी, इं आरके सिंह, इं एसके रजक, इं वीके सिंह, इं महेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा, इं बीआर पटेल, इं ओपी भारती, इं राम प्यारे वर्मा, इं अनिल कुमार, इं रमेश कुमार, इं राजेश सचान, इं अशोक कुमार सहायक अभियंता इं अजय सिंह,इं संजय सिंह, इं मनीष सिंह, इं बलराम, इं आशीष, समिति के अध्यक्ष विनोद आनंद, सचिव अभिषेक सिंह, ज्योति पंज महिला मंडल की तरफ से शालिनी चन्द्रविजय, ममता सिंह, रूबी सिंह, वर्तिका केशरवानी, स्वीटी केन, अंजू चौरसिया मेला समिति के अन्य पदाधिकारियों में मुकेश जायसवाल, राजकुमार यादव, श्याम बिहारी सिंह, राकेश जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद सिंह, जितेंद्र जायसवाल, बृज बिहारी यादव, सीलियम मसीह, महेश, प्रभाकर सिंह, प्रमोद मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा, अखिलेश कुमार, इन्द्रेश सिंह, नीरज जायसवाल, महेश, कैलाश चंद्र पाल, राकेश चौहान, सतीश कुमार मधुकर, सुरजन सिंह सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भीषण सड़क हादसा के बाद बोलेरो पलटी, चालक समेत दो की मौत, दो गंभीर घायल

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोहरा गांव के समीप बुधवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बोलेरो चालक समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने के प्रयास में बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। जानकारी के अनुसार, बोलेरो सवार वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर अजय शुक्ला की बहन को छोड़कर रॉबर्ट्सगंज लौट रहे थे। देर रात जब वाहन लोहरा गांव के समीप पहुंचा, तभी सड़क पर अचानक एक मवेशी आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बोलेरो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में रॉबर्ट्सगंज





कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। वहीं दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस हादसे में निकेश (25) पुत्र बाबूलाल, निवासी जयमोहनी, थाना पन्नूगंज तथा मुराहू (72) पुत्र अलियार, निवासी अमिलिया, थाना पन्नूगंज की मौत हो गई। बताया गया कि निकेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घायलों में अजय शुक्ला (22) पुत्र संतोष शुक्ला निवासी अमिलिया तथा अनिल देव पांडेय (28) पुत्र दयाशंकर पांडेय निवासी नरोत्तमपुर, थाना पन्नूगंज शामिल हैं।

दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने के प्रयास में वाहन का अनियंत्रित होना सामने आया है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

# नीति आयोग टीम ने प्राथमिक विद्यालय सड़क टोला का किया निरीक्षण

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक की बभनी ग्राम पंचायत स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सड़क टोला में नीति आयोग की एक टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने पांच प्रमुख बिंदुओं पर विद्यालय की जांच की, जिनमें बुनियादी ढांचा, सीखने का स्तर, शिक्षकों की उपलब्धता, छात्र उपस्थिति और स्कूल प्रबंधन शामिल थे। निरीक्षण के दौरान, टीम ने लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग, क्रियाशील शौचालयों और साफ पीने के पानी की उपलब्धता का आकलन किया। इसके अतिरिक्त, कक्षाओं में बिजली की आपूर्ति, डिजिटल शिक्षा के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी और कंप्यूटर लैब की स्थिति का भी जायजा लिया



गया। टीम ने छात्रों के सीखने के स्तर और परिणामों पर विशेष ध्यान दिया। यह जांचा गया कि क्या छात्र केवल रटकर सीख रहे हैं या उन्हें बुनियादी गणित (जैसे भाग) और पढ़ने का वास्तविक ज्ञान है। बच्चों की व्यावहारिक सोच और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने की क्षमता का भी मूल्यांकन किया गया। शिक्षकों की उपलब्धता और प्रशिक्षण के संबंध में, टीम ने यह सुनिश्चित किया कि स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे न चल रहा हो। शिक्षकों की उपस्थिति, उनकी विषय विशेषज्ञता और प्रशासनिक कार्यों के बोझ की भी समीक्षा की गई। स्कूल प्रबंधन और गवर्नेंस के तहत, स्कूल प्रबंधन समितियों की सक्रियता और स्थानीय स्तर पर फंड के उचित उपयोग की जांच की गई। मिशन कायाकल्प जैसी सरकारी योजनाओं के तहत हुए कार्यों, जैसे टाइल्स लगाना, पेंटिंग और कक्षाओं के आधुनिकीकरण का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इस दौरान, टीम ने स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, रसोइयों और प्रबंधन समिति के सदस्यों से बातचीत कर विस्तृत जानकारी जुटाई। नीति आयोग की टीम में जांच अधिकारी निधि वर्मा, कुलभूषण और प्रतीक कुमार शामिल थे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ भौतिक परिवेश के विभिन्न मापदंडों की गहन जांच की। टीम ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों से भी पीएम श्री विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें जागरूक करने की बात कही। इस निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, एआरपी विष्णु दयाल यादव और संकुल शिक्षक कृष्ण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# खेत में घोड़ा बांधने व पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर चटकी लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी से हमला, दो घायल

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के कोंगा गांव में वृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे खेत में घोड़ा बांधने और पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बभनी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, खेत में घोड़ा बांधने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर पुरानी जमीनी रंजिश भी सामने आ गई और दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। आरोप है कि एक पक्ष प्रेमचंद,नंदू, दिनेश तथा शोभनाथ निवासी कोंगा ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे बृजेश्वर 55 पुत्र बलवीर निवासी



कोंगा तथा दूसरे पक्ष से नंदू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी बभनी भिजवाया तथा दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया कि खेत में घोड़ा बांधने और पुराने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वें वित्त आयोग के प्रस्तावों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं वंदन योजना के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निदेर्शानुसार एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक



कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वन्दन योजना के अन्तर्गत चुर्क नगर पंचायत में शीतला माता मंन्दिर पर अवस्थापना सुविधायें एवं सौन्दर्यीकरण कराने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किये। जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रस्तावों का परीक्षण करते हुए उपयुक्त एवं जनहितकारी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की तथा जो प्रस्ताव योजना की गाइडलाइन के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके स्थान पर नियमों के अनुरूप अन्य जनोपयोगी कार्यों के प्रस्ताव दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे नगरों की उपयोगिता, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं तथा सौंदर्यीकरण में प्रभावी वृद्धि हो और आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का क्रियान्वयन गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, नगर निकाय के सभी अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित अवर अभियंता उपस्थित रहे।

# अब ये लड़ाई आदिवासी मूलनिवासी के अस्मिता की लड़ाई हैः सदीप मिश्र

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

कोन/ सोनभद्र। स्थानीय ब्लाक के तरिया क्षेत्र के खलटन्गावा में पेड़ हैं तो प्राण हैं जनान्दोलन के तहत सभी आदिवासी भाई बहनो व परिवारिजनो को फलदार पेड़ वितरित किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र ने कहा कि हमारा आदिवासी परिवारिजन पेड़ लगाएगा व बचाएगा उसको को कापोरेट नक्सली आकर काट ले जायेगा केन्द्र सरकार के सरक्षण में ऐसा हम लोग बर्दाश्त नहीं करने वाले। वही कार्यक्रम में तरिया के क्रान्तिकारी नेता लक्ष्मन वादी ने कहा कि ये जल जंगल जमीन हम



आदिवासी लोगों के पूर्वजों की सरक्षित की हुई है इसे किसी किमतपर कटने नहीं दिया जायेगा। वही ग्रामीण कन्हैया चेरो ने कहा कि ये जल जंगल जमीन की लड़ाई नहीं है आदिवासी अस्मिता की लड़ाई है आने वाले चुनाव में संवेदनहीन सरकार को उखाड़ फेका जायेगा। वही रामसूरत सिंह खरवार ने कहा कि एक भी घर किसी का नहीं उजाड़ने दिया जायेगा भले से ही जान चली जायेगी। आज के कार्यक्रम में योगेन्द्र राघवेन्दर सीताराम गोण दिनेश चेरो बाबा बैगा बासमती रन्नो व विन्दू खरवार व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अनपरा पुलिस द्वारा NDPS एक्ट के मुकदमे में 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय)



अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। आज दिनांक 30.07.2026 को थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा संख्या-446/2015, राज्य बनाम मनोज कुमार साहनी, धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त विकास कुमार चौहान पुत्र रमाशंकर चौहान, निवासी रेनुसागर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया।

# ग्रापए की घोरावल तहसील इकाई के अध्यक्ष बने रोहित कुमार तिवारी व तमाम पदों पर चुने गए कलमकार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। विकासखंड करमा अंतर्गत बाबा बिहारी इंटर कॉलेज भरकवाह मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संयोजक /अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में घोरावल तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमें पूर्व तहसील अध्यक्ष बुद्धि नाथ यादव के प्रस्ताव पर सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष के पद पर रोहित कुमार त्रिपाठी को चुना गया वहीं उपाध्यक्ष के पद पर अब्दुल मेराज खान, अखिलेश यादव, शिवेंदु शुभम महामंत्री के पद पर ज्ञान दास कनौजिया, दयाशंकर गुप्ता, गणेश देव पांडे, वह मंत्री संप्रेक्षक संगठन मंत्री कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य व अन्य पदों पर भी कलमकारों को चुना गया बैठक में जिला संयोजक /अध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि





पत्रकार हित सर्वोपरि है हम सभी को एकजुट होकर पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न करने वालो से लड़ना है इस मौके पर दर्जनों कलमकार उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सेराज अहमद ने किया।

# बाबाधाम देवघर के लिए कांवरियों का जत्था रवाना, बोल-बम के जयकारे से गूंजा क्षेत्र

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। श्रावण मास के पावन अवसर पर बभनी से बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए कांवरियों का जत्था गुरुवार को रवाना हुआ। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने बभनी स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूरा क्षेत्र "बोल-बम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। कांवरिए शुक्रवार को सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा शुरू करेंगे और सोमवार को बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ



का जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। जत्थे में संतोष कुमार, नरेश रवानी, अरविंद गुप्ता, विनोद कुशवाहा, गोपी कुशवाहा, रंजीत कश्यप, सुभाष रवानी और बैजनाथ कुशवाहा सहित अन्य शिवभक्त शामिल रहे।

# थाना पिपरी पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**करीब ₹२०,000/- कीमत के चोरी के कपड़े, मोबाइल फोन एवं ₹1,२50/- नगद बरामद**

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करने एवं घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष पिपरी के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 30.07.2026 को उ0नि0 जितेन्द्र सरोज, चौकी प्रभारी रेनुकूट, थाना पिपरी मय हमराह पुलिस बल के क्षेत्र में रोकथाम जुर्म-जरायम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 139/2026 धारा 305(a), 331(4), 317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अयोध्या प्रसाद पुत्र स्व0 दल्लू प्रसाद, निवासी सुपाचुआ, थाना



म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 39 वर्ष को दिनांक 30.07.2026 को समय करीब 09:35 बजे मुर्धवा-रनटोला के मध्य पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 05 अदद जीन्स, 03 अदद टी-शर्ट, 02 अदद शर्ट, 01 अदद फ्रॉक, 01 अदद लावा कम्पनी का की-पैड मोबाइल फोन एवं ₹1,250/- नगद बरामद किया गया।

बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग ₹20, 000/- है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# थाना शक्तिनगर साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड की ₹13,000/- धनराशि पीड़ित के खाते में कराई वापस

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर साइबर क्राइम टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। आवेदक राजेश गुप्ता निवासी चिल्काटांड, थाना शक्तिनगर,





जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि स्थानांतरित करा ली गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना शक्तिनगर साइबर टीम द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा टफ्ट पोर्टल के माध्यम से कुल ₹13,000/- (तेरह हजार रुपये) की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र एवं थाना शक्तिनगर साइबर टीम के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# पिपरी पुलिस ने साइबर फ्रॉड की ₹14,283/- धनराशि पीड़ित के खाते में कराई वापस

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई।

आवेदक विक्की निवासी रेनूकूट,



थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि स्थानांतरित करा ली गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना पिपरी पुलिस द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस जारी कर कुल ₹14,283/- (चौदह हजार दो सौ तिरासी रुपये) की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र एवं थाना पिपरी पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# हिंद आईटीआई में माई भारत जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 30 जुलाई 2026: भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में माय भारत, पूर्वी सिंहभूम द्वारा हिंद इंडस्ट्रियल



ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मानगो में MY Bharat Portal जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हिंद आईटीआई के निदेशक डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन, मुख्य अतिथि एवं जिला युवा अधिकारी मोन्टू पातर तथा शिक्षक हाजी अफताब आलम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को MY Bharat Portal की जानकारी दी गई, ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया तथा सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति शपथ ली। अंत में निदेशक डॉ. मोहम्मद ताहिर हुसैन ने मुख्य अतिथि मोन्टू पातर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर युवाओं को कौशल विकास, रोजगार के अवसरों एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

# इंडियन ट्रेड लिंक्स ने किए मासिक संयुक्त बैठक (सेफ्टी मास मीटिंग) का आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण**

जमशेदपुर (झारखंड), 28 फरवरी, 2026: इंडियन ट्रेड लिंक्स ने गुरुवार को जमशेदपुर में टाटा स्टील लिमिटेड परिसर के स्कैफोल्डर कॉन्ट्रैक्टर्स पार्क में सुरक्षा पर केंद्रित एक संयुक्त बैठक आयोजित की। इस बैठक में लवदीप और विनोद पाण्डेय विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से शॉप फ्लोर पर कॉन्ट्रैक्ट वर्करों की सुरक्षा को बेहतर बनाने और सुरक्षा से जुड़ी पहलों में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। सेफ्टी ऑफिसर सरफराज और नीरज ने बैठक का एजेंडा बताया और स्कैफोल्डर्स के सुरक्षा प्रदर्शन और नई पहलों के असर के बारे में जानकारी दी। श्री पाण्डेय और लब्दीप ने कंपनी में हाल ही में हुई गंभीर दुर्घटनाओं का ज़िक्र किया और 'जीरो हार्म' अभियान में कॉन्ट्रैक्ट वर्करों और वेंडरों की सक्रिय भागीदारी की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़े नैतिक मुद्दों पर खुलकर बात



करने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनी के मैनेजर लवदीप और विनोद ने अब तक के बेहतरीन सुरक्षा प्रदर्शन और कर्मचारियों की प्रभावी कार्यों के लिए की तारीफ भी की। साथ ही उन्होंने वर्करों की चिंताओं को सुना और उनके सुझावों का स्वागत किया। इसके अलावा, महीने के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को तोहफे देकर सम्मानित किया गया।सम्मानित होने वालों में सुपरवाइजर मुकेश कुमार शर्मा, स्कैफोल्डर राज कुमार कैवर्ता,कलोल रॉय,बबलू महतो,ड्राइवर रोशन महतो के साथ साथ (सभी कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए) एडमिन भी शामिल थे।

# बदहाल सड़क पर छात्रों ने रोपा धान, सड़क निर्माण की मांग को लेकर अनोखा विरोध

**समाज जागरण**

ईचागढ़। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टिकर पंचायत के जोड़ा पुल से कुल्टाड जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण पैदल चलना तो दूर, साइकिल से आवागमन करना भी मुश्किल हो गया है।







यह सड़क आसपास के गांवों के लोगों के साथ-साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए आवागमन का प्रमुख मार्ग है। इसी रास्ते से होकर विद्यार्थी मिडिल स्कूल और हाई स्कूल जाते हैं। छात्र-छात्राओं का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें काफी समय लग जाता है। वहीं, मुख्य सड़क से होकर स्कूल जाने पर करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

सड़क की बदहाली से नाराज छात्र-छात्राओं ने स्कूल की छुट्टी के बाद अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने जर्जर और कीचड़ से भरी सड़क पर ही धान रोपकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित किया। धान रोपण करने वालों में छात्र सौरभ उरांव, मंतोष उरांव, रोबवारी कुमारी, शिल्पा कुमारी और बेबी कुमारी समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

छात्र-छात्राओं ने कहा कि वे प्रतिदिन इसी सड़क से होकर स्कूल जाते हैं। कई बार सड़क की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उनका कहना है कि सड़क की बदहाली के कारण उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से सड़क की स्थिति खराब है। जनप्रतिनिधि बदलते रहे, लेकिन सड़क की समस्या जस की तस बनी हुई है।

छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क पर धान रोपकर किया गया विरोध अब चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत अथवा निर्माण कराने की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

# विजयश्री ऑटोकॉम के त्रिपक्षीय समझौते पर विवाद, रश्मि भेंगरा ने न्यूनतम मजदूरी लागू करने की मांग उठाई

**अभय कुमार मिश्रा, ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 30 जुलाई 2026: विगत दिनों 'विजयश्री ऑटोकॉम लिमिटेड' कंपनी में हुए त्रिपक्षीय समझौते को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता रश्मि भेंगरा ने इस समझौते पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे श्रमिकों के अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया है। उनका आरोप है कि इस समझौते में श्रम विभाग के स्पष्ट आदेशों और सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई है।

रश्मि ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 25 मई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के सभी प्रतिष्ठानों में 1 अप्रैल 2026 से ही पुनरीक्षित न्यूनतम मजदूरी दर लागू करने का सख्त आदेश दिया गया है।

लेकिन इसके विपरीत, सरकार के नियमों को ताक पर रखते हुए झामुमो प्रतिनिधिमंडल, इसरो प्रतिनिधि और कंपनी प्रबंधन के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते में न्यूनतम मजदूरी दर को अगस्त 2026 से लागू करने पर सहमति जताई गई।

सत्ता में बैठकर नियमों की अनदेखी कर रहे झामुमो नेताओं पर रश्मि भेंगरा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा, "झामुमो के नेता खुद सत्ता में रहते हुए सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यदि श्रमिकों को बढ़ा हुआ वेतन अगस्त माह से दिया जाएगा, तो पिछले 4 महीनों (अप्रैल से जुलाई) का वेतन वृद्धि



श्रमिकों को नहीं मिलेगी। यह सीधे-सीधे गरीब मजदूरों के गाढ़े पसीने की कमाई पर डाका डालने जैसा है।"

**कंपनी प्रबंधन और प्रशासनिक तंत्र पर उठे सवाल**

रश्मि भेंगरा ने कहा कि विजयश्री ऑटोकॉम के साथ हुआ यह समझौता कंपनी प्रबंधन की घोर लापरवाही और श्रमिक-विरोधी कार्यप्रणाली को उजागर करता है। यदि सरकार द्वारा अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी पहले से प्रभावी थी, तो उसे भविष्य की तिथि से लागू करने पर सहमति कैसे बनी? इससे यह आशंका पैदा होती है कि लंबे समय तक श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि यह मिनट्स ऑफ मीटिंग श्रम प्रवर्तन अधिकारी की उपस्थिति में तैयार हुआ। ऐसे में संबंधित श्रम अधिकारियों की भूमिका, संवेदनशीलता और सरकारी अधिसूचनाओं के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों और प्रबंधन के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए।

मांग है कि अवैध समझौते को तत्काल रद्द करते हुए श्रम विभाग के नियमानुसार 1 अप्रैल से ही बढ़ा हुआ मजदूरी दर लागू हो। श्रमिकों को पिछले 4 महीनों के बकाए वेतन वृद्धि का भुगतान एकमुश्त किया जाए।

रश्मि भेंगरा ने चेतावनी दी है कि यदि श्रमिकों को उनका जायज हक नहीं मिला और 1 अप्रैल से वेतन वृद्धि के साथ न्यूनतम मजदूरी लागू नहीं की गई, तो श्रमिकों के हित में उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# बेरासी-सिरुम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं शिक्षक सुसेन कुमार महतो का निधन, क्षेत्र में शोक

**समाज जागरण,संवाददाता**

कुकड़ू: सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत बेरासी-सिरुम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं शिक्षक सुसेन कुमार महतो का गुरुवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।स्वर्गीय सुसेन कुमार महतो अपने सरल, मिलनसार एवं सेवाभावी व्यक्तित्व



के लिए जाने जाते थे। ग्राम प्रधान के रूप में उन्होंने पंचायत के विकास, सामाजिक समरसता तथा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, शिक्षक के रूप में उन्होंने वर्षों तक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया।

उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों तथा ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# माली थाना पुलिस की कार्रवाई , 2 वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष



ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में चरण गांव निवासी सुदर्शन चौधरी और बरहरा गांव निवासी उदय कुमार शामिल हैं।

दोनों पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के बाद दोनों को आवश्यक कागजी कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# पटना के मनेर में दो बच्चों की मां बहन के देवर के साथ फरार पति ने थाने में पहुंचकर लगाई गुहार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दो बच्चों की एक मां अपने दोनों मासूम बच्चों को लेकर अपनी बहन के देवर के साथ प्रेम प्रसंग के चलते फरार हो गई है। घटना के बाद से पीड़ित पति का रो-रोकर बुरा हाल है, जो न्याय की गुहार लेकर मनेर थाना पहुंचा। पीड़ित पति ने थाने में दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी अक्सर किसी न किसी बहाने से अपने मायके जाया करती थी। इसी दौरान उसका प्रेम प्रसंग उसकी बहन के देवर के साथ शुरू हो गया। महिला नौबतपुर इलाके के रहने वाले अपने प्रेमी के साथ




अपने दोनों बच्चों को भी साथ लेकर फरार हो गई। पति ने जब पत्नी से संपर्क करने का काफी प्रयास किया, तो उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। थक-हारकर पीड़ित पति ने मनेर थाने की शरण ली और पुलिस से अपनी पत्नी व बच्चों को सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई। इस संबंध में मनेर थाना पुलिस ने बताया कि पीड़ित पति के द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और महिला तथा उसके बच्चों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोनों पक्षों से पूछताछ कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

# पश्चिम बंगाल में 50 करोड़ से अधिक की नकदी और सोना बरामद, डकैतों से मिले सुराग के बाद छापेमारी

**समाज जागरण**

कोलकाता, 30 जुलाई। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 28.5 करोड़ रुपये नकद और 15 किलोग्राम सोना बरामद किया है। नकदी और सोने का कुल मूल्य लगभग 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह बरामदगी मोहम्मद बाजार क्षेत्र में मीनार मंडल के घर पर छापेमारी के दौरान हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, हाल ही में झारखंड के दुमका और पश्चिम बंगाल के मोहम्मद बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार कुछ डकैतों से पूछताछ के दौरान मीनार मंडल का नाम सामने आया। इसके बाद गठित विशेष टीम ने उसके घर पर करीब 24 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान 35 बोरियों में रखे 28.5 करोड़ रुपये नकद, दो बड़े ट्रंक और करीब 15 किलोग्राम सोना बरामद किया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मीनार मंडल पहले राज्य परिवहन निगम में बस चालक था। बाद में वह पत्थर कारोबारी तुलु मंडल के साथ जुड़ गया और उसका प्रबंधक (मैनेजर) बन गया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान मीनार मंडल ने स्वीकार किया कि बरामद धनराशि एक संगठित अपराध सिंडिकेट से जुड़ी है। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि यह धन अवैध पत्थर और बालू कारोबार से संबंधित हो सकता है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

इस बीच, प्रवर्तन निदेशालय ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है और धन के स्रोत, लेन-देन तथा कथित मनी ट्रेल की पड़ताल की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि बरामद नकदी और सोने का वास्तविक मालिक कौन है तथा इसके पीछे कोई संगठित आर्थिक अपराध या अवैध कारोबार तो नहीं है।

हालांकि, राजनीतिक संबंधों और धन के वास्तविक स्रोत को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही इन पहलुओं पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी के आरोपी गिरफ्तार ,नबीनगर पुलिस की कार्रवाई

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार आरोपी नबीनगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी बबलू रजक है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी की पहचान हुई। फुटेज के





आधार पर साक्ष्य जुटाकर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी बबलू रजक को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# पटना में बिहटा पावर ग्रिड से चोरी किया गया तांबे का तार बरामद एक आरोपित गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान सतर्कता दिखाते हुए पावर ग्रिड परिसर से चोरी किए गए कीमती तांबे के तार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का तांबे का तार भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, विष्णुपुर स्थित पावर ग्रिड परिसर से तांबे का तार चोरी होने की सूचना मिलने के बाद से ही इलाके में पुलिस गश्त काफी बढ़ा दी गई थी। इसी क्रम में चेकिंग और गश्ती दल की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। पुलिस ने शक के



आधार पर उसे रोककर पूछताछ की और जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से चोरी का तांबे का तार बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और थाने ले आई। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान विष्णुपुर निवासी अभिषेक कुमार (पिता-विजय चौधरी) के रूप में हुई है। बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने गुरुवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

बरामद किए गए तांबे के तार को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# पटना में लोकभवन की महिला अधिकारी के घर पर फायरिंग खिड़की का शीशा टूटा; एफएसएल टीम कर रही जांच

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गांधी मैदान थाना क्षेत्र के दलदली के समीप बंपर टोला स्थित 'लोकभवन' में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत महिला अधिकारी रीता सिन्हा के आवास पर बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना में फ्लैट की खिड़की का शीशा टूट गया और पर्दे में भी छेद हो गया, हालांकि गनीमत यह रही कि उस वक्त परिवार के लोग घर पर नहीं थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। रीता सिन्हा का परिवार बंपर टोला स्थित 'जितेन रेजिडेंसी' के फ्लैट नंबर 301 में रहता है। अधिकारी के



मुताबिक, बुधवार को वे लोग घर पर नहीं थे। जब वे गुरुवार को वापस लौटे, तो उन्होंने अपने बेडरूम की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया। छानबीन करने पर पता चला कि खिड़की पर किसी चीज से हमला हुआ है, जिससे पर्दा भी छेदित हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन फोरेंसिक साइंस लैबोरेटॉरी की टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि यह गोली किसी हथियार से चलाई गई थी या फिर किसी एयरगन का इस्तेमाल किया गया था। गांधी मैदान के प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में गोली चलने के स्पष्ट प्रमाण नहीं मिले हैं, क्योंकि घटनास्थल से न तो कोई पिलेट (छर्रा) बरामद हुआ है और न ही शीशे पर बारूद या धुएं के निशान पाए गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट कर ली जाएगी।

# पटना के खुसरूपुर में चोरी की बाइक के साथ दो सगे भाई गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:; वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के गणीचक टेम्पो स्टैंड से बीते 27 जुलाई को हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चोरी की पल्सर बाइक बरामद कर ली है और इस मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, गणीचक निवासी विकास कुमार की 'पल्सर प्रो' बाइक 27 जुलाई को गणीचक टेम्पो स्टैंड से चोरी हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी की गई उक्त बाइक को गणीचक इलाके में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत हरकत में आते हुए छापेमारी की और बाइक के साथ दो युवकों को धर दबोचा। पकड़े गए युवकों की पहचान बांसटाल निवासी धनराज कुमार (19 वर्ष) और बिट्टू कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो आपस में सगे भाई हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गुरुवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में न्यायालय के समक्ष भेज दिया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इनके साथ इस चोरी में कोई अन्य संलिप्त है या नहीं।

# पटना के बांकीपुर उपचुनाव में बुजुर्गों और युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान गुरुवार को सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। एक तरफ जहां युवाओं में अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर भारी उत्साह दिखा, वहीं दूसरी ओर 80 से 92 वर्ष तक के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने भी पूरी शिद्दत के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया। मतदान करने पहुंचे मतदाताओं ने कहा कि शिक्षा और रोजगार मिलने से ही बिहार का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि केवल नौकरी बांटने से नहीं, बल्कि राज्य में फैक्ट्रियां लगाकर रोजगार के अवसर पैदा करने से ही पलायन रुकेगा। इसी सोच के साथ वे सभी वोट डालने पहुंचे। लालजी टोला निवासी दोनों पैरों से विकलांग धर्मेंद्र सिंह अपने पोते और पत्नी के साथ सीडीए बिल्डिंग मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर बार वोट डालने पर एक भारतीय होने का गर्व महसूस होता है, इसलिए तबीयत खराब होने के बावजूद वे मतदान करने जरूर आए। इसी तरह, कई बूथों पर बुजुर्गों ने व्हील चेयर और परिजनों के सहारे पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।पीएंडटी कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में बने बूथों पर युवा मतदाताओं में भारी उमंग देखी गई। पहली बार वोट डालने पहुंची युवतियों ने कहा कि उनका मुख्य मुद्दा रोजगार और बेहतर शिक्षा है। उन्होंने माना कि बिहार में रोजगार की अभी भी कमी है और वे ऐसी सरकार चाहते हैं जो युवाओं के भविष्य को संवार सके। इस प्रकार चुनाव में विकास, शिक्षा और रोजगार मुख्य मुद्दे बने रहे।

# पटना के मनेर में सरकारी शिक्षक से मोबाइल छीनने का प्रयास उचक्कों से भिड़े शिक्षक; सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर में दिनदहाड़े बाइक सवार दो उचक्कों ने एक सरकारी स्कूल के शिक्षक से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। हालांकि, शिक्षक की बहादुरी और सूझबूझ से उचक्कों के मंसूबे नाकाम हो गए। शिक्षक और बदमाशों के बीच हुई हाथापाई के बाद उचक्के अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, माधोपुर पंचायत स्थित झुग्गी-झोपड़ी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद नदीम स्कूल की छुट्टी के बाद पैदल ही ग्रामीण सड़क के रास्ते बिहटा-मनेर स्टेट हाईवे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो उचक्कों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीनने की कोशिश की। हार मानने के बजाय शिक्षक ने हिम्मत दिखाई और बदमाशों से भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच तीखी हाथापाई हुई, जिसके बाद घबराए उचक्के माधोपुर से शाह अली चक महादेव स्थान की ओर जाने वाले रास्ते से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित शिक्षक मोहम्मद नदीम ने मनेर थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दुस्साहसिक घटना के बाद इलाके के शिक्षकों और आम लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही है।

# आत्मा में बसता हैं परमात्मा - डॉ साध्वी चंदना जी

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवली में एस. एस. जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु संथारा साधिका महासाध्वी श्री स्वर्ण कान्ता जी म. उत्तर भारतीय प्रवर्तनी महासाधी भी सुधा जी म. की सुशिष्या दीप्त तपस्विनी महासाध्वी श्री कमलेश जी म. की सुशिष्यायें प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी श्री श्रेष्ठा जी म.` श्रमणी गौरव, डॉ.महासांध्वी श्री चन्दना जी म. आदि ठाणे 5 विराजमान है। प्रक्कन हाल में डा. महासाध्वी श्री चन्दना जी म. ने भगवान महावीर स्वामी की अनमोल वाणी को सुनाते हुए कहा कि -भ. ने एक बहुत प्यारा सूत्र दिया आत्मा एक हैं और जिसने अपनी एक आत्मा को जान लिया उसने सब कुछ जान लिया। अकबर



ने एक बार अपने दरबार में प्रश्न रखा ,परमात्मा कहां रहता है और क्या करता है? बीरबल ने उनकी शंका का समाधान करते हुए बताया- आत्मा में ही परमात्मा का वास है, जैसे दूध में मक्खण होता हैं पर दिखाई नहीं देता ऐसे ही परमात्मा हमारे अंदर हैं पर दिखाई नहीं देता।परमात्मा कुछ नहीं करता वो तो केवल देखता और जानता है कर्म हम स्वयं करते है और उन कर्मों का फलस्वयं हमें ही भोगना पड़ता है। अध्यक्ष सन्दीप जैन ज्ञान चंद जैन साईं दास सेतिया पुर्ण चंद जैन राकेश जैन चोधरी पवन जैन लवलेश जैन कृष्ण जैन सुखदेव क्षोरड लवलीन जैन रमन जैन अशोक जैन आजाद जैन महिला मण्डल उषा जैन तनुजा जैन निलम जैन रिटा जैन सुलेखना जैन मिनु जैन मालती जैन सपना जैन कंचन जैन, कमलेश जी, रेनू गोयल, ने प्रवचन का लाभ लिया।

# कनीना में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज, एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को सौंपीं जिम्मेदारियां

**13 अगस्त को होगी अंतिम रिहर्सल, समयबद्ध व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश**

**समाज जागरण**

31 जुलाई शुक्रवार 2026 कनीना, (राहुल शर्मा)। कनीना के राजकीय महाविद्यालय पितामाह कान्हसिंह में 15 अगस्त को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस



दौरान उन्होंने सभी विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, निर्बाध पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करे, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश का गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पर्व है और इसके आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी की जाए, जिससे पूरा कार्यक्रम गरिमापूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 12 अगस्त को प्रारंभिक रिहर्सल तथा 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल आयोजित की जाएगी। रिहर्सल में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों की टीमें भाग लेंगी। अंतिम रिहर्सल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित टीमों को ही 15 अगस्त के मुख्य समारोह में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए तथा प्रत्येक विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करे, ताकि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन गरिमा, अनुशासन एवं राष्ट्रीय सम्मान के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# एसडीएम मोहित कुमार ने समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

**समाज जागरण कालांवाली, 30 जुलाई (सुरेश जोरासिया)**

एसडीएम मोहित कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल तीन शिकायतें आई। एसडीएम मोहित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी समस्या के समाधान में ढिलाई न बरती जाए और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए तथा समयबद्ध ढंग से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। जिन-जिन



विभागों की समाधान शिविर, जन संवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी से संबंधित जो भी शिकायतें है उनका जल्द से जल्द निवारण करें ताकि उचित पात्रों को हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों की जरूरी और बुनियादी सुविधाएं त्वरित उपलब्ध करवाई जाएं और समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए ताकि समस्याओं की संख्या में कमी आए।

# एसआईआर अभियान ने पकड़ी रफ्तार, प्रारूप मतदाता सूची जारी

## कनीना में एसडीएम डॉ. जितेन्द्र सिंह की प्रेस वार्ता: आज से प्रारूप मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां शुरू

**एसआईआर अभियान का उद्देश्य शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना : डॉ. जितेन्द्र सिंह**

**समाज जागरण**

कनीना, 31 जुलाई (राहुल शर्मा)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अगला महत्वपूर्ण चरण आज से प्रारम्भ हो गया है। एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (68-अटेली) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई, शुक्रवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही 31 जुलाई



से 30 अगस्त तक मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता के नाम, पते, फोटो अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो उसके संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरकर आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची में किसी मृत व्यक्ति, स्थानांतरित हो चुके नागरिक, अपात्र व्यक्ति अथवा दोहरे नाम के संबंध में आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों का निष्पक्ष, पारदर्शी तथा नियमानुसार निस्तारण 28 सितम्बर तक कर लिया जाएगा। इसके उपरांत 3 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 68-अटेली विधानसभा क्षेत्र में आठ अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये अधिकारी नोटिस जारी करने, सुनवाई करने तथा संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग करेंगे। यदि कोई नागरिक किसी निर्णय से असंतुष्ट होता है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पहले निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, उसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अंत में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (हरियाणा) के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नया नाम जोड़ना, किसी प्रकार का संशोधन कराना अथवा आपत्ति दर्ज करानी हो, तो निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का एकमात्र उद्देश्य शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का निर्बाध एवं प्रभावी ढंग से प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है तथा इसकी शुद्धता निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को पूरी गंभीरता एवं निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा आगामी चुनावों के लिए शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके।

# प्रत्येक भारतीय के लिए किफायती पोषणः जन औषधि न्यूट्रास्यूटिकल्स

भारत में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते, न्यूट्रास्यूटिकल्स को समग्र स्वास्थ्य के एक अनिवार्य अंग के रूप में मान्यता मिल चुकी है। चाहे स्कूली बच्चे हों या वरिष्ठ नागरिक, डाइटरी सप्लीमेंट, विटामिन और खनिज युक्त हर्बल उत्पाद, जड़ी-बूटियां और वनस्पति उत्पाद, प्रोबायोटिक्स आदि व्यापक रूप से स्वीकार्य हो गए हैं। फिर भी, न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट खरीदने के इच्छुक लाखों परिवारों के लिए खरीद क्षमता एक चुनौती बनी हुई है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) अपनी न्यूट्रास्यूटिकल बास्केट के माध्यम से इस कमी को दूर कर रही है। न्यूट्रिशन बार से लेकर रोग-विशिष्ट फॉर्मूलेशन तक, जन औषधि न्यूट्रास्यूटिकल्स बास्केट पूरे भारत में लोगों के लिए न्यूट्रिशन सप्लीमेंट को अधिक सुलभ बना रही है।

### विविध आवश्यकताओं के लिए पोषण

जन औषधि उत्पाद युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त लोगों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। इस श्रेणी में प्रोटीन सप्लीमेंट, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उत्पाद, पौष्टिक आहार और विशिष्ट आहार संबंधी आवश्यकताओं वाले व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पाद शामिल हैं। अनुशंसित गुणवत्ता मानकों के अनुसार, विनिर्मित और किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए गए इन उत्पादों का उद्देश्य घरेलू बजट पर अनावश्यक बोझ डाले बिना नियमित पोषण संबंधी सहायता को अधिक सुलभ बनाना है ।

### सक्रिय जीवनशैली के लिए सुविधाजनक पोषण

पोषक तत्वों से भरपूर जन औषधि प्रोटीन बार और जन औषधि इम्युनिटी बार बच्चों, कामकाजी लोगों और फिटनेस प्रेमियों के लिए पोषण का एक सुविधाजनक स्रोत हैं। चॉकलेट फ्लेवर में 35 ग्राम के पैक में उपलब्ध ये प्रोटीन बार चलते-फिरते दैनिक प्रोटीन आवश्यकता को पूरा करने का एक सरल तरीका प्रदान करते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले तत्वों से भरपूर ये स्वादिष्ट इम्युनिटी बार ऊर्जा प्रदान करते हैं और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करते हैं। ये पौष्टिक बार उन उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती विकल्प हैं जो शीघ्रता से कुछ खाना चाहते हैं लेकिन जंक फूड से परहेज करते हैं। अधिक प्रभावी प्रोटीन सप्लीमेंट के लिए, 100 प्रतिशत मट्ठा प्रोटीन पाउडर और जन औषधि प्रोटीन पाउडर दैनिक प्रोटीन सेवन और मांसपेशियों की रिकवरी में सहायक होते हैं, जो फिटनेसशीघ्रता प्रेमियों के लिए उपयुक्त हैं। प्रोटीन पाउडर वनीला और केसर पिस्ता फ्लेवर में उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलते हैं।

### महिलाओं की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति

जीवन के विभिन्न चरणों में महिलाओं की पोषण संबंधी आवश यकताएं अलग-अलग होती हैं। जन औषधि वुमन प्रोटीन बूस्ट दैनिक प्रोटीन सेवन, ऊर्जा स्तर और स्वस्थ हड्डियों व मांसपेशियों के लिए उपयुक्त है। चॉकलेट और वनीला फ्लेवर में उपलब्ध, 250 ग्राम के पैक की कीमत 204.66 रुपए है। किफायती दरों पर विशेष पोषण प्रदान करके, यह उत्पाद अधिक से अधिक महिलाओं के लिए न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने में सहायता करता है।

### विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए तैयार किया गया न्यूट्रिशन

मधुमेह, किडनी की समस्याओं आदि जैसी विशिष्ट स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए, आहार संबंधी आवश्यकताएं अधिक जटिल हो सकती हैं। जनऔषधि का डायबिटीज केयर प्रोटीन पाउडर मधुमेह से पीड़ित लोगों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता है। किडनी संबंधी समस्याओं से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए, रीनल केयर प्रोटीन पाउडर कम प्रोटीन और उच्च प्रोटीन दोनों रूपों में उपलब्ध है, जिससे चिकित्सक की सलाह और व्यक्तिगत आहार संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार सही आहार का चुनाव किया जा सकता है।

जन औषधि पोषणः परिवारों के लिए दैनिक पोषण

परिवार के सभी सदस्यों के लिए किफायती दैनिक पोषण संबंधी सहायता के लिए, जन औषधि पोषण श्रृंखला माल्ट-आधारित पौष्टिक भोजन प्रदान करती है जो आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरपूर है।

यह रेंज रेगुलर माल्ट और कोको वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसमें शामिल हैं:

माल्ट आधारित खाद्य पदार्थ, 500 ग्रामः 160.17 रुपए

कोको युक्त माल्ट आधारित खाद्य पदार्थ, 500 ग्रामः 164.62 रुपए

कोको सेशे के साथ माल्ट आधारित खाद्य पदार्थ, 30 ग्रामः 8.90 रुपए

विभिन्न आकार के पैक उपलब्ध होने से अलग-अलग आवश यकताओं और बजट के हिसाब से सुविधा मिलती है। सरलता से तैयार होने वाला और नियमित सेवन के लिए उपयुक्त, पोषण रेंज परिवारों को रोजमर्रा के उपयोग के लिए एक सुलभ न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट्स प्रदान करता है।

### गुणवत्तापूर्ण पोषण को अधिक सुलभ बनाना

ये उत्पाद स्वास्थ्य प्रबंधन के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में पोषण के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हैं। हालांकि विशेष पोषण उत्पादों का उपयोग पेशेवर चिकित्सा और आहार संबंधी मार्गदर्शन के अनुसार किया जाना चाहिए, लेकिन किफायती उपलब्धता परिवारों के लिए उचित पोषण संबंधी सहायता को अधिक सुलभ बनाने में मदद कर सकती है। समग्र स्वास्थ्य के लिए, गुणवत्तापूर्ण पोषण को शामिल करने वाले जीवनशैली विकल्पों पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। परिवार भोजन और पोषण पूरकों के मामले में स्वस्थ विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जन औषधि केंद्र नेटवर्क के माध्यम से महंगे ब्रांडेड पोषण पूरकों के किफायती विकल्प प्रदान करके, पीएमबीजेपी यह सुनिश्चित कर रहा है

# सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने सी-डॉट उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु (आईआईएससी बेंगलुरु) और फाउंडेशन फॉर साइंस इनोवेशन एंड डेवलपमेंट (एफएसआईडी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए

स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई)

सीओई उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों में उच्च-प्रभाव वाले अनुसंधान एवं विकास के लिए एक समर्पित केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जिससे दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए संयुक्त शैक्षणिक-उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा

केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय में दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डीओटी) ने राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थान फाउंडेशन फॉर साइंस इनोवेशन एंड डेवलपमेंट (एफएस आईडी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से देश के स्वदेशी दूरसंचार नवाचार परितंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।




समझौते के तहत, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डीओटी) ने उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी अनुसंधान, नवाचार, क्षमता निर्माण और व्यावसायीकरण को गति देने के उद्देश्य से एफएसआईडी और आईआईएससी बेंगलुरु में एक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित किया है। यह सीओई शिक्षा जगत और उद्योग के लिए एक सहयोगात्मक मंच के रूप में कार्य करेगा, जो भारत के डिजिटल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्रों में उच्च-प्रभाव वाले अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और प्रतिभा सृजन को बढ़ावा देगा। नवस्थापित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) वायरलेस संचार, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा और एआई-संचालित संचार प्रणालियों में अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके साथ ही यह 5जी एडवांस्ड/6जी प्रौद्योगिकियों, वेरी लार्ज-स्केल एमआईएमओ सिस्टम, एकीकृत सेंसिंग और संचार, एआई-आधारित संचार नेटवर्क और उपकरणों, और क्वांटम और पोस्ट-क्वांटम संचार प्रौद्योगिकियों सहित उभरते क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान

करेगा। आईआईएससी, बेंगलुरू की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त अकादमिक उत्कृष्टता को सी-डॉट की स्वदेशी दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास में व्यापक विशेषज्ञता के साथ मिलाकर केंद्र का उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार संचार प्रौद्योगिकियों के विकास में तेजी लाना, बौद्धिक संपदा का सृजन करना, डीप-टेक स्टार्टअप्स को मदद देना और सहयोगात्मक

अनुसंधान, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अकादमिक-उद्योग सहभागिता के माध्यम से निरंतर ज्ञान आदान-प्रदान को सुगम बनाना है।

इस पहल के साथ, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डीओटी) ने आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी कानपुर, आईआईटी गांधीनगर और आईआईटी रुड़की के साथ इसी तरह के सहयोग के बाद अब तक पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित कर लिए हैं। उत्कृष्टता केंद्रों का बढ़ता नेटवर्क एक जीवंत राष्ट्रीय नवाचार परितंत्र के निर्माण के लिए सी-डीओटी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो सहयोग के माध्यम से अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देता है, स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करता है और अगली पीढ़ी के दूरसंचार में वैश्विक दिग्गज के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करता है। यह समझौता सी-डॉट के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय और एफएसआईडी के सीईओ श्री ओमप्रकाश सुब्बाराओ, आईआईएससी के संकाय सदस्यों और सी-डॉट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। हस्ताक्षर समारोह के बाद, सहयोगात्मक, उच्च-प्रभावशाली अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से संचार प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर, सी-डॉट के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने आईआईएससी समुदाय को "विकसित भारत के लिए सुरक्षित स्वदेशी संचार प्रौद्योगिकियों के निर्माण में सी-डॉट की भूमिका" विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में भारत के तीव्र डिजिटल और दूरसंचार परिवर्तन, विश्वसनीय स्वदेशी संचार प्रौद्योगिकियों के विकास के रणनीतिक महत्व और अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क, साइबर सुरक्षा, एआई-सक्षम संचार प्रणालियों और क्वांटम-सुरक्षित संचार में सी-डॉट के अग्रणी योगदान पर प्रकाश डाला गया। सत्र में 6जी प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी क्षमता और वैश्विक दूरसंचार के भविष्य को आकार देने में भारत के बढ़ते नेतृत्व पर भी चर्चा की गई। इस सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए, सी-डॉट के सीईओ डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने कहा, "आईआईएससी बेंगलुरु में सी-डॉट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना भारत के भावी दूरसंचार नवाचार परितंत्र में एक रणनीतिक निवेश का प्रतिनिधित्व करती है। आईआईएससी की विश्व

स्तरीय अनुसंधान क्षमताओं को स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकियों में सी-डॉट की विशेषज्ञता के साथ मिलाकर, हम एक ऐसा मंच तैयार कर रहे हैं जो 5जी एडवांस्ड, 6जी, एआई, क्वांटम संचार और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में अभूतपूर्व अनुसंधान को गति देगा। यह सहयोग न केवल महत्वपूर्ण संचार प्रौद्योगिकियों में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा, बल्कि

नवप्रवर्तकों, शोधकताओं, बौद्धिक संपदा और डीप-टेक उद्यमों की अगली पीढ़ी का पोषण भी करेगा, जो विकसित भारत के विजन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।" इस साझेदारी के महत्व पर बोलते हुए आईआईएससी बेंगलुरु

के इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर नीलेश बी. मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि सी-डॉट के साथ साझेदारी से आईआईएससी के संकाय सदस्यों और अत्याधुनिक अनुसंधान पर काम कर रहे छात्रों तथा सी-डॉट के क्षेत्र विशेषज्ञों और इंजीनियरों के बीच दीर्घकालिक और प्रभावशाली सहयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उन्नत संचार प्रौद्योगिकियों में नवाचार को गति मिलेगी। इस सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एफएसआईडी के सीईओ श्री ओमप्रकाश सुब्बाराओ ने कहा, "सी-डीओटी के साथ इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त करके हम बेहद प्रसन्न हैं

और आईआईएससी के असाधारण शोधकताओं और नवप्रवर्तकों के साथ सार्थक परियोजनाओं और सहयोग की शुरूआत करने के लिए तत्पर हैं। एफएसआईडी हमेशा से शिक्षा जगत और उद्योग को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, क्योंकि हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत के वैज्ञानिक परितंत्र और तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करने के लिए सहयोगात्मक नवाचार आवश्यक है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी राष्ट्र के लिए सार्थक परिणाम प्रदान करेगी।"

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

सरकारी कामकाज, डिजिटल संचार और जनसंपर्क गतिविधियों में हिंदी के व्यापक प्रयोग पर जोर मंत्रालय में हिंदी में कार्य करने हेतु एआई आधारित हिंदी टूल्स एवं अन्य प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल

दिनांक 27 जुलाई, 2026 को सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन की अध्यक्षता में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मंत्रालय तथा इसकी संबद्ध मीडिया इकाइयों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा करना तथा उसे और अधिक बढ़ावा देना था। बैठक में सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी पत्राचार, प्रशासन, डिजिटल संचार, प्रकाशनों तथा जनसंपर्क संबंधी गतिविधियों में हिंदी के व्यापक प्रयोग पर विशेष बल दिया गया। समिति के सदस्यों ने मंत्रालय के विभिन्न मीडिया यूनिटों, जिनमें प्रसार भारती, दूरदर्शन, आकाशवाणी, पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो तथा अन्य अधीनस्थ मीडिया यूनिट शामिल हैं, में हिंदी के प्रयोग को और सुदृढ़ करने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और बढ़ाने के लिए नवाचारपूर्ण उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण सचिव श्री चंचल कुमार ने अपने स्वागत भाषण में मंत्रालय में सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार श्री रबिंद्र कुमार जेना ने किया, जबकि बैठक का संचालन अपर सचिव श्री प्रभात ने किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय जनसंचार के विविध माध्यमों के जरिए देश के विकास, विचार, साहित्य और संस्कृति से संबंधित सूचनाएं जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। ऐसे में मंत्रालय की गतिविधियों में हिंदी के प्रभावी प्रयोग का विशेष महत्व है। उन्होंने मंत्रालय में हिंदी में कार्य करने के लिए एआई आधारित हिंदी टूल्स तथा अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकियों

के अधिकाधिक उपयोग पर भी जोर दिया। बैठक में माननीय संसद सदस्य श्री उज्ज्वल रमण सिंह, श्री हरि भाई पटेल, सुश्री लता वानखेड़े तथा श्री वी. विजयेंद्र सहित समिति के सदस्य श्री शुभेंदु शेखर अवस्थी, श्री अश्विनभाई खुशालदास बैंकर, श्रीमती जी. एस. सरोजा, श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, श्रीमती सरोज शर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती जी. जयंथी शर्मा, श्री अशोक बजाज तथा मंत्रालय और इसकी अधीनस्थ मीडिया यूनिटों के अधिकारियों ने भाग लिया।